



# दैनिक साँध्य प्रकाश

वर्ष 52/ अंक 182/ पृष्ठ 8 / मूल्य ₹ 2.10
संस्थापक- स्व. सुरेंद्र पटेल
■आर.एन.आई 22296/71 ■डाक पंजीयन मप्र/भोपाल/125/12-14
भोपाल, बुधवार 8 फरवरी 2023 भोपाल से प्रकाशित
dainiksandhyaprakash.in

### अब फोनपे से विदेशों में भी कर सकेंगे पेमेंट, ऐसी सर्विस देने वाला भारत में पहला ऐप




फिनटेक मेजर फोनपे UPI के जरिए इंटरनेशनल पेमेंट की सुविधा शुरू करने जा रहा है। इसके जरिए भारत के फोनपे यूजर्स विदेश यात्रा के दौरान PI का उपयोग करके इंटरनेशनल मर्चेंट को पेमेंट कर सकेंगे। फिलहाल इस फीचर में जिन देशों को शामिल किया जाएगा उनमें UAE, सिंगापुर, मॉरीशस, नेपाल और भूटान शामिल हैं। इस सुविधा का के लिए, फोनपे ऐप में PI इंटरनेशनल को

**सांध्यप्रकाश विशेष**

## सरकार ने तंदूरी रोटियों पर लगा बैन, होटल ढाबा और रेस्टारेंट संचालकों पर 5 लाख तक का जुर्माना

तंदूरी रोटियों पर लगा बैन रेस्टोरेंट मालिकों पर 5 लाख तक का जुर्माना, सरकार ने जारी किये आदेश, एमपी में जबलपुर में स्वाद के दीवानों के लिए तंदूर की रोटी ख़ाना ज़माने की बात ना हो जाये। वहीं जिला प्रशासन के आदेश के बाद से स्वाद के शौकीनों के लिए तंदूर की रोटी का स्वाद अब जल्द ही गुजरे जमाने की बात होने वाली है साथ ही होटल, ढाबा और रेस्टारेंट संचालकों के होश उड़ गए हैं।



प्रदूषण के बढ़ते हुए प्रकोप को रोकने के लिए प्रशासन ने होटल और रेस्टोरेंट चालकों पर तंदूर बनाने पर रोक लगा दी है। वहीं इसके लिए खाद्य सुरक्षा विभाग ने 50 होटल के मालिकों पर को नोटिस जारी किया है। साथ ही यह भी कहा है कि लकड़ी और कोयला से बनने वाले तंदूरों पर तुरंत रोक लगा दें। इसके लिए आप इलेक्ट्रिक या एलपीजी का उपयोग करें। इन नियमों का पालन ना करने पर होटल और रेस्टोरेंट मालिकों पर 5 लाख तक का जुर्माना लग सकता है।

**खाद्य सुरक्षा विभाग ने 50 होटलों पर किया नोटिस जारी-** तंदूर से निकलने वाले रोटियों पर भला किसके मुँह में पानी नहीं आयेगा। वहीं जबलपुर प्रशासन ने सख़्ती का रुख़ अपनाते हुए होटल और रेस्टोरेंट में तंदूर को बनाने से रोकने पर घोषणा की है। इसके तहत खाद्य सुरक्षा विभाग ने 50 होटलों पर नोटिस जारी कर तंदूर का कम से कम उपयोग करने के दिशा निर्देश दिये हैं। वहीं इसके बदले एलपीजी या इलेक्ट्रिसी का उपयोग करने को कहा है।

प्रशासन का कहना है कि तंदूर में उपयोग लाया जाने वाला कोयला और लकड़ी प्रदूषण का कारण बनते हैं। वहीं तंदूर की रोटियों में कॉर्बन डाई ऑक्साइड की मात्रा ज़्यादा होती है। जो की स्वास्थ्य के लिए हानिकारक है। वहीं तंदूर के बजाय होटल मालिकों को एलपीजी और इलक्ट्रिसिटी आधारित गैस का उपयोग करने का आदेश दिया है।

**रेस्टोरेंट मालिकों का आदेश का उलंघन-** ऽइधर प्रशासन के इस आदेश को लोग सही नहीं मन रहे। उनका कहना है कि इलेक्ट्रिक और एलपीजी पर रोटियों का पहले जैसा स्वाद नहीं रहेगा। इसके अलावा एलपीजी और इलेक्ट्रिक आधारित चूल्हों का इस्तेमाल करने पर उन्हें आर्थिक रूप से हनी हो सकती है।

## क्या खुन्नस है इन दो अफसरों के बीच जो एसयूवी को सीआर का मुद्दा बनाया

भोपाल के प्रशासनिक गलियारों में इन दिनों एक आईएएस अधिकारी की गोपनीय चरित्रावली सुर्खियों में है। श्रम विभाग के तत्कालीन उप सचिव वीरेंद्र सिंह की सीआर राजस्व मंडल के अध्यक्ष अश्विनी कुमार राय ने लिखी है। 2021-22 की सीआर में उन्होंने वीरेंद्र सिंह को 2.46 की ग्रेडिंग दी। इस ग्रेडिंग की वीरेंद्र सिंह के काम में खराबी नहीं है। लेकिन इसी बीच पता चला है कि एसयूवी गाड़ी कहां से आ गई जिसने वीरेंद्र सिंह की सीआर बिगाड़ने का काम किया। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार अश्विनी ने सीआर में एसयूवी का हवाला देते हुए लिखा कि उनके अधीनस्थ अधिकारी तत्कालीन सचिव वीरेंद्र सिंह पर्सनल एसयूवी कार से ऑफिस आते हैं।



जबकि, अश्विनी राय ने जब 2020-21 की सीआर लिखी, तब वीरेंद्र की ग्रेडिंग 10 में से 10 दी थी। यह भी लिखा था कि वीरेंद्र बहुत इंटेलिजेंट अफसर हैं, हर टास्क अच्छे से पूरा करते हैं। लेकिन, एक साल में ही अश्विनी का नजरिया बदल गया और वीरेन्द्र सिंह की सीआर बिगड़ गई।

प्राप्त जानकारी के अनुसार वीरेंद्र सिंह की सीआर में लिखा है कि उनकी एसयूवी पर बड़े अक्षरों में 'सचिव' लिखा और हूटर भी लगा है। इन्हें पद की लालसा है, इसलिए इन्हें 10 में से 2.46 ग्रेडिंग दी जाती है।

सामान्य प्रशासन विभाग अब इस सीआर का हल ढूंढता दिखाई दे रहा है। सामान्य प्रशासन विभाग के एक वरिष्ठ अधिकारी की मानें तो यह मामला शिकायत का नहीं, सीआर का है, जो वरिष्ठ सचिवों की समिति के पास भेजा जाएगा।

**मैंने फाइलें रोकी तो मेरी सीआर बिगाड़ी-** सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार अपनी सीआर का वीरेंद्र ने भी 20 प्वाइंट में सामान्य प्रशासन विभाग को जवाब भेजा है। उन्होंने लिखा कि मेरे पास कोई एसयूवी नहीं है। सरकारी खटारा कार से ऑफिस आता हूं। सीआर में काम का जिक्र न करके वाहनों का जिक्र किया है। अश्विनी कुमार काम नहीं करना चाहते। किसानों के राजस्व मामलों की उन्होंने कई फाइलें दबा रखी हैं। हाई कोर्ट में इनके खिलाफ ढेरों अवमानना और जुर्माने के मामले हैं। मैंने इन सबका विरोध किया तो मेरी सीआर बिगाड़ दी।

**डीजल का भुगतान सरकारी खाते से करवाते हैं-** बताते हैं कि उप सचिव, श्रम विभाग वीरेंद्र सिंह ने यह भी लिखा है कि 27 साल की नौकरी में ऐसी सीआर नहीं देखी। राजस्व मंडल अध्यक्ष के आवास में 34 बैटरियों वाला इन्वर्टर, सारा फर्नीचर, एयर कंडीशनर, बिजली का बिल भी शासकीय खर्च से भुगतान करवाया जाता है। इन्हें एक वाहन और 60 लीटर की पात्रता है, लेकिन ये दो वाहनों में 120 लीटर डीजल का भुगतान सरकारी खाते से करवाते हैं।

## मोरों का वंश कैसे बढ़ता है, यदि वे संसर्ग नहीं करते

मशहूर कथावाचक और मोटिवेशनल स्पीकर जया किशोरी एक बयान को लेकर विवादों में आ गई। कुछ समय पहले अपनी एक कथा के दौरान कथावाचक जया किशोरी कहा था कि मोर-मोरनी संभोग नहीं करते, बल्कि आंसुओं से बच्चे पैदा करते हैं। जया किशोरी की बात को लेकर वाइल्डलाइफ एक्सपर्ट और वन्य प्राणियों पर रिसर्च करने वाले भोपाल वन विहार नेशनल पार्क के पूर्व निदेशक सुदेश वाघमारे ने बताया कि मोर बरसात के मौसम में मोरनी के साथ संसर्ग करता है। वह एक सीजन में 5 से 6 मोरनियों के साथ संसर्ग करता है। बाद में मोरनी अंडे देती है, जिससे मोर का वंश आगे बढ़ता है।



जया किशोरी ने एक सभा में कहा था कि मोर और मोरनी कभी भी शारीरिक संसर्ग नहीं करते ! इसी सभा में उन्होंने आगे कहा कि मोरनी मोर के आंसुओं को पीकर गर्भ धारण करती है। यही वजह है कि भगवान श्रीकृष्ण मोर पंख लगाते हैं। विज्ञान की नजर से देखें तो उनके इस दावे में बिलकुल भी सच?चाई नहीं है। क्योंकि, मोर-मोरनी भी शारीरिक संबंध बनाते हैं। उसके बाद ही मोरनी गर्भ धारण करती है।

पक्षी विज्ञानियों ने मोर और मोरनी को कई बार प्रेम की मुद्रा में देखा है। यह मिथक पूरी तरह से मान्यताओं पर आधारित है। बारिश के मौसम में मोर पंख फैलाकर मोरनी को आकर्षित करने का प्रयास करता है। संसर्ग के बाद मोरनी के अंडों से मोर के बच्चों का जन्म होता है। ऐसे में मोर के जीवन भर ब्रह्मचारी रहने का तो सवाल ही पैदा नहीं होता।

जबकि, जया किशोरी की कथाओं से लेकर मोटिवेशनल स्पीच सुनने और उसे फॉलो करने वालों की तादाद लाखों में है। कथा के प्रसंग हो या फिर उनकी प्रेरणा देने वाली बातें, लोग बड़ी दिलचस्पी के साथ उनकी बातें सुनते हैं। जया सेलिब्रिटी और यूथ आइकॉन हैं। इनकी हर बातों पर खूब चर्चा भी होती है। हाल ही में एक बार फिर उनके एक दावे को लेकर चर्चा तेज है।

**पहले एक जज ने भी यही कहा -** राजस्थान हाई कोर्ट के जस्टिस महेश चंद्र शर्मा ने के मोरों को लेकर 2 जून 2017 में दिए बयान को पक्षी वैज्ञानिकों ने गलत बताया था। जस्टिस शर्मा ने कहा था कि मोर आजीवन ब्रह्मचारी होता है। उसके आंसू को चुगकर मोरनी गर्भवती होती है। इस बात को तब पशु चिकित्सा महाविद्यालय महू के प्रो डॉ संदीप नानावटी ने पूरी तरह भ्रामक और गलत बताया था।

प्रो नानावटी ने कहा था कि यह अवैज्ञानिक और असत्य है। बगैर संसर्ग के मोरनी बच्चों को जन्म नहीं दे सकती। वास्तविकता यह है कि मोर शर्मिला पक्षी है, इसलिए वह एकांत मिलने पर ही सहवास करता है। यही वजह है कि लोगों में यह भ्रांति है कि मोर के आंसू चुगकर मोरनी गर्भवती होती है।

जस्टिस शर्मा ने राजस्थान के हिंगोनिया गौशाला को लेकर दायर एक याचिका पर सुनवाई के बाद गाय को राष्ट्रीय पशु घोषित करने की सिफारिश की थी। उनके कार्यकाल का अंतिम दिवस था। इसी संदर्भ में उन्होंने मोर का उदाहरण दिया था।

## रिजर्व बैंक ने लगातार छठी बार बढ़ाई ब्याज दरें



**सभी प्रकार के लोन महंगे हुए**

**मुम्बई।** आरबीआई गवर्नर शक्तिकांत दास ने ऐलान किया कि आरबीआई ने रेपो रेट में 0.25 प्रतिशत की बढ़ोतरी कर दी है। रेपो रेट में लगातार छठी बार केंद्रीय बैंक ने इजाफा किया है। रेपो रेट को 6.25 प्रतिशत से बढ़ाकर 6.50 प्रतिशत कर दिया है। इससे पहले तीन दिनों तक आरबीआई की एमपीसी की अहम बैठक चली। इसके बाद बैठक की जानकारी और इस दौरान लिए गए फैसलों के लिए शक्तिकांत दास मीडिया से रूबरू होते हुए ये बातें कही।

महंगाई से चिंतित भारतीय रिजर्व बैंक ने रेपो रेट में 0.25 प्रतिशत का इजाफा किया है। इससे रेपो रेट 6.25 प्रतिशत से बढ़कर 6.50 प्रतिशत हो गया है। यानी होम लोन से लेकर ऑटो और पर्सनल लोन सब कुछ महंगा हो जाएगा और आपको ज्यादा ईएमआई चुकानी होगी। मंत्री निर्मला सीतारमण के 1 फरवरी को बजट पेश करने के बाद आरबीआई की यह पहली बैठक है।

### वैश्विक आर्थिक परिदृश्य अब पहले की तरह गंभीर नहीं

आरबीआई गवर्नर ने कहा कि वैश्विक आर्थिक परिदृश्य अब उतना गंभीर नहीं दिख रहा है जितना कुछ महीने पहले था, प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं में विकास की संभावनाओं में सुधार हुआ है, जबकि मुद्रास्फीति में गिरावट आई है। हालांकि मुद्रास्फीति अभी भी प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं में लक्ष्य से ऊपर बनी हुई है। आरबीआई गवर्नर ने कहा है कि वित्तीय वर्ष की चौथी तिमाही में महंगाई दर 5.6 प्रतिशत रह सकती है। आरबीआई गवर्नर ने एफवाय 24 की पहली तिमाही में सीपीआई यानि उपभोक्ता मूल्य सूचकांक के 5 प्रतिशत रहने का अनुमान जताया है।

### 10 लाख रुपये के 10 साल के होम लोन पर देना होगा 1.60 लाख अतिरिक्त ब्याज

मान लिजिए किसी व्यक्ति ने अप्रैल महीने से पहले किसी बैंक से 10 लाख रुपये का लोन 10 वर्षों के लिए 7.2 प्रतिशत की ब्याज दर पर लिया था। ईएमआई कैलकुलेटर की गणना के अनुसार उसे प्रति माह 11714 रुपये का ईएमआई चुकाना पड़ता था।

### महंगाई पर क्या बोले रिजर्व बैंक के गवर्नर

महंगाई पर बोलते हुए आरबीआई गवर्नर ने कहा कि एफवाय 23 में महंगाई दर 6.7 फीसदी से घटकर 6.5 फीसदी रह सकती है। एफवाय 24 में रियल जीडीपी ग्रोथ 6.4 फीसदी हो सकती है। एफवाय24 की पहली तिमाही में जीडीपी ग्रोथ 7.1 प्रतिशत से रहकर 7.8 प्रतिशत रहने का अनुमान है। आरबीआई गवर्नर की ओर से दी गई जानकारी के अनुसार केंद्रीय बैंक के मौद्रिक पॉलिसी समिति के छह में से चार सदस्य रेपो रेट बढ़ाने के पक्ष में रहे।



## प्लास्टिक की खराब बोतलों से बनाई गई जैकेट पहनकर संसद पहुंचे पीएम मोदी



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव देने के लिए संसद पहुंचे। इस दौरान पीएम मोदी के पहनावे को लेकर खूब चर्चा हो रही है। दरअसल, प्रधानमंत्री ने इस दौरान जो जैकेट पहनी वो प्लास्टिक की खराब बोतलों को रिसाइकिल करके बनाई गई है। इसे सोमवार को बेंगलुरु में इंडिया एनर्जी वीक में इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन ने पीएम मोदी को भेंट की थी। कंपनी ने इसी तरह से प्लास्टिक की खराब बोतलों से ड्रेस बनाने की योजना बनाई है। इसे अनबाटल्ड इनिशिएटिव नाम दिया गया है।

दरअसल, इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन ने हर साल 10 करोड़ पीईटी बोतलों का रिसाइकिल करने की योजना बनाई है। रिसाइकिल होने वाली इन बोतलों से कपड़े बनाए जाएंगे। ट्रायल के तौर पर इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन के विशेषज्ञों ने जैकेट तैयार की थी। जिसे पीएम मोदी को भेंट किया गया है।

इंडियन ऑयल के अनुसार, एक यूनिफॉर्म को बनाने में कुल 28 बोतल को रिसाइकिल किया जाता है। कंपनी की योजना हर साल 10 करोड़ पीईटी बोतलों का रिसाइकिल करने की है। इससे पर्यावरण के संरक्षण में मदद मिलेगी और पानी की भी भारी बचत होगी। कॉटन को कलर करने में भारी मात्रा में पानी का इस्तेमाल किया जाता है जबकि पॉलीस्टर की डोप डाइंग की जाती है। इसमें पानी की एक बूंद का भी इस्तेमाल नहीं होता है। आईओसी की योजना पीईटी बोतलों का इस्तेमाल करके सशस्त्र बलों के लिए नॉन-कॉम्बैट यूनिफॉर्म बनाने की भी है।



## सागर में संत रविदास महाकुभ शुरू

### मुख्यमंत्री ने की संतों पर पुष्पवर्षा, शाहगढ़-बंडा समूह जल प्रदाय योजना का भूमि पूजन

**सागर।** मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने आज सागर में कजलीवन में आयोजित संत रविदास महाकुंभ का शुभारंभ किया। मुख्यमंत्री ने महाकुंभ में पधारे साधु संतों पर पुष्पवर्षा की। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने मध्यप्रदेश जल निगम की 291 करोड़ 25 लाख रुपए की शाहगढ़-बंडा समूह जल प्रदाय योजना का भूमि पूजन किया। महाकुंभ में प्रदेश भाजपा अध्यक्ष वीडी शर्मा, मंत्री गोपाल भार्गव, गोविंद सिंह राजपूत, तुलसीराम सिलावट, प्रभुराम चौधरी, भूपेंद्र सिंह, अरविंद भदौरिया, विधायक शैलेंद्र जैन प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

संत रविदास के जीवन दर्शन, विचार, शिक्षा और उनके संदेश पर प्रदर्शनी कार्यक्रमस्थल पर लगाई गई थी। कजलीवन मैदान में संत रविदास महाकुंभ स्थल पर भी एक जिला एक उत्पाद प्रदर्शनी लगाई गई है। इसमें सागर के खुरई में बनने वाले कृषि यंत्रों का प्रदर्शन किया गया। स्वयं सहायता समूह द्वारा निर्मित किए जाने वाले उपयोगी उत्पाद व सामग्री के स्टॉल भी लगाए गए। सीएम ने प्रदर्शनियों को देखा और उनकी तारीफ की।

## राष्ट्रपति के अभिभाषण पर चर्चा के दौरान सांसदों के बीच तीखी नोकझोंक

### राज्यसभा में खड़गे बोले-आज हर तरफ नफरत

**नई दिल्ली।** बजट सत्र के शुरुआती कुछ दिनों तक संसद नहीं चली, लेकिन दो दिनों से विपक्ष दोनों सदनों में सरकार को घेर रहा है। बजट सत्र का 8वां दिन है। राज्यसभा में बुधवार को राष्ट्रपति के



अभिभाषण पर चर्चा के दौरान कांग्रेस और भाजपा सांसदों के बीच तीखी नोकझोंक हुई। राहुल गांधी के बाद कांग्रेस नेता मल्लिकार्जुन खड़गे ने पीएम नरेंद्र मोदी से कई सवाल पूछे और आरोप लगाए।

उन्होंने कहा, आज नफरत हर जगह फैल रही है। हमारे ही प्रतिनिधि उसको बढ़ावा दे रहे हैं। मैं प्रधानमंत्री जी से पूछता हूं कि आप चुप क्यों बैठे हो। आप सबको डराते हो, नफरत फैलाने वालों को क्यों नहीं डराते हो। एक नजर पड़ी आपकी तो वो समझ जाएगा कि टिकट नहीं मिलेगा, चुप हो जाएगा। आप मौनी बाबा बनकर बैठे हैं इसलिए ये हालात बने हैं।

खड़गे ने कहा, कहीं क्रिश्चियन का धार्मिक स्थल, उस पर निगाहें हैं। शेड्यूल कास्ट मंदिर गया तो उसे मारते हैं, सुनवाई नहीं होती। शेड्यूल कास्ट को हिंदू मानते हैं ना तो उसे मंदिर में क्यों नहीं जाने देते। उसके घर जाकर खाना खाकर मंत्री फोटो शेयर करते हैं। जब धर्म एक है तो उसे मंदिर में क्यों नहीं जाने देते हो। एक तरफ वो हमारे साथ भी नफरत करते हैं। धर्म-जाति-भाषा के नाम पर नफरत कर रहे हैं। नफरत छोड़ो और भारत को जोड़ो। राष्ट्रपति राधाकृष्णन ने कहा था कि हिंदू हो या मुसलमान, राजा हो या किसान...सबका सम्मान करना चाहिए।

### महुआ मोइत्रा बोलीं- मैं सेब को सेब कहूंगी, संतरा नहीं



टीएमसी सांसद महुआ मोइत्रा ने लोकसभा में मंगलवार को भाजपा सांसदों के लिए अपशब्दों का इस्तेमाल किया था, जिसको लेकर भाजपा सांसदों ने कड़ी आपत्ति जताई थी और उनसे माफी की मांग की थी, लेकिन मोइत्रा अभी भी अपने बयान पर कायम हैं। टीएमसी सांसद ने बुधवार को कहा- मैंने जो भी कहा सदन में ऑन रिकॉर्ड नहीं कहा है, हमें भाजपा पार्टी अब सिखाएगी की संसदीय शिष्टाचार क्या है और क्या नहीं। मैं सेब को सेब कहूंगी, संतरा नहीं। अगर वे मुझे विशेषाधिकार समिति के पास ले जाएंगे, तो मैं अपना पक्ष रखूंगी।

## तुर्किये-सीरिया त्रासदी में अब तक 8,364 मौतें

**इस्तंबूल।** तुर्किये और सीरिया में भूकंप से हालात बदतर होते जा रहे हैं। अब तक कुल 8,364 लोगों की मौत हो चुकी है। घायलों की संख्या 25 हजार के करीब पहुंच गई है। दोनों देशों की मदद के लिए 70 से भी ज्यादा देश आगे आए हैं।

भूकंप का एपिसेंटर तुर्किये था। इसे देखते हुए एक्सपर्ट्स का कहना है कि यहां टैक्टोनिक प्लेट्स 10 फीट (3 मीटर) तक खिसक गईं। दरअसल, तुर्किये 3 टैक्टोनिक प्लेट्स के बीच बसा हुआ है। ये प्लेट्स हैं- एनाटोलियन टैक्टोनिक प्लेट, यूरोशियन और अरबियन प्लेट।

एक्सपर्ट्स के मुताबिक, एनाटोलियन टैक्टोनिक प्लेट और अरबियन प्लेट एक दूसरे से 225 किलोमीटर दूर खिसक गई हैं। इसके चलते तुर्किये अपनी भौगोलिक जगह से 10 फीट खिसक गया है। इटली के सीस्मोलॉजिस्ट डॉक्टर कार्लो डोग्लियोनी ने बताया कि टैक्टोनिक प्लेट्स में हुए इस बदलाव के चलते हो सकता है कि तुर्किये,



सीरिया की तुलना में 5 से 6 मीटर (लगभग 20 फीट) और अंदर धस गया हो। उन्होंने कहा- हालांकि ये जानकारी शुरुआती डेटा से मिली है। आने वाले दिनों में सैटेलाइट इमेज से सटीक जानकारी मिल सकेगी।

### केजरीवाल सरकार पर भाजपा की जासूसी का आरोप

**नई दिल्ली।** सीबीआई की जांच में केजरीवाल सरकार पर भाजपा के नेताओं की जासूसी के आरोप लगे हैं। टाइम्स ऑफ इंडिया की रिपोर्ट के मुताबिक, 2015 में आम आदमी सरकार ने नेताओं और अफसरों की जासूसी कराई थी। इसके लिए एक फीडबैक यूनिट बनाई गई थी। सीबीआई ने जांच में आरोपों को सही पाया है।

## इस वक्त पूरी कांग्रेस होल्ड पर है: शिवराज

### कमलनाथ बोले- दिल्ली तक शिकायतें हुई इसलिए जिलाध्यक्षों को होल्ड किया

**भोपाल।** खंडवा-खरगोन जिला कांग्रेस अध्यक्षों को होल्ड करने के कांग्रेस के फैसले पर मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने तंज कसा है। उन्होंने कहा, राहुल गांधी और कमलनाथ के नेतृत्व में पूरी कांग्रेस ही होल्ड पर रखी हुई है। नियुक्ति करते हैं और होल्ड कर देते हैं। जनता भी कांग्रेस को होल्ड पर ही रखने वाली है।

सीएम शिवराज ने कमलनाथ से सवाल करते हुए पूछा- कमलनाथ केवल खिसियानी बिल्ली की तरह इधर-उधर की बात कर रहे हैं। कमलनाथ और कांग्रेस झूठ बोलने में माहिर है। झूठे वचनपत्र पर ही उन्होंने पिछली बार वोट मांगे थे और कोई वचन पूरा नहीं किया। आज फिर उनके वचनपत्र का एक वादा, अब उनके साथ ही जनता को याद दिला रहा



हूं। 200 से लेकर 500 हेक्टेयर विशेष कृषि क्षेत्र विकसित किए जाने के साथ एक ही स्थान पर कृषि उपकरण, सिंचाई, बिजली, बीज उपचार, मिट्टी परीक्षण, ग्रेडिंग भंडारण की सुविधा देने और इन क्षेत्रों को मंडी कर से मुक्त करने का वादा कमलनाथ और कांग्रेस ने किया था। अब जनता पूछ रही है, वादा पूरा क्यों नहीं किया? झूठे वादे करना और भूल जाना और जनता को भ्रमित करना, यह कांग्रेस का काम रहा है।

**कांग्रेस में रस्साकशी-** गृहमंत्री नरोत्तम मिश्रा बोले, कांग्रेस में रस्साकशी चल रही है कि सीएम कौन होगा, कौन नहीं होगा। पहले इंदौर का अध्यक्ष होल्ड पर हो गया। अब खंडवा का अध्यक्ष होल्ड पर हो गया। कमलनाथ के छोटे भाई से निवेदन है कि उनकी उम्र का ध्यान नहीं रख रहे, तो उनकी इंवेस्टमेंट का तो ध्यान रखो। मुझे लगता है कि चुनाव आते-आते कमलनाथ जी का मुख्यमंत्री बनना ही होल्ड पर करा देंगे।

### कमलनाथ बोले- शिवराज सरकार में सब सत्यानाश हो रहा

उमरिया के दौरे पर पहुंचे कमलनाथ ने मीडिया से चर्चा में कहा- उमरिया की वन और कोयले से पहचान है। आज कोयले के क्षेत्र में जहां विभिन्न प्रदेशों से लोग रोजगार के लिए आते थे, आज उमरिया के लोगों को पलायन करना पड़ रहा है। वनभूमि में से चार लाख पट्टे निरस्त कर दिए गए। ये उमरिया का हाल है। आज किसान का सत्यानाश, नौजवानों, निवेश, व्यापारियों, कानून-व्यवस्था, गोवंश का सत्यानाश हो गया है। ये आज प्रदेश की स्थिति है और बीजेपी विकास यात्रा निकाल रही है। वे 18 साल का हिसाब दें, मैं 15 महीनों का हिसाब देने को तैयार हूं। मुझसे 15 महीनों का हिसाब मांगते हैं, जनता मेरी गवाह है। 15 महीने में से ढाई महीना आचार संहिता और चुनाव में गया। एक महीना उथल-पुथल में गया। मैं कुर्सी के लिए सौदा नहीं करना चाहता था। मप्र की पहचान सौदे की राजनीति से नहीं करवाना चाहता था। शिवराज सिंह जो नाटक-नौटंकी कर रहे हैं, ये विकास यात्रा नहीं ये उनकी निकास यात्रा है। मप्र में जो भोले-भाले मतदाता हैं, वे समझदार हैं, उन्हें ज्ञान देने की जरूरत नहीं हैं।



# प्रेमप्रकाश कॉलोनी के नाम से जाना जाएगा संत नगर का एफ वार्ड

## जो स्थान संतों का नाम जुड़ जाता है वह स्थान पवित्र हो जाता है- संत शम्भुलाल








**संत हिरदाराम नगर।** संत नगर का एफ वार्ड अब श्री प्रेम प्रकाश कॉलोनी के नाम से जाना जाएगा। मंगलवार को श्री प्रेम प्रकाश मंडल के संत शम्भुलाल ब्यावरा, संत लालचन्द इन्दौर और हुजूर विधायक रामेश्वर शर्मा की उपस्थिति में श्री प्रेम प्रकाश कालोनी एफ वार्ड के नाम के मुख्य द्वार का अनावरण किया गया।

संत शम्भुलाल एवं संत लालचन्द द्वारा संत्सग की महीमा का वर्णन करते हुए कहा कि जिस जगह या नगरी से संतो का नाम जुड़ जाता है वह स्थान पवित्र हो जाता है। इस अवसर पर हुजूर विधायक रामेश्वर शर्मा ने एफ वार्ड का नाम महापुरूषों के नाम से रखे जाने के निर्णय का स्वागत करते हुए कहा कि कुछ स्थानों के नाम में भूतकाल में जो गलतियां की गई है उसे हमारी सरकार द्वारा धीरे-धीरे सुधारने का प्रयास किया जा रहा है जैसे इलाहबाद का नाम बदलकर प्रयागराज रखा गया, इस्लाम नगर का नाम बदलकर जगदीशपूरा रखा गया ऐसे ही धीरे-धीरे उनको सुधारा जा रहा है। इस अवसर पर लाजवंती देवी की पुण्य स्मृति में नि:शुल्क चिकित्सा एवं जाँच शिविर भी लगाया गया। जिसमें हड्डी, दाँत, स्त्री रोग के चिकित्सक उपस्थित थे एवं ब्लड, शुगर, हिमोग्लोबिन, ई.सी.जी. एवं ब्लड प्रेशर की भी जाँच नि:शुल्क की गई। इस अवसर राम बसंल, बसंत चेलानी, साबूमल रीझवानी, मांधू चांदवानी, बबलू चावला सहित नगर के कई लोग उपस्थित थे।

## गणेश नगर कल्याण विकास समिति के अध्यक्ष बने कृष्ण गोपाल उपाध्याय

**संत हिरदाराम नगर।** गणेश नगर कल्याण एवं विकास सहकारी संस्था के चुनाव उप पंजीयक कार्यालय के निर्देशानुसार रिटर्निंग ऑफिसर संगीता मीन द्वारा कराए गए। जिसमें अध्यक्ष कृष्ण गोपाल उपाध्याय, उपाध्यक्ष अमित सिंह परिहार, सुरेंद्र सिंह सिसोदिया, सचिव सुनील बिजवा, कोषाध्यक्ष एम.एल अहिरवार, प्रवक्ता प्रेम पवार एवं कार्यकारिणी सदस्य विजय पटवा, एसआर वर्मा, राम सिंह बघेल, पृथ्वी सिंह यादव, नंदराम जरिया, मंजू जैन, रुकमणी झा बनाए गए। नये पदाधिकारियों का फूल माला पहनाकर स्वागत किया गया। इस अवसर पर देवेंद्र भार्गव, भगवानदास ढालिया, विष्णु राजपूत सहित बड़ी संख्या में रहवासी उपस्थित थे।



## संत हिरदाराम कन्या महाविद्यालय में साप्ताहिक इंटर्नशिप सह प्रशिक्षण कार्यक्रम




**संत हिरदाराम नगर।** संत हिरदाराम कन्या महाविद्यालय के रसायन विभाग द्वारा एनालिसिस ऑफ वॉटर एंड ऑयल पैरामीटर विषय पर साप्ताहिक इंटर्नशिप सह प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसका मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को कौशल आधारित प्रायोगिक ज्ञान प्रदान करना था। इसमें शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, सीहोर के 14 छात्र-छात्राएं सम्मिलित होकर लाभान्वित हुए।

इस प्रायोगिक प्रशिक्षण के दौरान छात्राओं को जल के पैरामीटर जैसे घुलित ऑक्सीजन, जैव रासायनिक ऑक्सीजन, कठोरता, चालकता, पी.एच. तथा तेल के पैरामीटर जैसे आयोडीनमान, साबुनीकरणमान आदि का प्रशिक्षण दिया गया। प्राचार्य डॉ. डालिमा पारवानी ने प्रशिक्षु छात्र-छात्राओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि किसी भी क्षेत्र में भविष्य निर्माण हेतु विभिन्न उपयोगी प्रायोगिक कौशल संबंधी ज्ञान अर्जित करना वर्तमान समय की आवश्यकता है।

## शिविर में डॉ. ब्रेन्डन जानसन करेंगे थायराइड और कर्णमूल के आपरेशन

**संत हिरदाराम नगर।** सेवा सदन नेत्र चिकित्सालय में 12 से 23 फरवरी तक लगने वाले नि:शुल्क युरोलॉजी शिविर में अब अमेरिका के डॉक्टर ब्रेन्डन जानसन द्वारा थायराइड, कर्णमूल और गर्दन के मास के आपरेशन भी किये जायेंगे। अमेरिका के कन्सास सिटी स्थित वन ग्लोबल विलेज फाऊंडेशन, जीव सेवा संस्थान और दुबई के दानदाता गुल चंदीरामानी के सहयोग से लगने वाले इस शिविर में सेवा सदन नेत्र चिकित्सालय में पंजीयन शुरू हो गया है। रोगियों का पंजीयन 12 फरवरी तक सुबह 11 से शाम 4 बजे तक कराया जा रहा है। थायराइड, कर्णमूल और गर्दन के पिंड के आपरेशन 20 से 23 फरवरी तक की अवधि में किये जायेंगे।



# बदलाव का प्रथम सौपान स्वयं से है : सिद्ध भाऊ




ब्रह्मलीन संत हिरदाराम साहिब जी के आशीर्वाद एवं श्रद्धेय भाऊजी के मार्गदर्शन में संचालित मिठी गोबिन्दराम पब्लिक स्कूल की कक्षा आठवीं के छात्रों हेतु अभिप्रेरक सत्र का आयोजन किया गया।

इस कार्यक्रम का मूल उद्देश्य छात्रों में मानवीय मूल्यों को रोपित करना एवं करूणा निदान ईश्वर के प्रति आस्तिक भावों को जीवन में आत्मसात करने हेतु अभिप्रेरित करने का रहा। इस अवसर पर श्रद्धेय सिद्ध भाऊजी ने छात्रों को अभिप्रेरित करते हुए कहा कि विद्यार्थी जीवन परिवर्तन की अवस्था है। इस अवस्था में छात्र के आचरण में गुण और दोष दोनो रूपों का समावेश होता रहता है अत~ वे दोषों से लड़ते हुए गुणों को अपने भीतर स्थान देकर पहला बदलाव स्वयं से प्रारम्भ करें जिस बदलाव का परिणाम स्वत~ ही समाज पर परिलक्षित होने लगेगा।

अपने दिन की शुरूआत निरीह मूक पशु-पक्षियों को दाना-पानी देने से करें क्योंकि हमारी तरह वे स्वयं दाने-पानी की व्यवस्था करने में समर्थ नहीं हैं। श्रद्धेय भाऊजी ने आरती के महत्व पर और प्रकाश डालते हुए छात्रों को संबोधित किया कि संध्या आरती परिवार के सभी सदस्यों में धैर्य भर कर उन्हें दु:खों एवं दुर्घटनाओं से बचाकर परिवार में सकारात्मक ऊर्जा द्वारा प्रत्येक सदस्य को प्रफुल्लित मन प्रदान करती है। परिवार रूपी स्तम्भ को मजबूत करने के लिए आवश्यक है कि प्रत्येक सदस्य ईश्वर की उस सर्वोच्च सत्ता के प्रति आस्तिक होकर संध्या आरती सामूहिक रूप से करें ताकि परिवार में आत्मीयता का भाव सुदृढ़ हो सके साथ ही उन्होंने विद्यार्थियों को परामर्श दिया कि वे आरती के समय अपनी दिन भर की गल्तियों के लिए ईश्वर से क्षमा याचना अवश्य करें।

इसी क्रम में उन्होंने एक अनुशासित एवं विनम्रशील छात्र बनने के गुणों से परिचित कराते हुए कहा कि किसी भी परिस्थिति में माता-पिता से ऊँची आवाज़ में बात न करें और न ही किसी भी वस्तु के लिए उनसे हठ करें क्योंकि माता-पिता सदैव बच्चों के हित-अहित का ध्यान रखते हुए ही उनकी जरूरतों के अनुसार उनकी इच्छाओं की पूर्ति करते हैं।

## धर्म गुरू आमजन को स्वच्छता के प्रति जागरूक करें: महापौर

**भोपाल।** महापौर श्रीमती मालती राय ने स्वच्छ भारत मिशन के स्वच्छ सर्वेक्षण-2023 के तहत शहर को साफ-स्वच्छ और स्वच्छता में नंबर 01 बनाने के दृष्टिगत सभी धर्मों के धर्मगुरूओं व स्वच्छग्राहियों तथा हॉकर्स कार्नर के व्यवसायियों से स्वच्छता संवाद किया और धर्म गुरूओं से अपील की कि वह अपने हर संवाद में आमजन को स्वच्छता के प्रति जागरूक करें और स्वच्छता को अपनी जीवन शैली में सम्मिलित करने व नशामुक्त समाज बनाने हेतु भी आमजन को प्रेरित करें। महापौर श्रीमती राय ने स्वच्छग्रहियों व हॉकर्स कार्नर के व्यवसायियों से स्वच्छता संवाद करते हुए नागरिकों के स्वास्थ्य एवं अपने शहर को सबसे स्वच्छ शहर बनाने हेतु अपने व्यवसाय स्थल को साफ-स्वच्छ बनाने का आह्वान किया और बाल श्रमिकों को काम पर न रखने और व्यवसाय स्थलों पर इससे संबंधित बोर्ड लगाने हेतु भी कहा। स्वच्छता संवाद के दौरान सहभागियों से सुझाव भी आमंत्रित किए गए और उनके स्वच्छता संबंधी अनुभवों को भी साझा किया गया। स्वच्छता संवाद के दौरान महापौर परिषद के सदस्य श्री आर.के.सिंह बघेल, अपर आयुक्त श्री एम.पी.सिंह, यूनिसेफ के श्री अनिल गुलाटी व श्री गौतम सहित सनातन, इस्लाम, जैन, बौद्ध, ईसाई, सिक्ख सहित अन्य धर्मों के धर्म गुरू के अलावा बड़ी संख्या में स्वच्छग्राही एवं हॉकर्स कार्नर के व्यवसायी मौजूद थे।

महापौर श्रीमती मालती राय ने मंगलवार को आई.एस.बी.टी. स्थित कार्यालय में धर्म गुरूओं के साथ स्वच्छता संवाद करते हुए कहा कि धर्म गुरूओं का समाज में महत्वपूर्ण स्थान है और आपके द्वारा दिए गए संदेशों का प्रभाव समाज के प्रत्येक व्यक्ति पर होता है। श्रीमती राय ने धर्म गुरूओं से आग्रह किया कि वह अपने शहर को देश का सबसे स्वच्छ शहर बनाने हेतु आमजन को स्वच्छता के प्रति जागरूक करें और अपनी हर चर्चा/संवाद में स्वच्छता को प्रमुख रूप से सम्मिलित करें ताकि प्रत्येक नागरिक की जीवन शैली में स्वच्छता सम्मिलित हो सके। महापौर श्रीमती राय ने धर्म गुरूओं से अनुरोध किया कि समाज को नशा मुक्त बनाने में भी अपना अमूल्य सहयोग दें। स्वच्छता संवाद के दौरान महापौर श्रीमती राय ने कहा कि हमें समाज अपने शहर को पॉलीथीन, पन्नी, सिंगल यूज प्लास्टिक मुक्त शहर बनाना है। इस दौरान अनेक धर्म गुरूओं ने उनके व उनके संस्थान द्वारा स्वच्छता हेतु किए जा रहे प्रयासों को भी साझा किया गया।

## आरजीपीवी में तनाव प्रबंधन पर किया आयोजन



भोपाल। राजीव गांधी प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय में स्कूल ऑफ एनर्जी एंड एनवायरनमेंट विभाग द्वारा विश्वविद्यालय परिसर में 30 जनवरी से दस दिवसीय एफडीपी का आयोजन तनाव प्रबंधन से उत्पादकता में वृद्धि विषय पर आयोजित किया जा रहा है। यह आयोजन एआईसीटीई -अटल अकादमी के सहयोग से किया जा रहा है। इस एफडीपी मे 40 प्राध्यापक शामिल हुए हैं। प्रतिभागी एफडीपी में ऊर्जा वृद्धि तकनीक ,समय प्रबंधन, तनाव प्रबंधन ,जीवन संतुलन एवं कार्य तथा जीवन संतुलन की तकनीक आर्ट ऑफ लिविंग की सुदर्शन प्रक्रिया एवं अन्य तकनीकी मॉडल से सीख रहे हैं। एफडीपी के एक सत्र में विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो सुनील कुमार ने राष्टीय शिक्षा नीति पर व्याख्यान दिया ,उन्होंने भारतीय ज्ञान प्रणाली की महत्ता पर प्रकाश डाला।सत्र का संचालन विभाग संचालक डॉ सविता व्यास ने किया।

### हनुमान चालीसा क सामूहिक पाठ

भोपाल। हुजूर विधान सभा के ग्राम बगरोदा में श्री हनुमान चालीसा का सामूहिक पाठ किया गया। हुजूर विधानसभा क्षेत्र में 51 हज़ार हनुमान चालीसा पाठ के संकल्प में सभी खेड़ापति श्री हनुमानजी मंदिरों में श्री हनुमान चालीसा पाठ का आयोजन किया जा रहा है। इस दौरान माँ कंकाली गौरव बचाओ गौ रक्षा समिति मध्यप्रदेश अध्यक्ष विष्णु विश्वकर्मा सहित अन्य सदस्य मौजूद रहे।



# जेईई मेन 2023 के परिणामों की घोषणा में फिटजी ने अपने छात्रों की उल्लेखनीय उपलब्धि हसिल की

**भोपाल।** जेईई मेन, 2023 के परिणामों की घोषणा ने फिर से भारत के प्रीमियम इंजीनियरिंग प्रशिक्षण संस्थान फिटजी को अपने छात्रों के उल्लेखनीय उपलब्धि पर जश्न मनाने और खुशी मनाने का एक कारण दिया है। सिटी टॉपर, ओजस वार्ष्णेय ने जेईई मेन 2023 में 99.9966232 प्रतिशत अंक हासिल किए हैं। वह फिटजी भोपाल केंद्र में सुप्रीम-4-वर्षीय एकीकृत कार्यक्रम के छात्र हैं। उन्हें जेईई मेन 2023 में भौतिक विज्ञान और मैथ्स में 100 एनटीए स्कोर मिला है। यह पहली बार नहीं है जब फिटजी के छात्रों ने जेईई में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। साल दर साल राष्ट्रीय स्तर पर फिटजी के छात्रों की सफलता, फैकल्टी की श्रेष्ठता और भारत के सबसे भरोसेमंद संस्थान के अद्वितीय पैटर्न-प्रूफ शिक्षण तौर-तरीकों को साबित करती है।





जिन छात्रों ने इसे पहले दौर में पार कर लिया है, वे काफी रोमांचित हैं, फिर भी सतर्क हैं, क्योंकि वे जानते हैं कि अंतिम बाधा पर विजय प्राप्त की जानी बाकी है। आईआईटी में जगह बनाना हर विज्ञान के छात्र का सपना होता है। इस लक्ष्य के लिए बहुत मेहनत करने के बाद, मुझे जेईई मेन्स में अच्छा स्कोर करने का विश्वास था। फिटजी में लागू किए गए शानदार कोचिंग तंत्र को श्रेय जाता है जो हर छात्र में सर्वश्रेष्ठ लाता है। फिटजी के शिक्षक हमारी अवधारणाओं पर लगन से काम करते हैं, यह सुनिश्चित करते हुए कि हम जानते हैं कि हम अंदर से क्या पढ़ रहे हैं। हालांकि, मैं अभी जश्न नहीं मना रहा हूं। मैं अपनी पढ़ाई पर नए सिरे से ध्यान केंद्रित कर रहा हूं क्योंकि मैं जेईई एडवांस के लिए कोई कसर नहीं छोड़ना चाहता हूं, सिटी टॉपर ओजस वार्ष्णेय ने कहा इस अहसास का फल था कि भारत में माध्यमिक शिक्षा प्रणाली इतनी अच्छी नहीं थी कि युवा दिमागों को विज्ञान शिक्षा की गहरी वैचारिक खोज के लिए प्रशिक्षित कर सके। यहां तक कि स्कूल में अच्छा प्रदर्शन करने वाले छात्र भी अक्सर प्रतियोगी परीक्षाओं में अच्छा प्रदर्शन करने में असफल हो जाते हैं क्योंकि उच्च आईक्यू होने के बावजूद उनमें वैचारिक समझ की कमी होती है। प्रत्येक वर्ष जेईई में हमारे छात्रों की सफलता इस तथ्य की गवाही देती है कि हमारे शिक्षण का तरीका छात्रों में सर्वश्रेष्ठ लाने में सफल रहा है। फिटजी भोपाल सेंटर के सेंटर हेड श्री सुमित श्रीवास्तव कहते हैं, हमें अपने छात्रों और शिक्षकों की उपलब्धियों पर बहुत गर्व है।

# आकाश बायजूस के 4 छात्रों ने जेईई मेन्स 2023 के पहले सत्र में 99 पर्सेंटाइल और उससे अधिक अंक प्राप्त किए

**भोपाल।** भोपाल के आकाश बायजूस्स के चार छात्रों ने ज्वाइंट एंट्रेंस एग्जामिनेशन (जेईई) मेन 2023 के पहले सत्र में प्रभावशाली 99 पर्सेंटाइल और उससे अधिक अंक हासिल किए। नेशनल टेस्टिंग एजेंसी ने आज नतीजे घोषित किए। इस साल होने वाली इंजीनियरिंग की दो संयुक्त प्रवेश परीक्षाओं में से यह पहली परीक्षा थी। प्रतिष्ठित इंजीनियरिंग प्रवेश परीक्षा में अंकुश सिंह ने 99.59, रिदम जैन ने 99.38, अंशराज धाकड़ ने 99.38 और वेदांत गुप्ता ने 99.23 पर्सेंटाइल हासिल किए हैं दुनिया की सबसे कठिन प्रवेश परीक्षा मानी जाने वाली आईआईटी जेईई को क्रैक करने के लिए छात्र आकाश बायजू के क्लासरूम प्रोग्राम में शामिल हुए। उन्होंने जेईई में टॉप पर्सेंटाइल की एलीट लिस्ट में अपने प्रवेश का श्रेय अवधारणाओं को समझने के अपने प्रयासों और अपने सीखने के कार्यक्रम का सख्त पालन किया हम आभारी हैं कि आकाश बायजू ने दोनों में मेरी मदद की। लेकिन संस्थान से सामग्री और कोचिंग के लिए, हम कम समय में विभिन्न विषयों में







कई अवधारणाओं को नहीं समझ पाते। छात्रों को बधाई देते हुए डॉ. एच. आर. राव क्षेत्रीय निदेशक आकाश बायजूस ने कहा हम छात्रों को उनके अनुकरणीय उपलब्धि के लिए बधाई देते हैं। देश भर से जेईई मेन 2023 के पहले सत्र के लिए 8.6 लाख से अधिक छात्रों ने पंजीकरण कराया। शीर्ष पर्सेंटाइल स्कोरर के रूप में उनकी उपलब्धि उनकी कड़ी मेहनत और समर्पण के बारे में बताती है। हम उनके भविष्य के प्रयासों के लिए उन्हें शुभकामनाएं देते हैं। जेईई (मेन) छात्रों को अपने स्कोर में सुधार करने के लिए कई अवसर देने के लिए दो सत्रों में आयोजित किया जाता है। जबकि जेईई एडवांस केवल भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थानों (आईआईटी) में प्रवेश के लिए है, जेईई मेन भारत में कई राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान (एनआईटी) और अन्य केंद्र-सहायता प्राप्त इंजीनियरिंग कॉलेजों में प्रवेश के लिए है। जेईई एडवांस में बैठने के लिए छात्रों को जेईई मेन में शामिल होना होगा।

आकाश बायजू हाई स्कूल और हायर सेकेंडरी स्कूल के छात्रों के लिए कई कोर्स फॉर्मेट में आईआईटी-जेईई कोचिंग प्रदान करता है। हाल के दिनों में, आकाश ने कंप्यूटर आधारित प्रशिक्षण विकसित करने पर अपना ध्यान बढ़ाया है। इसका आईट्यूटर रिकॉर्डेड वीडियो लेक्चर प्रदान करता है जो स्व-पुस्तक सीखने में सक्षम बनाता है और मिस्ड लेक्चर वाले छात्रों की मदद करता है। मॉक टेस्ट वास्तविक परीक्षा परिदृश्य का अनुकरण करते हैं, इस प्रकार छात्रों को परीक्षा का सामना करने के लिए आवश्यक परिचितता और आत्मविश्वास प्रदान करते हैं।

## दुष्कर्म का प्रयास और हत्या मामला

# आरोपी को आजीवन कारावास और फांसी की दोहरी सज़ा

### पुलिस की उत्कृष्ट विवेचना, अनुसंधान, कार्यकुशलता और तत्परता से बच्ची के परिवार को मिला न्याय

**इंदौर।** नगर के आजाद नगर क्षेत्र में सात वर्ष की बालिका से दुष्कर्म का प्रयास और बाद में उसकी जघन्य हत्या करने वाले आरोपी को फास्टट्रैक कोर्ट ने आजीवन कारावास और फांसी की दोहरी सज़ा सुनाई है। पुलिस थाना आज़ाद नगर की उत्कृष्ट विवेचना एवं अनुसंधान के कारण ही 5 माह के अंदर ही माननीय न्यायालय ने आरोपी को आजीवन कारावास की सजा से दंडित किया।

**बच्ची पर चाकू से किए 29 वार:** ात वर्षीय बच्ची 23 सितंबर 2022 को आजाद नगर क्षेत्र में अपनी नानी के घर की दहलीज पर खेल रही थी तब आरोपी सद्दाम ने दुष्कर्म की नीयत से उसका अपहरण कर लिया। वह अपहरण के बाद बच्ची को अपने घर ले गया और दरवाजा अंदर से बंद कर दिया। बच्ची के चिल्लाने पर उसके घर के आस-पास भीड़ जुटने लगी। तब पकड़े जाने के डर से और दुष्कर्म में नाकाम रहने पर गुस्से में सद्दाम ने बच्ची पर चाकू के 29 वार करते हुए उसकी निर्ममता से हत्या कर दी थी। हत्याकांड के बाद वह आसपास के लोगों को भी जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गया।

**पुलिस ने इस तरह किया खुलासा:** हत्याकांड की सूचना मिलने पर पुलिस ने घटनास्थल पर पहुंचकर जांच शुरू की। आजाद नगर क्षेत्र में लगे सीसीटीवी कैमरे में सद्दाम बच्ची को अगवा करते कैद हो गया था। पुलिस ने आसपास के क्षेत्र मे घेराबंदी कर उसे चंद घंटों मे ही गिरफ्तार कर लिया । उसके कब्जे से बरामद चाकू पर पुलिस को उसकी अंगुलियों के निशान भी मिल गए । बाद में मामले की डीएनए रिपोर्ट में भी सद्दाम द्वारा बालिका का अपहरण किए जाने और उसके हत्या में शामिल होने की पुष्टि हो गई। इसके पश्चात पुलिस ने इस मामले को फास्टट्रैक कोर्ट में पेश किया, जहां यह मामला 4 महीने चला। घटना की गंभीरता देखते हुए पुलिस आयुक्त नगरीय इंदौर श्री हरिनारायणचारी मिश्र एवं अतिरिक्त पुलिस आयुक्त इंदौर श्री मनीष कपूरिया व्दारा प्रकरण में प्राथमिकता के आधार पर बारीकी से अनुसंधान करते हुए प्रत्येक साक्ष्य एकत्रित कर आरोपी को कड़ी से कड़ी सजा दिलाने हेतु कार्यवाही के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिए । तब पुलिस ने चश्मदीद साक्षियों के कथन लिए गए औरघटना स्थल से भौतिक साक्ष्य एकत्र किए।

**सुनाई कड़ी सजा:** पुलिस द्वारा प्रस्तुत साक्ष्यों के आधार पर अदालत ने आरोपी सद्दाचम को अपराध का दोषी माना। अपर सत्र न्यायाधीश और विशेष न्यायाधीश (पॉक्सो एक्ट) सुरेखा मिश्रा ने आरोपी को भारतीय दंड विधान की धारा 302 (हत्या) के तहत फांसी तथा भारतीय दंड विधान की धारा 364 (हत्या के लिए अपहरण) के तहत आजीवन कारावास की सज़ा सुनाई। साथ ही उस पर भारतीय दंड विधान की अन्य संबद्ध धाराओं के साथ ही यौन अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम (पॉक्सो एक्ट) के तहत भी अपराध साबित हुआ। इसके लिए अदालत ने मुजरिम पर 9,000 रुपए का जुर्माना और हत्याकांड की शिकार बच्ची के परिवार को सरकारी खजाने से तीन लाख रुपए का मुआवजा प्रदान किए जाने का भी आदेश दिया। मासूम बच्ची के परिजन के सामने जब माननीय न्यायालय ने फैसला सुनाया तो सभी खुशी के मारे रोने लगे और मासूम बच्ची को न्याय दिलाने के लिए पुलिस एवं माननीय न्यायालय का आभार माना। इस सनसनीखेज प्रकरण में आरोपी को कठोर सजा दिलवाने में पुलिस उपायुक्त जोन-1 श्री अमित तोलानी, अति.पुलिस उपायुक्त जोन-1 श्री जयवीर सिंह भदौरिया एवं तत्कालीन सहा.पुलिस आयुक्त श्री मोतीउर रहमान के नेतृत्व और आजाद नगर थाना प्रभारी श्री इन्द्रेश त्रिपाठी व उनकी टीम की सराहनीय भूमिका रही।

## राजस्व एवं परिवहन मंत्री पहुंचे राहतगढ़, किया विकास यात्रा का शुभारंभ

# संत रविदास के आदर्शो पर चल रही भाजपा सरकार: गोविंद सिंह राजपूत

सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल



पूज्य संत रविदास महाराज समाज में असमानता और विदेशी आक्रमण करने वालो के विरुद्ध जनजागरण करने वाले महापुरुष थे। सबको अन्न मिले सब प्रसन्न रहें यह उन्हीं का संदेश था जिस पर अमल करते हुए भाजपा सरकार मुफ्त अनाज की योजना चला रही है। सबके सिर पर पक्की छत हो यह संकल्प प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का है यह बात राजस्व एवं परिवहन मंत्री गोविंद सिंह राजपूत ने राहतगढ़ में आयोजित संत रविदास जयंती के अवसर पर कही। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार हर जरूरतमंद के लिये योजनायें चला रही है हर व्यक्ति इन योजनाओं से लाभांवित होकर भाजपा सरकार से जुड़ रहा है संत रविदास के आर्दशों पर भाजपा की सरकार चल रही है।

आगे उन्होंने कहा कि संत रविदास के आख्यान बताते हैं कि वे धन वैभव को तुच्छ समझने वाले, पारस पत्थर को ठुकरा देने वाले ईश्वरीय अवतार थे। कोई भी जाति और कर्म के आधार पर छोटा बड़ा नहीं होता, विचारों की श्रेष्ठता और कर्मों की पवित्रता से जीवन में ऊंचाई प्राप्त होती है। श्री राजपूत ने कार्यक्रम में आये समाज के सभी वरिष्ठ तथा महत्माओं का साल श्रीफल से स्वागत करते हुये उन्हें कार्यक्रम में पधारने के लिये धन्यवाद प्रेषित किया। कार्यक्रम में आये सभी लोगों का श्री राजपूत द्वारा पुष्प वर्षा करके स्वागत करते हुये भोजन प्रसादी ग्रहण की गई। इस अवसर पर मंत्री श्री राजपूत ने मंगल भवन का शुभारंभ करते हुये बाऊंड्री बनाने के लिये घोषणा की। इस अवसर पर श्री राजपूत ने सभी क्षेत्रवासियों को सागर में होने वाले रविदास महाकुंभ के लिये आमंत्रित किया जिसमें मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान सभी को संबोधित करेंगे।

**घर घर पहुंचेगी विकास यात्रा:** संत रविदास जयंती के अवसर पर राहतगढ़ के वार्ड क्र. 1 से विकास यात्रा प्रारंभ की गई जिसका शुभारंभ राजस्व एवं परिवहन मंत्री गोविंद सिंह राजपूत ने करते हुये कहा कि यह विकास यात्रा जन विकास यात्रा है जिसमें सभी का सहयोग जरूरी है। श्री राजपूत ने भाजपा कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुये कहा कि इस विकास यात्रा में कोई भी व्यक्ति छूटना नहीं चाहिए नगर परिषद के सभी वार्डों से यह यात्रा धूम धाम से निकाली जायेगी जिसमें स्थानीय जन प्रतिनिधियों द्वारा भूमिपूजन एवं जन कल्याणकारी कार्य किये जायेंगे। कार्यक्रम में इस अवसर पर भाजपा मंडल अध्यक्ष अमित राय, भाजपा नेता नीरज शर्मा, नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि गोलू राय, शैलेन्द्र श्रीवास्तव, रामकुमार यादव, पार्षद नेकीराम खटीक, नेतराम, रोहित अहिरवार, परम अहिरवार, सुंदर माते सहित सैकड़ों क्षेत्रवासी उपस्थित रहे।

# बलहरा में 200 मुस्लिम परिवारों ने ली कांग्रेस छोड़ भाजपा की सदस्यता



### बिना भेदभाव सबका साथ सबका विकास: राजपूत

**सागर।** भाजपा द्वारा कराए जा रहे विकास कार्यों से प्रभावित होकर सुरखी विधानसभा क्षेत्र के बिलहरा में लगभग 200 मुस्लिम परिवारों ने कांग्रेश छोड़कर राजस्व एवं परिवहन मंत्री गोविंद सिंह राजपूत के समक्ष भाजपा की सदस्यता ली। इस अवसर पर राजस्व एवं परिवहन मंत्री गोविंद सिंह राजपूत ने कहा कि भाजपा की योजनाएं हर वर्ग ,हर धर्म ,हर समाज के लिए हैं जिससे सभी का विकास हो रहा है । सबका साथ सबका विकास भाजपा का मूल उद्देश्य है जिसमें कोई भी भेदभाव नहीं किया जाता खाद्यान्न वितरण, प्रधानमंत्री आवास, लाड़ली लक्ष्मी योजना, आयुष्मान कार्ड, उज्जवला योजना ,कन्यादान योजना ,मुख्यमंत्री सहायता, किसान सम्मान निधि, विधवा पेंशन ,बद्ध पेंशन, जैसी अनेकों योजनाएं हैं जिनसे सभी वर्ग के लोगों को लाभ मिल रहा है। अपने क्षेत्र अपने समाज का विकास करने के लिए सभी लोग भाजपा से जुड़े अपने क्षेत्र के विकास में सहभागी बने इस अवसर पर कांग्रेस छोड़ भाजपा में आए सभी परिवारों ने संकल्प लिया कि वह अपने क्षेत्र के विकास के लिए मंत्री गोविंद सिंह राजपूत तथा भाजपा के साथ कदम से कदम मिलाकर काम करेंगे सुरखी विधानसभा क्षेत्र का विकास करेंगे इस संकल्प के साथ भाजपा में आए 200 परिवारों का राजस्व एवं परिवहन मंत्री ने स्वागत किया।

# प्रमुख सचिव नगरीय विकास मंडलोई ने की विभागीय योजनाओं की समीक्षा

सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल



प्रमुख सचिव नगरीय विकास एवं आवास नीरज मंडलोई ने स्वच्छता सर्वेक्षण-2023 के संबंध में सभी नगर निगम आयुक्तों को निर्देशित किया कि सूचना, शिक्षा एवं संचार गतिविधियों का बेहतर उपयोग करें। गार्बेज फ्री सिटी रेटिंग में सुधार करें। ठोस एवं तरल अपशिष्ट के उचित प्रबंधन पर जोर दें। मंडलोई नगर निगम आयुक्तों के साथ बैठक में योजनाओं की समीक्षा कर रहे थे।

प्रमुख सचिव मंडलोई ने कहा कि अमृत के पहले चरण में पूरे हो चुके कार्यों का भुगतान जल्द करें। जियोग्राफिक इन्फार्मेशन सिस्टम (जीआईएस) की शहर के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका है। इसका समुचित उपयोग करें। उन्होंने अनाधिकृत कॉलोनियों में नागरिक अधो-संरचना और भवन अनुज्ञा देने के निर्देश दिये। संजीवनी क्लीनिक के भवनों का निर्माण जल्द पूरा कर स्वास्थ्य विभाग को सौंपने के निर्देश दिये। मंडलोई ने कहा कि अनुपयोगी भूमि के उपयोग के लिये रि-डेव्हलपमेंट और रि-डेंसीफिकेशन की योजना बनायें। उन्होंने नगर निगम आयुक्तों से वन-टू-वन चर्चा कर उनकी समस्याएँ और उनके द्वारा किये जा रहे कार्यों की जानकारी ली।

आयुक्त नगरीय प्रशासन एवं विकास भरत यादव ने कहा कि अमृत-2 के तहत बनाई जा रही परियोजनाओं के डीपीआर में जन-प्रतिनिधियों का भी सुझाव लें। निर्वाचित प्रतिनिधियों के सहयोग से राजस्व वसूली में तेजी लायें। बैठक में स्मार्ट सिटी के कार्यों की भी समीक्षा की गई।

# विकास यात्रा के दौरान पशुपालन मंत्री ने कराया 73 हितग्राहियों को गृह प्रवेश

**भोपाल।** पशुपालन एवं डेयरी, सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण मंत्री श्री प्रेमसिंह पटेल ने आज विकास यात्रा के दौरान बड़वानी जिले के ग्राम बड़वानी खुर्द में 4, आमल्या पानी में 10 और बड़गाँव में 59 कुल 73 हितग्राहियों को %प्रधानमंत्री आवास योजना% के तहत गृह प्रवेश करवाया। मंत्री श्री पटेल ने बड़वानी में लगभग 9 करोड़ रूपये की लागत से बने 150 सीटर बालक एवं बालिका छात्रावास का लोकार्पण भी किया। मंत्री श्री पटेल ने ग्राम बड़वानी खुर्द में स्वच्छ भारत मिशन में 2 नाडेप निर्माण कार्य और चेकडेम जीर्णोद्धार कार्य का लोकार्पण किया।

ग्राम आमल्या पानी में उन्होंने अमृत सरोवर तालाब और नवीन पुलिया का भूमि-पूजन किया। साथ ही विभिन्न शासकीय योजनाओं के हितग्राहियों को हितलाभ भी वितरित किये।

# शिव पुराण कथा का जवाहर चौक पर कलश यात्रा से हुआ शुभारंभ



जवाहर चौक हनुमान मंदिर के पीछे गोरक्षनाथ महिला उत्थान सेवा समिति भोपाल के तत्वाधान में श्री शिव महापुराण कथा का शुभारंभ कलश यात्रा के साथ संपन्न हुआ । आयोजक श्रीमती मंजू सराठे ने बताया आज कलश यात्रा में 300 महिलाएं और समाजसेवियों के साथ डीजे, घोड़े बग्गी पर शिव पार्वती को सवार कर कलश यात्रा संतोषी माता मंदिर से कथा स्थल श्री आदिशक्ति महादेव मंदिर , हनुमान मंदिर के पीछे, जवाहर चौक , नॉर्थ टीटी नगर पर पहुंची। कथा वाचक पंडित श्री रामनारायण शास्त्री जी के मुखारविंद से

# बदलते ग्वालियर में आप सभी का सहयोग जरूरी: तोमर

## विकास यात्रा के तीसरे दिन 13 करोड़ से अधिक के विकास कार्यों का हुआ भूमि-पूजन एवं लोकार्पण

सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल



ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने विकास यात्रा के तीसरे दिन वार्ड-1 में 13 करोड़ से अधिक के विकास कार्यों की आधारशिला रखी। साथ ही 26 लाख 71 हजार रूपये के विकास कार्यों का लोकार्पण भी किया। उन्होंने कहा कि मैंने संकल्प लिया था कि ग्वालियर विधानसभा की दिशा और दशा बदलनी है और इस बदलते ग्वालियर में आप सभी का सहयोग जरूरी है। आज हमनें करोड़ों रूपये के विकास कार्यों का भूमि-पूजन किया है। उसी क्रम में आर.आर. टावर से कटी घाटी तक फोर लेन मार्ग का भूमि-पूजन किया जा रहा है।

ऊर्जा मंत्री ने तीसरे दिन विकास यात्रा का शुभारंभ रामाजी का पुरा स्थित गणेश मंदिर से किया। जैसे-जैसे यात्रा आगे बढ रही थी, आमजन द्वारा विकास यात्रा का स्वागत पुष्प-वर्षा और फूलमाला पहनाकर किया जा रहा था। आमजन ऊर्जा मंत्री श्री तोमर को जिन समस्याओं से अवगत करा रहे थे, उनके तत्काल निराकरण के लिए साथ में चल रहे संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया जा रहा था। अधिकतर समस्याएँ विद्युत, सीवर, सडक और राशन से संबंधित थी, जिनका निराकरण मौके पर ही किया गया। विकास यात्रा के दौरान ऊर्जा मंत्री तोमर ने कई गलियों में महिलाओं की समस्यायों को सुना। विकास यात्रा का समापन देर शाम बरागांव में हुआ। विकास यात्रा के दौरान ऊर्जा मंत्री तोमर ने सभी को स्वच्छता की शपथ दिलाई। उन्होंने कहा कि यह शहर हम सभी का है। इसको स्वच्छ रखने की जिम्मेदारी भी हमारी है, इसलिए कचरा सिर्फ कचरा वाहन में ही डालें, इधर उधर न फेकें। इस बार हमें अपने शहर को स्वच्छता में प्रथम स्थान पर लाना है। विकास यात्रा 8 फरवरी को सुबह 9 बजे वार्ड 31 में महिमा होटल लक्ष्मणपुरा पडाव से प्रारंभ होगी। इसमें क्षेत्रीय जन-प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

**विभिन्न योजनाओं के प्रमाण-पत्र वितरित किए:** विकास यात्रा के दौरान ऊर्जा मंत्री श्री तोमर ने वार्ड-1 में आने वाली आँगनवाड़ियों में निरीक्षण कर लाड़ली लक्ष्मी योजना के प्रमाण-पत्र वितरित किए। साथ ही कामकाजी, हाथठेला पेंशन के पात्र हितग्राहियों को स्वीकृति-पत्र दिए। उन्होंने शिक्षकों तथा बुजुर्गों का सम्मान शॉल-श्रीफल से किया। शासकीय उचित मूल्य की दुकानों का निरीक्षण कर पात्र हितग्राहियों को राशन भी वितरित किया।

# विकास यात्रा लोगों के जीवन को बेहतर बनाने का अभियान: परमार

सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल

मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के निर्देश पर आमजन को विकास कार्यों की जानकारी देने तथा ग्रामीणों को शासकीय योजनाओं का लाभ देने के उद्देश्य से प्रदेश में विकास यात्राएँ निकाली जा रही है।

इन विकास यात्राओं का उद्देश्य लोगों के जीवन को बेहतर बनाना है। यह बात स्कूल शिक्षा (स्वतंत्र प्रभार) एवं सामान्य प्रशासन राज्य मंत्री इन्दर सिंह परमार ने विकास यात्रा के तीसरे दिन शाजापुर जिले की शुजालपुर विकासखंड के ग्राम चापड़िया में यात्रा के शुभारंभ अवसर में कही। राज्य मंत्री परमार ने तिरंगा ध्वज फहराया और कन्याओं का पूजन किया। विकास यात्रा ग्राम कोहलिया, अमलावती से होती हुई मितेरा पहुँची।

### मितेरा में उपस्वास्थ्य केन्द्र का भूमि-पूजन

राज्य मंत्री परमार ने विकास यात्रा के दौरान ग्राम मितेरा में 49 लाख 14 हजार रूपये लागत से निर्मित होने वाले उप स्वास्थ्य केन्द्र भवन का भूमि-पूजन किया। इसके पूर्व ग्राम चापड़िया में नवनिर्मित ग्राम पंचायत भवन का भी लोकार्पण किया। उन्होंने ग्राम चापड़िया में विगत 4 वर्षों में हुए विकास कार्यों की जानकारी भी दी। जिला पंचायत अध्यक्ष हेमराज सिंह सिसोदिया सहित जन-प्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित थे।

स म्पा द की य

# महंगाई से लड़ाई, ईएमआई बढ़ाई

दावा किया जा रहा है कि महंगाई से चिंतित भारतीय रिजर्व बैंक ने रेपो रेट में 0.25 प्रतिशत की वृद्धि कर दी है। इससे रेपो रेट 6.25 प्रतिशत से बढ़कर 6.50 प्रतिशत हो गया है। यानी होम लोन से लेकर ऑटो और पर्सनल लोन सब कुछ महंगा हो जाएगा और हमें लोन की ईएमआई पहले से अधिक चुकानी होगी। आम आदमी की समझ में तो आने से रहा कि कर्ज महंगा करने से महंगाई पर काबू कैसे पाया जा सकता है?

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण के 1 फरवरी को बजट पेश करने के बाद आरबीआई की यह पहली बैठक है और कहा जा रहा है कि केंद्रीय बजट का यह पहला असर भी है, जो सीधे उस आम आदमी पर पड़ेगा, जिसकी दस लाख तक की आय टैक्स फ्री करने का ऐलान बजट में हुआ है। आरबीआई मॉनेटरी पॉलिसी की मीटिंग में रेपो रेट बढ़ाने का फैसला लिया गया है। इससे पहले दिसंबर में हुई मीटिंग में ब्याज दरों को 5.90 प्रतिशत से बढ़कर 6.25 प्रतिशत किया गया था।

मॉनेटरी पॉलिसी की मीटिंग हर दो महीने में होती है। इस वित्त वर्ष की पहली मीटिंग अप्रैल में हुई थी। तब आरबीआई ने रेपो रेट को 4 प्रतिशत पर स्थिर रखा था, लेकिन आरबीआई ने 2 और 3 मई को इमरजेंसी मीटिंग बुलाकर रेपो रेट को 0.40 प्रतिशत बढ़ाकर 4.40 प्रतिशत कर दिया था। 22 मई 2020 के बाद रेपो रेट में ये बदलाव हुआ था। इसके बाद 6 से 8 जून को हुई मीटिंग में रेपो रेट में 0.50 प्रतिशत इजाफा किया। इससे रेपो रेट 4.40 प्रतिशत से बढ़कर 4.90 प्रतिशत हो गई। फिर अगस्त में इसे 0.50 प्रतिशत बढ़ाया गया, जिससे ये 5.40 प्रतिशत पर पहुंच गई। सितंबर में ब्याज दरें 5.90 प्रतिशत हो गई। फिर दिसंबर में ब्याज दरें 6.25 प्रतिशत पर पहुंच गई। अब ब्याज दरें 6.50 प्रतिशत पर पहुंच गई है।

आर्थिक मामलों के जानकार बताते हैं कि रिजर्व बैंक के पास रेपो रेट के रूप में महंगाई से लड़ने का एक शक्तिशाली हथियार है। जब महंगाई बहुत ज्यादा होती है तो रिजर्व बैंक रेपो रेट बढ़ाकर इकोनॉमी में मनी फ्लो को कम करने की कोशिश करता है। रेपो रेट ज्यादा होगा तो बैंकों को आरबीआई से मिलेने वाला कर्ज महंगा होगा। बदले में बैंक अपने ग्राहकों के लिए लोन महंगा कर देंगे। इससे इकोनॉमी में मनी फ्लो कम होगा। मनी फ्लो कम होगा तो डिमांड में कमी आएगी और महंगाई घटेगी। इसी तरह जब इकोनॉमी बुरे दौर से गुजरती है तो रिकवरी के लिए मनी फ्लो बढ़ाने की जरूरत पड़ती है। ऐसे में आरबीआई रेपो रेट कम कर देता है। इससे बैंकों को आरबीआई से मिलने वाला कर्ज सस्ता हो जाता है और ग्राहकों को भी सस्ती दर पर लोन मिलता है। इस उदाहरण से समझते है। कोरोना काल में जब इकोनॉमिक एक्टिविटी ठप हो गई थी तो डिमांड में कमी आई थी। ऐसे में आरबीआई ने ब्याज दरों को कम करके इकोनॉमी में मनी फ्लो को बढ़ाया था।

यानि अब यह माना जाने लगा है कि हमारी अर्थव्यवस्था बहुत अच्छे दौर में आ चुकी है और इसीलिए ऋण महंगे कर दिए गए हैं। लेकिन दावों के इतर देखा जाए तो जो थोक महंगाई पिछले महीने कम बताई गई थी, वह दावा भी गलता था। कहीं किसी चीज के दाम कम नहीं हुए और न ही कोई सेवा सस्ती हुई। फिर कैसे महंगाई दर कम हुई, यह गले नहीं उतर पा रहा। अब बात मनी फ्लो की, तो महंगाई के साथ ही तंगहाली के इस दौर में भी चूंकि इस समय देश में शादी-ब्याह का मौसम चल रहा है और फसलें आने का मौसम आ चुका है, सो पैसे बाजार में अधिक आ रहे हैं। लेकिन यह केवल विशेष अवधि तक ही सीमित रहेगा, ऐसा लग रहा है।

अब पर्सनल से लेकर होम लोन तक महंगे होने का असर सीधे-सीधे मध्यम वर्ग पर ही पड़ना है। सरकार ने एक हाथ से दस लाख तक का टैक्स फ्री करके हलकी राहत दी, तो दूसरे हाथ से अधिक ईएमआई करके चोट कर दी। महंगे लोन से कौन परेशान होता है, यह सब जानते हैं। तीस लाख का लोन लो और साठ लाख चुकाओ। प्राइवेट बैंकों में तो कई बार तीन गुना तक पैसा चुकाना होता है। दरें एक तरफ और असलियत दूसरी तरफ। लेकिन सुने कौन? और कहे कौन? हम तो कभी रामचरित मानस की चौपाइयों में उलझे रहते हैं तो कभी मंदिर-मस्जिद में। कभी जातिगत आरक्षण को लेकर हाय तौबा मची होती है तो कभी जातिगत बयानों का युद्ध तेज हो जाता है। कोई यह जानने की कोशिश नहीं करता कि अडानी और ऐसे अन्य पांच प्रतिशत अमीर, बाकी पिच्चानबे प्रतिशत के बराबर दौलत कमा चुके हैं। कोई यह नहीं सोच पाता कि कोरोना काल में भी आम आदमी को बड़े कारोबारियों और सत्ताधीशों ने जमकर लूटा। कोई यह नहीं सोचता कि बजट से वास्तव में हमें मिला क्या? कोई यह नहीं सोचता कि राज्य और केंद्र सरकारें लाखों करोड़ के कर्ज में केवल जनता के हित की खातिर पड़ी हैं? इसलिए यदि कर्ज महंगे हुए, तो इसका स्वागत किया जाना चाहिए। जय हिंद।

राजवाड़ा-2 -रेसीडेंसी

# मुख्यमंत्री की नजरें इनायत नहीं हैं सबके मित्र पर

**अरविंद तिवारी**



पता नहीं क्यों मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान की नजरें इंदौर के महापौर पुष्यमित्र भार्गव पर इनायत नहीं हो पा रही हैं। संघ के दिग्गज दत्तात्रय होसबोले के वीटो के चलते भले ही पुष्यमित्र भार्गव महापौर का टिकट लाने और महापौर बनने में सफल रहे हों, लेकिन मुख्यमंत्री उनसे खफा से दिखते हैं। रुख भांपकर काम करने वाली नौकरशाही भी इसी कारण महापौर को तवज्जो नहीं दे रही है। इसका असर नगर निगम के कामकाज में भी देखने को मिल रहा है।

महापौर की स्थिति दो पाटों के बीच फंसे जैसी है। पार्षदों का दर्द न सुनें तो भी मुश्किल और सुनकर प्रतिक्रिया दे दें तो भी मुश्किल। इस बार तो निगम के अफसरों पर वे जिस अंदाज में बरसे उसे भोपाल तक इस अंदाज में पहुंचा दिया गया मानो वे मुख्यमंत्री के ड्रीम प्रोजेक्ट विकास यात्रा को फेल करना चाहते हैं।

**99 से 9 पर आ टिके हैं विक्रम वर्मा**



एक समय था जब भाजपा के दमदार नेता माने जाने वाले विक्रम वर्मा कहते थे कि मैं तो 99 पर खेल रहा हूं, कभी भी सेंचुरी मार सकता हूं। आशय यह था कि प्रदेश और केंद्र में सारे पदों पर रह चुका हूं, अब तो बस मुख्यमंत्री बनना बाकी है। यह तो संभव हो नहीं पाया और वर्मा दिन-ब-दिन राजनीति की निचली पायदान पर आते गए।

जिन विक्रम वर्मा की पूरे प्रदेश में तूती बोलती थी, वह पत्नी के धार से विधायक बनने के बाद अब सिर्फ एक विधानसभा क्षेत्र में सीमित हो गए हैं और अपने गृह जिले धार की राजनीति में भी विरोधियों से जूझ कर ही समर्थकों को उपकृत करवा पाते हैं। इसे कहते हैं समय का फेर।

**यहां तो सब मिलकर निपटाने में लगे हैं कमलनाथ को**

मध्यप्रदेश में कांग्रेस के जो हालात हैं, उसे देखकर तो यही लगता है कि एक बार फिर मध्यप्रदेश में कांग्रेस को सत्ता में लाने के लिए एड़ी-चोटी का जोर लगा रहे कमलनाथ के अलावा पार्टी का कोई बड़ा नेता चाहता ही नहीं है कि कांग्रेस की सरकार बने।



जिस तरह की बयानबाजी इन दिनों मध्यप्रदेश में कांग्रेस के नेता कर रहे हैं, उससे अब यह लगने लगा है कि जिस तरह से कांग्रेसियों ने ही 2008 में सुरेश पचौरी और 2013 में कांतिलाल भूरिया को निपटाया था, कुछ इसी तरह की तैयारी इस बार कमलनाथ को लेकर चल रही है। देखते हैं एक सुनियोजित रणनीति के तहत हो रहे इस प्रयास में कांग्रेस के कुछ बड़े नेता कितने सफल होते हैं।

**बड़ा सवाल- आखिर कांग्रेस है कहां मध्यप्रदेश में**

मध्यप्रदेश में कांग्रेस है कहां यह सवाल इन दिनों अलग-अलग स्तर पर होने वाली चर्चाओं में उठ रहा है। लेकिन सवाल उठाने वाले हाथों हाथ यह कहने में भी पीछे नहीं रहते हैं कि भाजपा को लेकर जो नकारात्मकता है, वह कांग्रेस को ही ताकत दे रही है। उदाहरण भी यही लोग दे देते हैं।

उनका कहना है कि जब बिना कुछ किए कांग्रेस नगरीय निकाय चुनाव में दो दर्जन निकायों में से आठ जगह नगर सरकार बना सकती है, तो फिर उसके लिए कुछ संभावनाएं तो दिख ही रही हैं। वैसे दो मुद्दे और कांग्रेस को मजबूती दे रहे हैं, पहला भारी भ्रष्टाचार और दूसरा नौकरशाही का जनप्रतिनिधियों पर हावी होना।

**कार्यवाही बीसीएम समूह पर, होश नेताओं और अफसरों के उड़े**

इंदौर के बीसीएम यानि बादलचंद मेहता समूह पर आयकर की कार्यवाही के बाद कई अफसरों, नेताओं और इन दोनों के बीच कड़ी का काम करने वाले लोगों के होश उड़े हुए हैं। इस समूह के कर्ताधर्ताओं से कई नेताओं, नौकरशाहों और उद्योग व्यवसाय से जुड़े दिग्गजों के बहुत ही मधुर संबंध हैं। पिछले 20 साल में इस समूह की तरक्की में इन तीनों कैटेगरी के लोगों का जबरदस्त सहयोग रहा है। लेकिन इसने बीसीएम ग्रुप को रियल इस्टेट, हॉस्पिलिटी और एफएमजीसी कारोबार के मामले में देश के नक्शे पर एक अलग पहचान तो दिलवा ही दी है। कहा तो यह भी जा रहा है कि कार्यवाही के पहले लगी भनक इस ग्रुप का बड़ा फायदा कर गई।

**कुमार पुरुषोत्तम- आखिर काम तो बोलता ही है न**

इस दौर में किसी आईएएस अफसर को एक जिले की कलेक्टरी भी नसीब हो जाए तो बड़ी बात है। कई ऐसे अफसर भी हैं जो आईएएस तो हो गए, लेकिन रिटायरमेंट तक कलेक्टर नहीं बन पाए, लेकिन कुछ अफसर इस मामले में भाग्यशाली रहे हैं, कुमार पुरुषोत्तम भी इनमें से एक हैं।

उज्जैन कलेक्टर के रूप में यह उनका चौथा जिला है। गुना, रतलाम और खरगोन होते हुए वे उज्जैन पहुंचे हैं। खासियत यह है कि जिस भी जिले में वे पदस्थ रहे अपनी एक अलग पहचान बनाई और इसी पहचान के कारण वे हर बार ऊंची पायदान पर पहुंचते गए। कहा जाता है कि वे जितने प्रियपात्र 'बड़े साहब' के हैं, उतने ही 'सरकार' के भी, आखिर काम तो बोलता है न।

**आमने-सामने तो नहीं रहेंगे दोनों जीतू**

2008 में जब राऊ विधानसभा क्षेत्र में जीतू पटवारी और जीतू जिराती आमने-सामने हुए थे, तब जीत जिराती को मिली थी। 2013 में पटवारी ने हिसाब बराबर कर लिया। अब 2023 की बात शुरू हो गई है। इस विधानसभा क्षेत्र में किसी भी उम्मीदवार की हार-जीत तय करने में खाती समाज के मतदाताओं की अहम भूमिका रहती है। दोनों जीतू इसी समाज से हैं। समाज की जाजम पर तय हो गया है कि कुछ भी हो जाए इस बार दोनों को आमने-सामने नहीं रहना है। इस फैसले के बाद कौन राऊ में ही रुकता है और कौन आसपास की किसी सीट पर मोर्चा संभालता है, यह देखना बाकी है। वैसे राऊ से बाहर जाने की संभावना जिराती में ज्यादा देखी जा रही है और महू में इसकी हलचल इसी का संकेत माना जा रहा है।

**बुरे फंसे रोहन सक्सेना**

कम समय में औद्योगिक विकास निगम के कार्यकारी निदेशक जैसी महत्वपूर्ण पदस्थापना पा गए राज्य प्रशासनिक सेवा के अफसर रोहन सक्सेना इन दिनों बड़े असहज हैं। इसका कारण यह है कि अब इस निगम के एमडी यहां के कामकाज को बहुत बारीकी से समझने वाले मनीष सिंह हो गए हैं। सिंह पहले इंदौर में भी इस निगम का कामकाज देख चुके हैं। सक्सेना तेज गति से चलने वाले और कई मोर्चों पर एक साथ चलने वाले अफसर माने जाते हैं और ऐसे अफसर मनीष सिंह के सामने टिक नहीं पाते हैं। कहा यह जा रहा है कि इंदौर में जो रायता सक्सेना ने फैला रखा है उसे समेटने का काम मनीष सिंह को करना पड़ रहा है।

**चलते-चलते**

आईएएस रोहित सिंह और हर्षिका सिंह सेवानिवृत्ति के बाद कहां सेटल होंगे यह तो सालों बाद तय हो पाएगा, लेकिन नौकरी शुरू करने के कुछ साल बाद ही इस दंपत्ति ने फिलहाल जिस जगह को अपने निवास के लिए चुना है, उससे कइयों को चौकना स्वाभाविक है। भोपाल में इस दंपत्ति का नया आशियाना इन दिनों नौकरशाहों के साथ ही नेताओं के बीच भी चर्चा का विषय है।

**पुछल्ला**

मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान इन दिनों इंदौर में गोलू शुक्ला को बहुत तवज्जो दे रहे हैं। शुक्ला के साथ मुख्यमंत्री का यह साफ्ट कार्नर उनके चचेरे भाई इंदौर 1 विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस विधायक संजय शुक्ला के लिए परेशानी का कारण बन सकता है। यहां इसी साल के अंत में होने वाले चुनाव में शुक्ला बनाम शुक्ला जैसी स्थिति भी बन सकती है।

**बात मीडिया की**

अपने डिजिटल प्लेटफार्म को तेजी से आगे बढ़ा रहे भास्कर समूह ने फिर से प्रिंट मीडिया पर निगाहें टिकाई हैं। आने वाले दिनों में दैनिक भास्कर में कन्टेंट और क्वालिटी में काफी बदलाव देखने को मिल सकते हैं।

भास्कर समूह के एमडी सुधीर अग्रवाल की बेटी की शादी में दैनिक भास्कर ने एक बार फिर अपने पावर का अहसास करा दिया। कई केंद्रीय मंत्री, कई राज्यों के मुख्यमंत्री, भाजपा और कांग्रेस के बड़े नेताओं सहित कई बड़े ब्यूरोक्रेट्स अलग-अलग दिन विवाह समारोह में शिरकत करने पहुंचे।

इन्फ्रास्ट्रक्चर, रेलवे और डेवलपमेंट ओरिएंटेड खबरों के मामले में महारत रखने वाले वरिष्ठ पत्रकार अमित जलधारी अब टीम अग्निबाण का हिस्सा हो गए हैं।

टीम दैनिक भास्कर में कुछ महीने पहले ही शामिल हुई रिपोर्टर आरती मंडलोई अब अब इसी संस्थान में नई भूमिका में दिख सकती हैं। आरती को मार्केटिंग से जुड़ी खबरों में महारत हासिल है।

# दुबई में विदेश नीति का डंका

**डॉ. वेदप्रताप वैदिक**

दुबई के इस चार दिन के प्रवास में मेरा कुछ समय तो समारोहों में बीत गया लेकिन शेष समय कुछ खास-खास लोगों से मिलने में बीता। अनेक भारतीयों, अफगानों, पाकिस्तानियों, ईरानियों, नेपालियों, रूसियों और कई अरब शेखों से खुलकर संवाद हुआ। इस संवाद से पहली बात तो मुझे यह पता चली कि दुबई के हमारे प्रवासी भारतीयों में भारत की विदेश नीति का बहुत सम्मान है। हम लोग नरेंद्र मोदी और विदेश नीति की कई बार दिल्ली में कटु आलोचनाएं भी सुनते हैं लेकिन यहां तो उसका असीम सम्मान है। संयुक्त अरब अमारात के टीवी चैनलों और अखबारों का स्वर भी इस राय से काफी मिलता-जुलता है। पड़ौसी देशों के प्रमुख लोगों ने, इधर मैं जो दक्षिण और मध्य एशिया के 16 देशों का जन-दक्षेस नामक नया संगठन खड़ा कर रहा हूँ, उसमें भी पूर्ण सहयोग का इरादा प्रकट किया है। मुझे यह जानकर और भी अच्छा लगा कि पाकिस्तान और अफगानिस्तान के कुछ प्रमुख लोगों ने भारत द्वारा काबुल को प्रेषित 50 हजार टन अनाज और दवाइयों की पहल की बहुत तारीफ की। उनका सुझाव यह भी था कि इस संकट के वक्त यदि भारत पाकिस्तान की मदद के लिए हाथ बढ़ा दे तो पाकिस्तान की जनता मोदी की मुरीद हो जाएगी। यदि शाहबाज़ शरीफ और फौज मोदी की दरियादिली को नकार दें तो उनकी काफी किरकिरी हो सकती है। इसी प्रकार कई प्रमुख अफगान नेताओं ने मुझसे सुदीर्घ वार्ताओं में कहा कि वे भारत सरकार द्वारा दी गई मदद से तो अभिभूत हैं ही, लेकिन वे ऐसा मानते हैं कि अफगानिस्तान की अस्थिरता को यदि कोई मुल्क खत्म कर सकता है तो सिर्फ भारत ही कर सकता है। अमेरिका और रूस ने अफगानिस्तान में फौजें भेजकर देख लिया, करोड़ों रूबल और डॉलर उन्होंने वहां बहा दिए और बड़े बेआबरू होकर वे वहां से निकले। उनका मानना है कि अकेला भारत अगर पहल करे और अमेरिका के जो बाइडन या कमला हैरिस और ब्रिटेन के ऋषि सुनाक को अपने साथ जोड़ ले तो अफगानिस्तान में शांति और व्यवस्था कायम हो सकती है। इन तीनों राष्ट्रों की संयुक्त पहल को मानने से न तो तालिबान इन्कार कर सकते हैं, न ही पूर्व अफगान राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री और न ही पाकिस्तान! यूक्रेन के मामले में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और विदेश मंत्री डॉ. जयशंकर ने जैसा संतुलित रवैया अपनाया है, उसने विश्व राजनीति में भारत की छवि को चमका दिया है। इसी चमक का इस्तेमाल वह अपने पड़ौस के अंधेरे को दूर करने में क्यों न करे?



जनरल मुशर्रफ के साथ डॉ. वैदिक

# निदा साहब ने शाइरी को महबूबा के पहलू से निकाल कर मां की गोद पर रख दिया...

**जयराम शुक्ल**

निदा साहब को इस दुनिया से रुखसत हुए आज के दिन छह साल पूरे हो गए। निदा साहब गजल और शाइरी को कोठे की रूमानियत से निकाल कर खेत, खलिहान में गेहूं, धान, और आंगन में तुलसी के बिरवा की तरह रोप गये। उनके आदर्श मीरोगालिब नहीं बल्कि कबीर, तुलसी, सूर, बाबा फरीद थे। निदा फाजली में ही वो गुर्दा था जो पाकिस्तान में जाकर कह आए-

घर से मस्जिद है बहुत दूर चलो ये करलें,
किसी रोते हुए बच्चे को हंसाया जाए।

वो मनुष्य को ईश्वर की सबसे बड़ी नेमत मानते थे।

मंदिर और मस्जिद दोनों को तो आदमी ने गढा है, पर आदमी ईश्वर की औलाद है इसलिये वह मंदिर. मस्जिद से बड़ा है।

..निदा साहब की हर रचनाएं अध्यात्म की ऋचाएं हैं और वे वैसे ही सहजता से व्यक्त करते हैं जैसे कबीर, सूर, तुलसी कर गए

दुनिया जिसे कहते हैं जादू का खिलौना है,
मिल जाए तो माटी है खो जाए तो सोना है।

मंचीय कवि परंपरा में मां की जैसी प्राणप्रतिष्ठा निदा साहब ने की वह उनके बाद की पीढ़ी के कवि शायरों के लिए नजीर है। आज मुनव्वर राणा और आलोक श्रीवास्तव जैसे कई रचनाकार मंचों पर मां पर लिखी नज्मों,गजलों की वजह से चर्चित हैं।

निदा साहब ने शाइरी को महबूबा के पहलू से निकाल कर मां की गोद पर रख दिया

मैं रोया परदेश में भीगा मां का प्यार,
दिल ने दिल से बात की बिन चिट्ठी बिन तार।।

या फिर जगजीत के सुरों से सजी वो सोंधी गजल..

बेसन की सोंधी रोटी पर, खट्टी चटनी जैसी मां,
याद आती है चौका बासन चिमैटा फुकनी जैसी मां।



निदा एक दार्शनिक शायर थे। जो बातें दर्शनशास्त्री गूढ व्याख्या के साथ सामने लाते हैं वही निदा साहब आम जबान में..

.दो और दो का जोड़ हमेशा चार कहां होता है,
सोच समझ वालों को इतनी नादानी दे मौला।
तेरे रहते कोई किसी की जान का दुश्मन क्यों हो
जीने वाले को मरने की आसानी दे मौला।

.निदा साहब फिल्मों में साहिर और शैलेन्द्र के आगे की लकीर थे। निदा साहब के शब्दों ने ही जगजीत सिंह की गायकी में प्राण फूंके .. जगजीत जी का जन्मदिन है। परलोक में भी वे निदा साहब के साथ जुगलबंदी निभा रहे होंगे। दोनों ने ही आम आदमी के नैराश्य में संघर्ष की तपिश दी और कामयाबी का जज्बा जगाया..।

निदा साहब की वे रचनाएं जिन्हें आज मैं याद किए, गुनगुनाए बिना नहीं रह सकता

एक

कभी किसी को मुकम्मल जहाँ नहीं मिलता
कहीं ज़मीं तो कहीं आस्माँ नहीं मिलता
बुझा सका ह भला कौन वक़्त के शोले
ये ऐसी आग है जिसमें धुआँ नहीं मिलता
तमाम शहर में ऐसा नहीं ख़ुलूस न हो
जहाँ उमीद हो सकी वहाँ नहीं मिलता
कहाँ चिराग़ जलायें कहाँ गुलाब रखें
छतें तो मिलती हैं लेकिन मकाँ नहीं मिलता
ये क्या अज़ाब है सब अपने आप में गुम हैं
ज़बाँ मिली है मगर हमज़बाँ नहीं मिलता
चिराग़ जलते ही बीनाई बुझने लगती है
खुद अपने घर में ही घर का निशाँ नहीं मिलता
कभी किसी को मुकम्मल जहाँ नहीं मिलता
कहीं ज़मीं तो कहीं आसमाँ नहीं मिलता
जिसे भी देखिये वो अपने आप में गुम है
ज़ुबाँ मिली है मगर हमज़ुबा नहीं मिलता
बुझा सका है भला कौन वक़्त के शोले
ये ऐसी आग है जिस में धुआँ नहीं मिलता
तेरे जहान में ऐसा नहीं कि प्यार न हो
जहाँ उम्मीद हो इस की वहाँ नहीं मिलता

दो

बेसन की सोंधी रोटी पर
खट्टी चटनी जैसी माँ
याद आती है चौका-बासन
चिमटा फुकनी जैसी माँ
बाँस की खुर्री खाट के ऊपर
हर आहट पर कान धरे
आधी सोई आधी जागी
थकी दोपहरी जैसी माँ
चिड़ियों के चहकार में गूंजे
राधा-मोहन अली-अली
मुर्ग़े की आवाज़ से खुलती
घर की कुंडी जैसी माँ
बीवी, बेटी, बहन, पड़ोसन
थोड़ी थोड़ी सी सब में
दिन भर इक रस्सी के ऊपर
चलती नटनी जैसी माँ
बाँट के अपना चेहरा, माथा,
आँखें जाने कहाँ गई
फटे पुराने इक अलबम में
चंचल लड़की जैसी माँ

तीन

गरज बरस प्यासी धरती पर फिर पानी दे मौला
चिड़ियों को दाना, बच्चों को गुड़धानी दे मौला
दो और दो का जोड़ हमेशा चार कहाँ होता है
सोच समझवालों को थोड़ी नादानी दे मौला
फिर रोशन कर ज़हर का प्याला चमका नई सलीबें
झूठों की दुनिया में सच को ताबानी दे मौला
फिर मूरत से बाहर आकर चारों ओर बिखर जा
फिर मंदिर को कोई मीरा दीवानी दे मौला
तेरे होते कोई किसी की जान का दुश्मन क्यों हो
जीने वालों को मरने की आसानी दे मौला।

चार

दुनिया जिसे कहते हैं जादू का खिलौना है
मिल जाए तो मिट्टी है खो जाए तो सोना है
अच्छा-सा कोई मौसम तन्हा-सा कोई आलम
हर वक़्त का रोना तो बेकार का रोना है
बरसात का बादल तो दीवाना है क्या जाने
किस राह से बचना है किस छत को भिगोना है
ग़म हो कि ख़ुशी दोनों कुछ देर के साथी हैं
फिर रस्ता ही रस्ता है हँसना है न रोना है
ये वक्त जो तेरा है, ये वक्त जो मेरा है
हर गाम पर पहरा है, फिर भी इसे खोना है
आवारा मिज़ाजी ने फैला दिया आंगन को
आकाश की चादर है धरती का बिछौना है।

पाँच

बृन्दाबन के कृष्ण कन्हैय्या अल्लाह हू
बँसी राधा गीता गैय्या अल्लाह हू
थोड़े तिनके थोड़े दाने थोड़ा जल
एक ही जैसी हर गौरय्या अल्लाह हू
जैसा जिस का बर्तन वैसा उस का तन
घटती बढ़ती गंगा मैय्या अल्लाह हू
एक ही दरिया नीला पीला लाल हरा
अपनी अपनी सब की नैय्या अल्लाह हू
मौलवियों का सजदा पंडित की पूजा
मज़दूरों की हैय्या हैय्या अल्लाह हू।।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक भरत पटेल द्वारा इंडिपेंडेंट प्रेस 11, प्रेस काम्प्लेक्स, एमपी नगर, जोन-1, भोपाल से मुद्रित तथा 226, एमपी नगर जोन-2, भोपाल से प्रकाशित। संपादक — भरत पटेल, प्रबंध सलाहकार — भारती पटेल, संपादकीय सलाहकार — विष्णु कौशिक, सलाहकार संपादक - स्मिता पटेल, स्थानीय संपादक —संजय सक्सेना,
प्रकाशन से संबंधित समस्त समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार। समस्त न्यायिक कार्यवाहियों के लिए क्षेत्राधिकार भोपाल न्यायालय का रहेगा। रजि. नं. भोपाल डिवी. 48 म.प्र.। ई-मेल : dspbpl67@gmail.com, वेबसाईट: dainiksandhyaprakash.in

# मंगल को भेजा जेल, आक्रोशित हिंदू समाज ने पदम नगर थाने पर दिया चार घंटे धरना

## विधर्मी युवाओं को लव जिहाद, अवैध कारोबार, पत्थरबाजी, हर अपराध पर क्यों छोड़ देती है पुलिस





खंडवा। सोमवार को अंजनी टॉकीज और शाह फर्नीचर के सामने इमाम पर जानलेवा हमला करने वाले युवकों को पुलिस व्यवस्था ने 24 घंटे के अंदर ही हिरासत में ले लिया, जिसमें 3 बच्चे नाबालिक है एक युवक मंगल पटेल उम्र 22 वर्ष को थाना पदम नगर ने बनाया सहआरोपी, पदम नगर थाना ने घटना का मास्टरमाइंड बताया मंगल पटेल को जिसे जिला चिकित्सालय में स्वास्थ्य परीक्षण कराने के पश्चात खंडवा न्यायालय पहुंचाया गया वहां से भेजा गया खंडवा जेल। मंगल पटेल को जैसे ही न्यायालय द्वारा जेल भेजे जाने का आदेश दिया गया वैसे ही सैकड़ों की संख्या में हिंदू संगठनों के युवाओं ने पदम नगर थाने में जा कर दिया धरना जहां इन सभी युवाओं ने प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारियों एसपी एसडीएम खंडवा को बुलाने की गुहार लगाई किंतु 4 घंटे तक धरने पर बैठे युवाओं को सुनने के लिए नहीं पहुंचे अधिकारी, सीएसपी पूनम चंद यादव थाना पदम नगर काफी देर तक बैठे रहे किंतु उन्होंने युवाओं से नहीं की चर्चा, 4 घंटे धरने पर बैठे युवाओं में हनुमान चालीसा का पाठ किया ओम नमः शिवाय का जाप किया और आतंकी मानसिकता एवं पाकिस्तान प्रेमी विधर्मीयों को पाकिस्तान भेजे जाने के नारे लगाए। इमाम पर हुए हमले को लेकर युवा हिंदू नेता अमित जैन ने बताया की मंगल पटेल को प्रशासन ने कुछ विधर्मियों के कहने पर बेवजह हिरासत में ले लिया है, शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में विधर्मी समाज के युवाओं द्वारा गरीब लाचार और पुरुष विहीन परिवारों को टारगेट बनाया जा रहा है यह सभी घटनाएं कई वर्षों से हिंदू युवा देख रहे हैं विधर्मी युवकों द्वारा पत्थरबाजी, राम जी को लेकर अभद्र टिप्पणी, नारेबाजी, चाकूबाजी, गुंडागर्दी जैसी घटनाओं में पुलिस ना ही कोई कार्रवाई करती है और यदि कार्रवाई का दबाव बनाया जाता है तो कुछ दिन युवाओं को हिरासत में लेकर पुलिस प्रशासन उन्हें धीरे से छोड़ देता है जिससे इनका मनोबल दिन पर दिन बढ़ता जा रहा है, खंडवा में पुलिस अधिकारी अपनी नौकरी बचाने और समय निकालने की प्रयास में लगा रहता है वही हर थानों के सिपाही दो गुटों में बंटे हैं जो हिंदू और मुस्लिम झगड़ों में दोनों ही पक्षों से धन बटोरने का काम करते हैं, प्रशासन और सत्ता नहीं जागी तो आने वाले समय में मुश्किलें और बढ़ जाएंगे, युवा हिंदू नेता नेता मोनू गौर ने बताया की विधर्मी युवकों द्वारा हिंदू परिवारों के साथ किए गए शोषण को पुलिस व्यवस्था अनदेखा करती है वही यदि हिंदू आक्रोशित होकर इसका प्रत्युत्तर देता है तो उस हिंदू युवक के बुजुर्ग मां-बाप को भी पुलिस उठाकर थाने में बैठा देती है वर्तमान में हिंदुओं पर हो रहे अत्याचार को लेकर प्रशासन से लेकर सत्ताधारी भी खामोश बैठे हैं।

## एक दिवसीय विकास खंड स्तरीय आयुष मेले का हुआ आयोजन

नैनपुर। नैनपुर के जे आर सीआर सी ग्राउंड में मध्यप्रदेश शासन आयुष विभाग द्वारा जिला आयुष अधिकारी के निर्देशानुसार संत रविदास जयंती के अवसर पर खंड स्तरीय आयुष मेला का आयोजन नैनपुर ब्लॉक मे किया गया !मेले मे नगरपालिका उपाध्यक्ष श्रीमति संजूलता वैष्णव एवं वार्ड नंबर 4 5,14 की पार्षद भी उपस्थित। रही !विभाग द्वारा संचालित योजना देवयारान्य योजना, आयुष क्वेर एप, जन योजना प्रदर्शिनी, हर दिन हर घर आयुर्वेद, ॥ड्डष्ट,योग,औषधिय पौधो की जानकारी दी गई !कुल पंजीकृत रोगी संख्या 1114 रही !शिविर नोडल अधिकारी डॉ. संगीता उइके, डॉ. नीता भलावी राव, डॉ. नेहा पाटिल, डॉ. अंजुलता मरकाम, औषधि संयोजक हितेश साहू, दिलीप उइके, हिरेन्द्र परते,भागरती धुर्वे, दोर्पदी उइके, दीपा कहार, आरती भारद्वाज़, लक्सणिकांत उइके, स्वीटी झरिआ, रामप्यारी उइके,अर्चना सिंगोर का सहयोग रहा !सभी जनप्रतिनिधियों द्वारा आयुष विभाग के कार्य की सराहना की गई।

## विकास यात्रा के दौरान ग्रामीणों को दी योजनाओं की जानकारी



खण्डवा । विकास यात्रा के तीसरे दिवस 7 फरवरी को मांधाता विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न ग्रामों में विधायक मांधाता श्री नारायण पटेल द्वारा शासन की योजनाओं के लाभान्वित हितग्राहियों को बधाई दी तथा उन्हें आगे आकर लाभ लेने का आग्रह किया। इसी प्रकार पंधाना विधायक श्री राम दांगोरे द्वारा पंधाना विधानसभा के विभिन्न ग्रामों का दौरा कर पौधरोपण किया तथा ग्रामवासियों को शासन की योजनाओं का लाभ दिलाते हुए उन्हें और लाभान्वित होने के लिए बताया। विधायक श्री दांगोरे ने कहा कि आपकी क्या परेशानी है हमें बताएं। शासन की बहुत सी योजनाएं है, जिसमें आप पात्रता अनुसार लाभ लें सकते है। इसी तरह खण्डवा विधायक श्री देवेन्द्र वर्मा द्वारा भी अपने विधानसभा क्षेत्र के आज के निर्धारित गांवों में जाकर ग्रामवासियों से चर्चा की तथा शासन की योजनाओं से लाभान्वित हितग्राहियों को बधाई दी। ग्रामवासियों को कहा कि आपकी जो समस्याएं हो उन्हें बताएं, जिससे उन्हें दूर किया जा सके। इसके अलावा हरसूद विधानसभा क्षेत्र में स्थानीय विधायक तथा वन मंत्री डॉ. कुंवर विजय शाह ने दौरा कर ग्रामवासियों को नर्मदा जल के बारे में बताया तथा विभिन्न निर्माण कार्यो की जानकारी दी। कार्यक्रम में डॉ. शाह द्वारा कन्या पूजन कर सभा को संबोधित किया तथा ग्रामवासियों की समस्याओं से अवगत हुए और उन्हें पूर्ण करने का आश्वासन दिया।

## विकास यात्रा 8 फरवरी को जिले में विभिन्न ग्रामों से गुजरेगी

खण्डवा । विकास यात्रा के चौथे दिन 8 फरवरी को मांधाता विधानसभा क्षेत्र के ग्राम नेतनगांव से बोराडी रैयत तथा ग्राम करोली, टोकी, बखरगांव, गौल सैलानी, कामनखेड़ा, टेमाचा, हरवंशपुरा, बावड़िया, नरलाय, बोराड़ीमाल तथा देगांवा जायेगी। इसी तरह हरसूद विधानसभा क्षेत्र के ग्राम बेड़ियाव से नवलपुरा सात्रीपूर्न, देवल्दी, बोरीबांदरी, ब्रम्होगांव, कसरावद, बरूड़ माल, भराड़ी रैयत, इमलानी, बेलवाड़ी, बड़खालियामाल, महकपुरा जायेगी। खण्डवा विधानसभा क्षेत्र के ग्राम केहलारी से भैंसावा तक, जिसमें केहलारी, जामली सैयद, फतेहपुरमुंदी, माथनी रैयत, बोदुल, जामलीमुंदी, तथा पंधाना विधानसभा क्षेत्र में भग्यापुर से सराय, इटावा रैयत, बलवाड़ा, जिरवन, बोरखेड़ा कला, चिचखेड़ा, पांचबेडी, पिपलौद खास, रामपुरी रैयत, चारखेड़ा, कुमठा, डहेरिया, भीलखेड़ी सराय जायेगी।

## लाड़ली बालिकाओं को छात्रवृत्ति का किया वितरण

खण्डवा । लाड़ली लक्ष्मी योजना अंतर्गत कक्षा 6वी कक्षा, 9 वीं, 11वी एवं 12वी में अध्ययनरत लाड़ली बालिकाओं को छात्रवृत्ति वितरण का जिला स्तरीय कार्यक्रम 7 फरवरी को खण्डवा के एन.आई.सी. कक्ष में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में 7 बालिकाएं जिसमें कक्षा 6वी कक्षा, 9 वी एवं 11वी तक को लाड़ली छात्रवत्ति बालिका प्रमाण पत्र दिए गए तथा 4 बालिकाओं को लाड़ली लक्ष्मी प्रमाण पत्र दिए गए। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान का लाईव प्रसारण भी दिखाया गया। कार्यक्रम में महापौर श्रीमती अमृता यादव, नगर निगम अध्यक्ष श्री अनिल विश्वकर्मा, जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास श्री विष्णु प्रताप सिंह राठौर तथा बालिकाएं उपस्थित थी। (फोटो संलग्न)

## कृषि यंत्र हेतु किसान भाई 12 फरवरी तक जमा करें आवेदन

खण्डवा । वर्ष 2022-23 हेतु 12 फरवरी 2023 तक कृषि यंत्र पावर वीडर, लेजर लेंड लेवलर एवं विनोविंग फेन (ट्रेक्टर/मोटर ऑपरेटेड) के जिलेवार लक्ष्य जारी किये जा रहे है। प्राप्त आवेदनों में से लक्ष्यों के विरूद्ध लॉटरी 13 फरवरी 2023 को सम्पादित की जायेगी। लॉटरी उपरांत चयनित कृषकों की सूची एवं प्रतीक्षा सूची पोर्टल पर दोपहर 3 बजे प्रदर्शित की जावेगी। सहायक कृषि यंत्री खण्डवा ने बताया कि कृषक स्वयं के बैंक खाते से धरोहर राशि का डिमांड ड्राफ्ट सम्बंधित जिले के सहायक कृषि यंत्री के नाम से बनवाकर ऑनलाईन आवेदन कर सकते है। उन्होंने बताया कि लेजर लेंड लेवलर के लिए 10 हजार रूपये धरोहर राशि का डिमांड ड्राफ्ट भरना होगा। इसके अलावा पावर वीडर एवं विनोविंग फेन (ट्रेक्टर/मोटर ऑपरेटेड) के लिए 5-5 हजार रूपये धरोहर राशि का डिमांड ड्राफ्ट बनवाना होगा। उन्होंने बताया कि पंजीयन में डिमांड ड्राफ्ट निश्चित राशि से कम का होने पर आवेदन अमान्य किया जाएगा। इस वर्ष जिन भी कृषकों ने पूर्व में कृषि यन्त्र पावर वीडर एवं विनोविंग फेन (ट्रेक्टर/मोटर ऑपरेटेड) हेतु पंजीयन किये थे, परन्तु उनका चयन लॉटरी में नहीं हुआ। उन सभी कृषकों को पुनः पंजीयन करने की आवश्यकता नहीं है, उन्हें लॉटरी प्रक्रिया में सम्मिलित किया जाएगा।

## विकास यात्रा से लोगों में दिखा उत्साह


# तीसरे दिन की विकास यात्रा में करोडो के कार्यो का लोकार्पण कर दी अनेको सौगातें

धार,। मध्यप्रदेश सरकार द्वारा चलाई जा रही विकास यात्रा 5 फरवरी 2023 से जनपद पंचायत तिरला के ग्राम चिकल्या से प्रारंभ होकर ग्राम पंचायत खरमपुर,चंदवाडा, आहु, अकोदा, धामंदा, सिमलावदा, खरसोडा, चिलुर, बोधवाडा से होते हुये मंगलवार को ग्राम तिरला, आमखेडा, मोहनपुर एवं हिम्मतगढ में पहुची । जिसमें पूर्व केन्द्रीय मंत्री श्री विक्रम वर्मा, विधायक श्रीमती नीना वर्मा, जिला पंचायत अध्यक्ष श्री सरदारसिंह मेडा, जिला योजन समिति सदस्य श्री राजीव यादव ने अपना संबोधित दिया।

कार्यक्रम में विभिन्न जन कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देते हुये सभी पात्र लोगो को योजनाओं को लाभ लेने की अपील की गई। तिरला में विकास यात्रा की शुरूआत बाईक रैली से की गई। यात्रा के दौरान अतिथियों द्वारा विगत 5 वर्षो में करवाये गये लगभग 830 निमार्ण कार्य जो कि कुल राशि 305 लाख के विकास कार्यो का ब्यौरा ग्रामीणों को दिया। इसी प्रकार अन्य शासकीय योजना जैसे संबल योजना में 126 प्रकरणों की कुल राशि 2.94 करोड का भुगतान किया गया । स्वच्छ भारत मिशन अंतर्गत 4.40 करोड की राशि से कुल 3668 शौचालयों का निर्माण कराया गया, प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत 17.23 करोड की राशि से लगभग 1249 आवासों का निर्माण कराया गया। इसी प्रकार 1937 पेंशन के हितग्राहियों को 11.62 लाख की राशि का भुगतान संबंधितो को प्रतिमाह किया जा रहा है।

यात्रा के दौरान ग्राम पंचायतो में स्वच्छ भारत मिशन अंतर्गत कचरा वाहन (ई रिक्शा) का लोकापर्ण भी अतिथियो के द्वारा किया गया। यात्रा के दौरान कन्या आश्रम तिरला का निरीक्षण भी किया गया निरीक्षण के दौरान विधायक द्वार छात्रावास की छात्राओं से चर्चा की गई। विकास यात्रा में विधायक एवं जन प्रतिनिधियो द्वारा विभिन्न स्थानो पर वृक्षा रोपण एवं श्रमदान किया गया। साथ ही राष्टीय ग्रामीण आजीविका मिशन अंतर्गत नारी अधिकार केन्द्र का शुभारम्भ किया गया। नारी अधिकार केन्द्र के माध्यम से महिलाओं से संबंधित शासन द्वारा चलाई जा रही योजनाओं की जानकारी उपलब्ध कराते हुए महिलाओं को योजनाओ से जोडने का कार्य किया जायेगा एवं महिलाओ से जुडी समस्याओ के समाधान में केन्द्र द्वारा सहयोग प्रदान किया जावेगा। समूहो को मध्यप्रदेश ग्रामीण बैंक के माध्यम से कुल राशि 30.80 लाख के ऋण वितरित किये गये। जिससे महिलाओ की आजिवका सदृढ हो सके।

## क्रिश्यिन इंग्लिश कॉलेज में ब्लैसिंग सेरेमनी कार्यक्रम संपन्न





छतरपुर। क्रिश्चियन इंग्लिश कॉलेज छतरपुर में आज विलेसिंग सेरेमनी का कार्यक्रम हर्षोल्लास से मनाया गया इसका उददेश्य आने वाली बोर्ड परीक्षा में सम्मलित होने वाले 10वीं और 12वीं के छात्रों को आर्शीवाद देना ताकि उनकी सेहत अच्छी रहे और लोग अच्छे से ऐग्जाम में सम्मलित हो सके और उनका उज्जवल भविष्य बने। संस्था के प्रबंधक विशप डॉ. ग्रेवियल मैसी ने 10वीं और 12वीं बच्चों के लिए प्रार्थना की और सभी बच्चों को एक-एक कर आर्शीवाद दिया। उनकों बेस्ट विसिस का कार्ड दिया गया। सभी 10वीं-12वीं बच्चों ने एक-एक केडिंल अपने हाथों में बड़ी केन्डिल से जलाकर ली और सामूहिक प्रार्थना की ।कार्यक्रम की संचालनकर्ता मेहनाज खान ने बताया कि यह जो बड़ी केन्डिल जो जल रही है वह क्रिश्चियन इंग्लिश कॉलेज है और बच्चे जो केंडिल लिए हे बह सभी बच्चे शिक्षा व प्रकाश पूरे देश-विदेश में फैलाकर अपना भविष्य उज्जवल बनाये। बड़ी केन्डिल को 12वीं के छात्रों ने 11वीं के छात्रों को सौंपी और उनकों अपनी सारी जवाबदारी सौंपी और कहा कि वह आगे इसी तरह अच्छी पढ़ाई करे और अच्छा रिजल्ट लेकर स्कूल के लिए लेकर आये । संस्था के प्रबंधक विशप डॉ. ग्रेवियल मैसी ने असिस्ट मैनेजर अर्पना मैसी, प्रिसिपल अरूणेश जॉन लाल, इंचार्ज प्रिंसिपल शशि ब्राउन व सभी टीचर्स की मौजूदगी में बच्चों को बेहतर भविष्य की शुभकामनाए दी।

## श्री कृष्णा विश्वविद्यालय में 09 फरवरी को कैम्पस प्लेसमेन्ट का आयोजन

छतरपुर। श्री कृष्णा विश्वविद्यालय छतरपुर में प्रगति एग्रो इंडस्ट्रीज भोपाल के सहयोग से कैम्पस प्लेसमेंट का आयोजन 09 फरवरी 2023 को आयोजित होने जा रहा है। प?लेसमेंट सम?बन्धित जानकारी ट्रेनिंग एवं प्लेसमेंट विभाग प्रभारी कुमारी प्रिन्सी पाठक, सहयोगी श्री सुदर्शन बबेले एवं कु. प्रतिक्षा तिवारी ने दी। उन्होने बताया कि विश?वविद्यालय के ट्रेनिंग एवं प्लेसमेंट विभाग द्वारा समय-समय पर विद्यार्थियों को रोजगार उपलब्ध कराने के लिए कैम्पस प्लेसमेंट का आयोजन किया जाता है। इस कैम्पस प्लेसमेंट में विश्वविद्यालय के किसी भी संकाय में अध्ययनरत् स्नातक उत्तीर्ण एवं स्नातक अंतिम वर्ष में अध्ययनरत् विद्यार्थी अपनी सहभागिता कर सकते हैं। जो भी विद्यार्थी कैम्पस प्लेसमेंट में अपनी सहभागिता कराना चाहते हैं वह यथाशीघ्र अपना पंजीयन विश्वविद्यालय के कैम्पस प्लेसमेंट विभाग में आकर करवा सकते हैं। कैम्पस प्लेसमेंट का आयोजन विश्वविद्यालय परिसर में निर्धारित दिनांक एवं समय पर किया जायेगा। विश्वविद्यालय के कुलाधिपति डॉ. ब्रजेन्द्र सिंह गौतम, चेयरमैन डॉ. पुष्पेन्द्र सिंह गौतम, उपकुलपति श्री गिरीश त्रिपाठी, कुलसचिव श्री विजय सिंह, प्राध्यापकों एवं विश्वविद्यालय परिवार ने कैम्पस प्लेसमेंट में अधिक से अधिक छात्र-छात्राओं को पंजीयन कराने के लिए मार्गदिर्शित किया हे।

# विकास यात्रा बनाम खोखला दिखावा: शर्मा

## सरकारी खजाने की खेली जा रही है होली

सिवनी– विकास यात्रा में भाजपा की अर्न्तकलह देखने को मिली। प्रदेश स्तर पर कई दिनों से सरकार द्वारा की जा रही तैयारी, करोड़ों रुपये पानी की तरह विकास यात्रा के लिए सरकारी खजाने का बहाया गया। उसके बाद भी सिवनी विकास यात्रा में जिले के प्रभारी मंत्री का न होना स्पष्ट करता है कि भाजपा में गुटबाजी चरम पर है। गुटबाजी के चक्कर में जिले के प्रभारी मंत्री ओमप्रकाश सखलेचा ने ऐसे सरकारी कार्यक्रम से दूरी बना ली जो कि विकास यात्रा के मुखियां थे। नगर के लोगों नें भी विकास यात्रा को लेकर कोई रूची नहीं दिखायी और यात्रा से दूरी बना ली। भाजपा कार्यालय में जिले के प्रभारी मंत्री को भाजपा के पार्षद और नेताओं के विरोध का सामना करना पड़ा, भाजपा कार्यालय में भाजपा के नेताओं ने प्रभारी मंत्री को खरी-खोटी सुनाई। प्रभारी मंत्री को इस बात का अंदाजा हो गया कि जब मैं अपने ही पार्टी के लोगों को संतुष्ट नही कर पा रहा हूं तो सिवनी की जनता में तो मेरे प्रति और अधिक आक्रोश होगा, यह भी एक कारण हो सकता है कि प्रभारी मंत्री विकास यात्रा में शामिल नही हुए।

जिला संगठन मंत्री एड. पंकज शर्मा ने जारी प्रेस विज्ञप्ति में कहा कि सिवनी नगरपालिका में कांग्रेस पार्टी का नगरपालिका अध्यक्ष शफीक खान बनने के बाद सभी वार्डो में समान रूप से निर्माण कार्यो के टेंडर कराये गये है, उन्ही कार्यो का श्रेय लेने सिवनी विधायक दिनेश राय मुनमुन भूमिपूॅजन करते नजर आये। विकास यात्रा से सिवनी के लोगो का दूरी बनाने का प्रमुख कारण सिवनी विधायक द्वारा चुनाव के समय कई घोषणाएँ की, लेकिन वह घोषणा-घोषणाएं ही बनकर रह गई, सिवनी

विधायक ने सिवनी नगरपालिका क्षेत्र में जो विधायक निधि की राशि का हिस्सा देना था जो सिवनी नगरपालिका का अधिकार था उसका 20 प्रतिशत भाग भी वह नहीं दे पाये, ऐसे निष्क्रिय विधायक से सिवनी की जनता क्या अपेक्षा कर सकती है।

श्री शर्मा ने आगे कहा कि जिले की विकास यात्रा का पूरा आयोजन शासकीय खर्च पर जिला प्रशासन द्वारा किया गया था। भारतीय जनता पार्टी के नेता गले में भाजपा के चुनाव चिन्ह का गमछा डालकर अपनी पार्टी के जय-कारे के नारे लगा रहें थे, जिला प्रशासन के जिम्मेदार अधिकारी यात्रा में साथ चल रहें थे, शिकायत के बाद भी उन अधिकारियों ने भाजपा नेताओं को नही रोका, यह सरकारी पैसे का दुरूपयोग है, सरकारी कार्यक्रमों के आड़ में भाजपा अपनी पार्टी का प्रचार प्रसार कर रही है। सरकारी खजाने से करोड़ो रूपय खर्च कर प्रचार-प्रसार के बाद भी विकास यात्रा में आम लोगों का सहभागी इस लिये नही बना सकी, सिवनी के लोग भाजपा के सत्ता में रहते हुये सिवनी की दुर्दशा देख रहें है।

# कोटवार बोले- कैसे करें परिवार का पालन पोषण...

## मजूदरों को एक दिन में मिलती 400 रुपए मजदूरी, उतनी राशि कोटवारों को एक माह काम करने पर दे रही सरकार



सीहोर। साहब ! परिवार को पालन पोषण कैसे करें। उनकी कोई सुध नहीं ले रहा है। मंहगाई सातवें आसमान पर पहुंच गई है। ऐसे समय में जब मजदूरों को एक दिन की मजदूरी करीब 400 रुपए मिल रही है। सरकार इतने रुपए कोटवारों को एक माह तक काम करने के बाद उनके हाथ में आते हैं। कोटवार बोले हम क्या करें। ऐसे तो हम भूखे की मरने को विवश हो जाएंगे।

यह सब कलेक्ट्रेट में देखने को मिला। दरअसल, गांव-गांव की चौकीदारी सहित विभिन्न सरकारी कामों में सरकार के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़े रहने वाले कोटवारों ने सरकार से दुखी होकर मुख्यमंत्री के नाम संबोधित अपने ज्ञापन में दुखड़ा कलेक्ट्रेट पहुंचकर अधिकारियों को सुनाया। कोटवारों ने अपनी पांच सूत्रीय मांगों को लेकर मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के नाम का ज्ञापन डिप्टी कलेक्टर सतीष राय को दिया।

कलेक्ट्रेट में सीहोर, श्यामपुर, इछावर, जावर, आष्टा, बुधनी, शाहगंज जावर नसरुल्लागंज के गांवों के अनेक कोटवार एकत्रित हुए थे। कोटवारों ने अपनी मांगों को पूरा किए जाने को लेकर नारे लगाए। कोटवार संघ के जिलाध्यक्ष अमर सिंह मोहाली के नेतृत्व में कोटवारों को शासकीय कर्मचारी घोषित कर सभी सरकारी सुविधाएं उपलब्ध कराने, कोटवारों को प्रतिमाह मिलने वाले 400 रूपये वेतन को कलेक्टर श्रमिक दर पर दिए जाने जिस से की कोटवार अपने परिवार को पालन पौषण सुचारू रूप से कर सकें। कोटवारों को दी गई सेवाभूमि से अवैधानिक कब्जों को हटाकर भूमिस्वामी बनाने जिस से की कोटवार कृषि कार्य निडर होकर कर पाएं।

नीली वदी की जगह कोटवारों के लिए भी खादी वर्दी लागू की जाए

कोटवारों को नीली वर्दी दी गई है जबकि प्रदेश के अन्य जिलों में खादी रंग की वर्दी प्रचलन में है। इसी प्रकार की वर्दी सीहोर जिले में भी लागू की जाए जिससे की कोटवार सम्मान के साथ जीवन यापन कर पाएं। कोटवार को सिंचाई के लिए कुआ स्वीकृत किया जाए और इस संबंध में ग्राम पंचायतों को स्पष्ट आदेश दिया जाए। कोटवारों को प्रधानमंत्री आवास और बीमा योजना का लाभ भी दिया जाए। प्रदर्शन में कोटवार संघ उपाध्यक्ष कालूराम,सचिव देव सिंह,कोषाध्यक्ष देवकरण पवार, उप कोषाध्यक्ष कमल सिंह, छागनलाल मालवीय, लल्लू सेन,फूल सिंह गोविंद सिंह, राकेश मालवीय,हरिनारायण,भैया लाल सेन, दिलीप मालवीय,राजेश सहित बड़ी संख्या में कोटवारी शामिल रहे।

**कार्यालय भोपाल विकास प्राधिकरण**

क्रमांक 95/ का.य.-8/भो.वि.प्रा./ 2023 भोपाल, दिनांक 07/02/2023

जाहिर सूचना

भूमि स्वामी स्व. श्री लक्ष्मीनारायण आत्मज स्व. श्री भगवान सिंह निवासी- ग्राम मिसरोद जिला भोपाल, के स्वामित्व की भूमि, जो नगर विकास योजना मिसरोद चरण-2 में सम्मिलित हैं। भूमि स्वामी की ग्राम मिसरोद खसरा क्रमांक 55/1/7, 57, 58 रकवा 1.61 हेक्टेयर में से 1.145 हेक्टेयर भूमि का आपसी करार के तहत पंजीयन विलेख पुस्तक क्रमांक ए-4 ग्रन्थ 484-06 में पृष्ठ 84-89 पर क्रमांक 1416/5 दिनांक 7/10/2013 को पंजीकृत कराया गया था, जिसके तहत भूमि स्वामी को सेक्टर क्रमांक ए मे भूखण्ड क्रमांक एस आर 14. एस आर 15, एस आर 17 से एस आर 21 एवं भूखण्ड क्रमांक एल-75 से एल80. एल 36 से एल 42 एवं एस आर 16 कुल 21 भूखण्ड जिनका क्षेत्रफल 45902.00 वर्गफिट की अनापत्ति प्राधिकरण द्वारा 909/का. य. -7 / भो.वि.प्रा./2013 दिनांक 29/10/2013 द्वारा जारी की गई थी। प्राप्त भूखण्डों में से भू-स्वामी द्वारा सेक्टर क्रमांक ए भूखण्ड क्र. एस आर 16 जिसका क्षेत्रफल 5875. 00 वर्गफिट हैं, पुत्र श्री आनंद पाटीदार आत्मज स्व. श्री लक्ष्मीनारायण के हिस्से में एवं ए भूखण्ड क्रमांक एस आर 18 जिसका क्षेत्रफल 4519.20 वर्गफिट हैं, को श्री प्रदीप पाटीदार स्व. श्री लक्ष्मीनारायण एवं श्री आनंद पाटीदार आत्मज स्व. श्री लक्ष्मीनारायण को संयुक्त रूप से वसीयतनामा के आधार पर संशोधित अनापत्ति जारी की गई थी। श्री प्रदीप पाटीदार आत्मज स्व. श्री श्री लक्ष्मीनारायण पाटीदार द्वारा वसीयतनामा इच्छापत्र ई-पंजीयन क्रमांक MP059712018A3572903 दिनांक 13/08/2018 अनुसार सेक्टर क्रमांक ए में भूखण्ड क्रमांक एस आर 17, भूखण्ड क्रमांक एल आई जी 79, 80, 38 अपने नाम पर संशोधित अनापत्ति चाही गई हैं।

अतः सर्वसाधारण को सूचित किया जाता हैं, कि यदि उक्त संबंध में किसी व्यक्ति / उत्तराधिकारी या अन्य व्यक्ति / बैंक / संस्था को कोई आपत्ति हों, तो जाहिर सूचना के प्रकाशन तिथि से 15 दिवस के भीतर मय साक्ष्य दस्तावेज प्रस्तुत कर आपत्ति प्रस्तुत कर सकता हैं, उक्त समयावधि पश्चात् कोई भी दावा / आपत्ति स्वीकार नहीं की जावेगी तथा प्राधिकरण उक्त भूखण्डों पर वर्णित ब्यौरा अनुसार संशोधित अनापत्ति जारी करने की कार्यवाही की जावेगी।

**कार्यपालन यंत्री**
**संभाग क्रं.-8 भोपाल विकास प्राधिकरण, भोपाल**

# इकान कलीम और प्रिंस टिग्गा का अमेरिका में आयोजित होने वाली प्रतियोगिता में हुआ सिलेक्शन

**बैरसिया।।** महाराष्ट्र के नागपुर में 19वे इंक्लूजन कप 2023 फुटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन किया गया। यह टूर्नामेंट स्लम साकर संस्था द्वारा कराया गया गया।आयोजन स्लम सॉकर के संस्थापक विजय वारसे के आतिथ्य में हुआ।टूर्नामेंट 4 फरवरी को शुरू हुआ और 6 फरवरी को इसका फाइनल हुआ।टूर्नामेंट नागपुर के भोकारा में आयोजित किया गया था। जिसमें देश के सभी प्रदेशों की टीम ने भाग लिया था। यह फोर ए साइड मुकाबला था जिसमे एक टीम में 4 खिलाड़ी भाग लेते हैं। इसमें मध्यप्रदेश की ओर से राजधानी भोपाल के बैरसिया के फादर एग्नेल स्कूल की फुटबॉल टीम ने राष्ट्रीय पहलवान नीतू शर्मा के संरक्षण में भाग लिया। जिसमें मध्य प्रदेश का मुकाबला कर्नाटका ,तमिलनाडु और दिल्ली से हुआ। हालांकि ओपन टूर्नामेंट होने की वजह से मध्यप्रदेश के खिलाड़ी अपनी कम उम्र की वजह से टूर्नामेंट तो नहीं जीत पाए लेकिन अपने बेहतरीन खेल का प्रदर्शन कर टूर्नामेंट आयोजको और दर्शकों का मन मोह लिया। मध्यप्रदेश की ओर से इकान कालीन और प्रिंस टिग्गा का अमेरिका के केलिफोर्निया में आयोजित होने वाले टूर्नामेंट के लिए सिलेक्शन हुआ है। अब इन दोनों को दस दिवसीय कैंप में जाना होगा जहां पर 10 दिन तक इनको ट्रेनिंग दी जाएगी उसके बाद इनका टीम में सिलेक्शन के लिए ट्रायल होगा और अगर उसमें चयन होता हैं तो फिर यह अमेरिका के कैलीफोर्निया में आयोजित टूर्नामेंट में भारत की और से खेल पाएंगे। आपको बता दें कि टूर्नामेंट ओपन होने की वजह से इसमें बड़ी उम्र के खिलाड़ियों ने भी भाग लिया था ।जबकि बैरसिया की टीम में 12 साल से लेकर 16 साल की उम्र तक के खिलाड़ी मौजूद थे। जिसमें तौकीर खान और जयंत खलखो की उम्र 12 साल हैं। टीम के साथ कोच सेबेस्तियन टोपो और सहायक के रूप में सैयद इम्तियाज अली उर्फ राजा साथ



थे।टीम के सदस्यों में मोहम्मद इकान कलीम, प्रिंस टिग्गा, तौकीर खान, जॉनसन लकरा,फ़ाज़िल खान,कृष्णा गुप्ता,अर्सलन खान और जयंत खलखो हैं।

**OFFICE OF THE MUNICIPAL CORPORATION, BHOPAL**
Water Work Department
Municipal Corporation Rest House, Shyamla Hills, Bhopal Ph.No.0755-2701669
**NOTICE INVITING e-TENDER**

Online tenders are being invited for the following work from the appropriated firm that Registered in the office of Madhya Pradesh (Central Registration Cell). The tender documents can be obtained online on the website http://mptenders.gov.in as per the Key Dates in the Notice published on the above website and detailed information can also be seen on website http://mptenders.gov.in

Corrigendum for this NIT shall not be issued separately in newspapers. Corrigendum regarding correction can be seen on the website http://mptenders.gov.in

| S. No. | NIT No./ Call. No. | Tender ID. | Details of Work | Estimated Cost (INR) | Earnest Money (EMD) | Bid Submission End Date |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 2. | 3. | 4. | 5. | 6. | 7. |
| 1. | 131/ Second call | 2023_ UAD_ 245302_2 | Supply Providing and Laying of HDPE Pipe Line 110 mm dia at Rahul Nagar Ward no-04 Under Zone no-01 Estimate based on MPUADD SOR Water supply sewerage & Tubewell 2021) | 3,72,806.00 | 3,728.00 | 20.02.2023 |
| 2 | 132/ First Call | 2023_ UAD_ 250477_1 | Water Supply Arrangement for Jhuggi Area Near Nation Institute of Governers Management Ward 03 Zone 01 Estimate based on SOR.- MPUADD Water Supply Sewerage and Tubewells Works, 2021 | 5,33,436.00 | 5,334.00 | 20.02.2023 |

T.N-1508/022/023

Executive Engineer (H)
Municipal Corporation, Bhopal

## रमी सर्किल ने रितिक रोशन के साथ लॉन्च किया 'रहो एक कदम आगे' कैंपेन का चौथा एडिशन

**नई दिल्ली , एजेंसी।** अपनी श्रेणी में मार्केट लीडर रमीसर्किल ने ब्रांड एंबेसडर रितिक रोशन के साथ अपने कैंपेन 'रहो एक कदम आगे' का चौथा एडिशन लॉन्च किया है। इसमें एक्शन पैक्ड कहानी में दिखाया जाता है कि कैसे रितिक अपनी असल जिंदगी में और ऑनलाइन रमी के खेल में अपने कौशल का प्रयोग करते हैं। अपनी थीम के अनुरूप इस लोकप्रिय कैंपेन के चौथे एडिशन में दिखाया गया है कि कैसे आगे की सोच, कौशल और बुद्धिमानी बेहतर गेमप्ले के लिए जरूरी है। सालभर से चल रहे इस कैंपेन में कई क्रिएटिव फिल्में बनी हैं, जिनकी मूल थीम 'रहो एक कदम आगे' की कैचलाइन के साथ स्किल गेमिंग पर फोकस करना है। इसमें दिखाया गया है कि कैसे प्लानिंग, सोच, परिस्थिति के अनुरूप प्रतिक्रियाऔर सही फैसले आदि से जीत की रणनीति तैयार होती है। रमीसर्किल के ब्रांड एंबेसडर के रूप में रितिक रोशन के साथ सालभर चले इस अभियान के तहत चार वीडियो कैंपेन रिलीज हुए हैं, जिन्होंने समय-समय पर इस कैंपेन को नई ऊर्जा दी है और साथ ही उपभोक्ताओं की रुचि को भी बढ़ाया है।कैंपेन के चौथे संस्करण को लेकर गेम्स 24×7 के एसोसिएट वाइस प्रेसिडेंट- ब्रांड एवं मार्केटिंग स्ट्रेटजी अविक दास कानूनगो ने कहा, 'हम रितिक रोशन के साथ अपने 'रहो एक कदम आगे' कैंपेन के तहत चौथा वीडियो कैंपेन जारी करते हुए रोमांचित हैं, जिसमें रितिक अपने खास और स्किल पैक्ड मूव्स करते नजर आते हैं, जिससे यह पता चलता है कि जिंदगी और रमी में जीत के लिए सही फैसला करना कितना अहम है।

## बीएलएस इंटरनेशनल लिमिटेड ने अब तक का सर्वाधिक ऑपरेटिंग राजस्व एवं प्रॉफिट दर्ज किया

**मुम्बई , एजेंसी।** बीएलएस इंटरनेशनल : बीएलएस एमएसई बीएलएस , सरकारों और नागरिकों के लिए एक विश्वसनीय वैश्विक तकनीक-सक्षम सेवा भागीदार, ने आज 31 दिसंबर, 2022 को समाप्त तीसरी तिमाही और नौ महीने के लिए समेकित वित्तीय परिणाम जारी किए। कंपनी ने 31 दिसंबर, 2022 को समाप्त तिमाही के लिए परिचालन परिणामों का एक मज़बूत सेट दिया। सालाना तिमाही दर तिमाही समेकित राजस्व 92.9 प्रतिशत और 22.7 प्रतिशत बढ़ा साथ ही सालाना तिमाही दर तिमाही एबिटा 159.73 प्रतिशत और 16.73 प्रतिशत बढ़ा। राजस्व के मुख्य संचालक थे - वीज़ा और काउंसलर व्यवसाय में स्थिर वसूली, जेडएमपीएल द्वारा राजस्व में वृद्धि (जेडएमपीएल में शामिल राजस्व तीसरी तिमाही में 42.2 करोड़ रुपये हैं)। इक्विटी पर वार्षिक रिटर्न (पूंजी दक्षता का एक प्रमुख उपाय) 28.4 प्रतिशत पर स्थापित है। हम संपत्ति के बेहतर उपयोग और संचालन के सख्त नियंत्रण से इसे बेहतर बनाने के लिए लगातार प्रयास कर रहे हैं, जिससे मार्जिन में सुधार हो रहा है। बीएलएस का बिज़नेस मॉडल फ्री कैश पॉजिटिव है और मैनेजमेंट एक प्रमुख बिज़नेस परफॉर्मेंस मेट्रिक के रूप में कैश जेनरेशन पर ध्यान केंद्रित कर रहा है। कंपनी ई-गवर्नेंस और बैंकिंग कॉरस्पोंडेंट के विविध व्यवसाय के साथ-साथ दुनिया की शीर्ष 3 वीज़ा और काउंसलर सेवा कंपनियों में से एक है। कंपनी ने इस तिमाही में लगभग 74.35 करोड़ रुपये का अब तक का सर्वाधिक परिचालन नकदी प्रवाह हासिल किया।बीएलएस ने तिमाही के दौरान 1:1 के अनुपात में बोनस शेयर जारी किए। कंपनी ने ई-वीज़ा जारी करने के लिए मलेशियाई आप्रवासन प्राधिकरण से अनुबंध प्राप्त किया है। अक्टूबर से दिसंबर वित्त वर्ष 23 अर्थात वित्त वर्ष 22 की तिमाही के लिए, परिचालन राजस्व वित्त वर्ष 23 की तीसरी तिमाही में 437.90 करोड़ रुपये रहा, जो वित्त वर्ष 22 की तीसरी तिमाही में 227.06 करोड़ रुपये से 92.86 प्रतिशत अधिक था, मुख्य रूप से वीज़ा आवेदन की मात्रा में मज़बूत रिकवरी से प्रेरित, एबिटा वित्तीय वर्ष 2023 की तीसरी तिमाही में 66.30 करोड़ रुपए से वित्तीय वर्ष 2022 की तीसरी तिमाही में 25.53 करोड़ रुपये से अधिक था। परिचालन क्षमता में सुधार से एबिटा मार्जिन को बढ़ावा देने में मदद मिली, तिमाही के लिए कर के बाद लाभ (पीएटी) पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि में 68 प्रतिशत बढ़कर 28.29 करोड़ रुपये की तुलना में 45.85 करोड़ रुपये हो गया।

## टाटा मोटर्स ने भारत में 'सबसे तेजी से बुक' किए गए इलेक्ट्रिक वाहन टियागो.ई1 की डिलीवरी शुरू की!

**मुंबई, एजेंसी।** टाटा मोटर्स, भारत की प्रमुख ऑटोमोबाइल निर्माता कंपनी ने 2000 टियागो.ई1 की पहली खेप की डिलीवरी कर दी है। इसी के साथ कंपनी ने इलेक्ट्रिक बनने की दिशा में अपनी प्रतिबद्धता को जारी रखते हुए इस साल की शानदार शुरूआत की है। टियागो.ई1 को बाज़ार से ज़बरदस्त रेस्पॉन्स मिला है, और एक ही दिन में 10,000 से अधिक वाहनों की बुकिंग ने इसे भारत में सबसे तेजी से बुक की गई ईवी बना दिया है। इस उल्लेखनीय रेस्पॉन्स ने कंपनी को अतिरिक्त 10,000 ग्राहकों को विशेष प्रारंभिक कीमत पेश करने के लिए प्रेरित किया। ग्राहकों ने भी बिना समय गंवाये फौरन आगे आकर अपनी पसंदीदा इलेक्ट्रिक हैच को बुक किया। 20,000 से अधिक की बुकिंग के साथ, टियागो.ई1 ने अपने रोमांचक, आसान, पर्यावरणके अनुकूल और इलेक्ट्रिक वाहन के प्रीमियम ड्राइविंग अनुभव के साथ देश के लोगों को आकर्षित किया है। टियागो.ई1 पर ग्राहकों द्वारा दिखाए गए प्यार और भरोसे पर प्रतिक्रिया देते हुए श्री विवेक श्रीवत्स, हेड, मार्केटिंग, सेल्स एंड सर्विस स्ट्रैटेजी, टाटा पैसेंजर इलेक्ट्रिक मोबिलिटी लिमिटेड, ने कहा, टियागो.ई1 के लॉन्च के पीछे हमारा मकसद भारतीय ईवी बाज़ार का प्रजातंत्रीकरण कर इलेक्ट्रिक वाहनों को अपनाए जाने में तेजी लाना था और हमें यह घोषणा करते हुए खुशी हो रही है कि इस प्रोडक्ट के साथ हम लोग सही राह पर हैं। हमारे मजबूत सेल्स नेटवर्क की बदौलत 133 शहरों में इन कारों की बिक्री की गई है।

## अदाणी समूह को दिया गया ऋण एसबीआई के लिए कोई समस्या नहीं, रिसर्च फर्म ने कही ये बात

**नई दिल्ली, एजेंसी।** रिसर्च फर्म क्रेडिटसाइट्स ने मंगलवार को कहा कि भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) के मजबूत सामान्य प्रावधान भंडार बफर को देखते हुए ऐसा नहीं लगता है कि अदाणी समूह को दिए गए ऋण से एसबीआई किसी जोखिम में है।




वित्तीय वर्ष 23 की तीसरी तिमाही के अंत तक अदानी समूह पर एसबीआई का कुल ऋण जोखिम उसकी ओर से दिए गए कुल ऋण का 0.88 प्रतिशत होने का खुलासा किया गया था। फर्म ने कहा, ÷वित्त वर्ष 2023 की तीसरी तिमाही के अंत तक देश के सबसे बड़े ऋणदाता एसबीआई का अदाणी समूह पर कुल ऋण जोखिम नियामों के अनुकूल है। सार्वजनिक क्षेत्र के तीन प्रमुख बैंकों ने पहले ही अदाणी समूह में अपने जोखिम का खुलासा कर दिया है।

# इस दशक में सबसे अधिक रहेगी भारत की एनर्जी डिमांड

### कच्चे तेल की मांग में भारत की हिस्सेदारी 5 प्रतिशत से बढ़कर 11 प्रतिशत होगी



**नई दिल्ली, एजेंसी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ग्लोबल इन्वेस्टर्स से देश के तेल और गैस खोज तथा हाइड्रोजन जैसी नई ऊर्जा के क्षेत्र में निवेश के अवसरों का लाभ उठाने के लिए आगे आने को कहा है। उन्होंने सोमवार को बेंगलुरु में भारत ऊर्जा सप्ताह-2023 की शुरुआत के बाद ग्लोबल इन्वेस्टर्स के सामने देश की ऊर्जा क्षेत्र में बढ़ोतरी की संभावनाओं को रखा। उन्होंने निवेश का न्योता देते हुए कहा कि भारत में ऊर्जा की मांग में भारी इजाफा होने की संभावना है। इसके अलावा एक स्थिर और निर्णायक नेतृत्व की वजह से भी निवेशकों को देश के ऊर्जा क्षेत्र में निवेश के लिए आगे आना चाहिए। उन्होंने भारत को आज दुनिया में ऊर्जा क्षेत्र में निवेश के लिए सबसे सही जगह बताया। अगले एक दशक में देश में ऊर्जा की मांग में सबसे अधिक तेजी से बढ़ेगी।

**इस दशक में भारत की ऊर्जा की मांग सबसे अधिक-** प्रधानमंत्री ने कहा, मैं आपसे भारत के ऊर्जा क्षेत्र में सभी अवसरों का लाभ उठाने को कह रहा हूं। भारत आज निवेश के लिए सबसे उपयुक्त स्थान है। उन्होंने इंटरनैशनल एनर्जी असोसिएशन का हवाला देते हुए कहा कि मौजूदा दशक में भारत की ऊर्जा मांग सबसे अधिक रहेगी। इससे निवेशकों के लिए देश के ऊर्जा क्षेत्र में निवेश का अवसर है।

पीएम ने कहा कि वैश्विक स्तर पर कच्चे तेल की मांग में भारत की हिस्सेदारी 5 प्रतिशत से बढ़कर 11 प्रतिशत हो जाएगी। वहीं देश में गैस की मांग में 500 प्रतिशत तक की बढ़ोतरी का अनुमान है। भारत ऊर्जा सप्ताह में कई मंत्री, कॉरपोरेट जगत के दिग्गज और विभिन्न देशों के विशेषज्ञ भाग ले रहे हैं। उन्होंने कहा कि वैश्विक संकट के बावजूद भारत अपनी आंतरिक जुझारू क्षमता की वजह से 2022 में दुनिया में सबसे आकर्षक स्थल रहा है। इसके पीछे स्थिर और निर्णायक सरकार, सतत सुधार और जमीनी स्तर पर सामाजिक-आर्थिक सशक्तीकरण जैसे कई कारक हैं।

**गांवों में बिछाया गया 6 लाख किलोमीटर का ऑप्टिकल फाइबर नेटवर्क-** मोदी ने कहा कि गांवों में इंटरनेट की सुविधा उपलब्ध कराने के लिए छह लाख किलोमीटर का ऑप्टिकल फाइबर नेटवर्क बिछाया गया है। देश में ब्रॉडबैंड का इस्तेमाल करने वालों की संख्या आज से नौ साल पहले की तुलना में 13 गुना हो चुकी है। इस अवधि में इंटरनेट कनेक्शनों की संख्या तीन गुना हुई है। उन्होंने बताया कि देश का गैस पाइपलाइन का नेटवर्क अगले चार-पांच साल में मौजूदा 22,000 किलोमीटर नेटवर्क से बढ़कर 35,000 किलोमीटर हो जाएगा। प्रधानमंत्री ने कहा कि सरकार ने ऐसे क्षेत्र को घटाकर 10 लाख वर्ग फुट पर ला दिया है, जहां तेल और गैस की खोज नहीं की जा सकती है। उनके अनुसार, इससे निवेश के अवसर बढ़ेंगे। प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत पेट्रोल में 20 प्रतिशत एथनॉल मिलाने के लक्ष्य की ओर तेजी से आगे बढ़ रहा है।

## मध्य प्रदेश के लिये शालिनी और पियूष ने जीते पदक



**गांधीनगर।** गुजरात में 31जनवरी से 6 फरवरी तक आयोजित अखिल भारतीय सिविल सेवा बैडमिंटन प्रतियोगिता में मध्यप्रदेश सिविल सेवा बैडमिंटन टीम का प्रदर्शन शानदार रहा।

व्यक्तिगत मुकाबलों में शालिनी यादव ने महिलाओं के 40+ आयु वर्ग में खेलते हुए सिंगल्स तथा मिक्सड डबल्स में स्वर्ण पदक जीता तथा डबल्स में रजत पदक प्राप्त कर मध्य प्रदेश का गौरव बढ़ाया। पुरुषों के 55+ आयु वर्ग में पियूष भटनागर तथा भास्कर रेड्डी ने डबल्स में कांस्य पदक जीता। मध्य प्रदेश के 22 सदस्यीय दल के कोच थॉमस वर्गिस ने बताया कि प्रदेश की टीम का प्रदर्शन इस वर्ष पिछले कई वर्षों की तुलना में श्रेष्ठ रहा है।

## जीएसटी: कर के दरों में कोई बदलाव नहीं करेगी सरकार राजस्व सचिव ने कहा- अभी स्थिरता को बनाए रखने पर जोर




**नई दिल्ली, एजेंसी।** सरकार अगले वित्त वर्ष में वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) की दरों में कोई बदलाव नहीं करेगी। इसका मतलब है कि 2023-24 में भी जीएसटी में कर व्यवस्था को आसान नहीं किया जाएगा। उपभोक्ताओं का बोझ कम करने के लिए पिछले एक साल से अधिक समय से जीएसटी के नियमों को और सरल बनाने की उम्मीद की जा रही है।

इस बीच, राजस्व सचिव संजय मल्होत्रा ने सोमवार को कहा कि अभी स्थिरता बनाए रखने पर जोर दिया जा रहा है। इसलिए अगले वित्त वर्ष में भी जीएसटी की कर दरों में कोई बदलाव नहीं होगा। उपभोक्ताओं को राहत के लिए लंबा इंतजार करना होगा। हालांकि, छोटे-मोटे बदलाव होते रहेंगे। लेकिन, कर दरों को मिलाने जैसे बड़े बदलाव जैसे फैसले अगले वित्त वर्ष में नहीं लिए जाएंगे। जीएसटी में अभी पांच कर दरें हैं, जो शून्य से 28 फीसदी के बीच हैं। इससे पहले 2021 में सरकार जीएसटी में दो दरों को मिलाने और कुछ वस्तुओं पर कर का बोझ कम करने पर विचार कर रही थी।

**टैक्स बैंड कम करने की योजना-** राजस्व सचिव ने कहा कि सरकार टैक्स बैंड को कम करना चाहती है। हालांकि, इसके लिए कोई समयसीमा निर्धारित नहीं की गई है। इसके अलावा, सरकार आयात शुल्क में भी कर व्यवस्था को कम कर उसे आसान बनाना चाहती है। अभी इसे जीएसटी के दायरे से बाहर रखा गया है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने शुद्ध जीएसटी संग्रह में 12 फीसदी वृद्धि का अनुमान लगाया है। 2023-24 में सरकार ने 8.54 लाख करोड़ रुपये जुटाने का लक्ष्य रखा है।

सरकार ने विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों को डेट सिक्योरिटीज से होने वाली ब्याज की कमाई पर 5 फीसदी कंसेशनल कर दर को वापस ले लिया है। मल्होत्रा ने कहा कि इससे निवेशकों पर प्रतिकूल असर नहीं पड़ेगा।

**अप्रत्याशित लाभ कर से 250 अरब जुटाने का लक्ष्य-** राजस्व सचिव ने कहा कि अप्रत्याशित लाभ कर व्यवस्था को खत्म नहीं किया जाएगा।इससे 250 अरब रुपये जुटाने का लक्ष्य रखा गया है। जुलाई, 2022 से घरेलू स्तर पर उत्पादित कच्चे तेल व ईंधन के निर्यात पर अप्रत्याशित लाभ कर लगाया जा रहा है। इससे पहले केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर एवं सीमा शुल्क बोर्ड (सीबीआईसी) के चेयरमैन विवेक जौहरी ने कहा था कि अभी यह कर जारी रहेगा, क्योंकि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कच्चे तेल की कीमतें फिर से बढ़ रही हैं।

## देश में 7 साल में 90 हजार नए स्टार्टअप बने

**नई दिल्ली, एजेंसी।** कोरोना काल में सोशल डिस्टेंसिंग का प्रचलन बढ़ने के बाद रियल एस्टेट और हाउसिंग कंपनियों ने ऑनलाइन प्रॉपर्टी प्रमोशन और सेल पर ज्यादा ध्यान दिया। यही वजह है कि रियल एस्टेट सेक्टर से जुड़े प्रॉप-टेक स्टार्टअप की संख्या में 2016 के मुकाबले 700 गुना की बढ़ोतरी देखने को मिली है। प्रॉपर्टी कंसल्टेंट एनारॉक की सोमवार को प्रकाशित रिपोर्ट के मुताबिक 2016 में जहां देश में महज 2 प्रॉप-टेक स्टार्टअप थे वहीं 2022 के अंत तक इनकी संख्या 1400 से ज्यादा हो गई है। इनमें से 30 प्रतिशत जहां प्री-सीड स्टेज में हैं वहीं 56 प्रतिशत प्रॉप-टेक स्टार्टअप्स को निवेशकों से अच्छा-खासा फंड मिल रहा है।

**अंडर-कंस्ट्रक्शन रियल एस्टेट में 84 प्रतिशत हाउसिंग सेक्टर-** लगभग 14 प्रतिशत प्रॉप-टेक स्टार्टअप फिलहाल मान्यता प्राप्ति की स्टेज में हैं और जल्द ही फंड उगाही की स्टेज में आ जाएंगे। हालांकि देश में कुल अंडर-कंस्ट्रक्शन रियल एस्टेट में हाउसिंग सेक्टर की हिस्सेदारी 84 प्रतिशत है, लेकिन अभी प्रॉप-टेक स्टार्टअप में महज 700-800 कंपनियां ही 13 प्रतिशत हिस्सेदारी रखती हैं। हाउसिंग कंपनियों के लिए प्रॉप-टेक में अभी काफी गुंजाइश है।

**भारत का स्टार्टअप इकोसिस्टम दुनिया में तीसरा-** भारत का स्टार्टअप इकोसिस्टम दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा इकोसिस्टम है। 2016 में सरकार द्वारा स्टार्टअप इंडिया मुहिम शुरू किए जाने के बाद से 7 साल के भीतर देश में मान्यता प्राप्त स्टार्टअप्स की संख्या में 21 गुना बढ़ोतरी दर्ज की गई है। आज की तारीख तक देश में मान्यता प्राप्त स्टार्टअप की संख्या 90500 से अधिक हो गई है जो कि 2016 में महज 450 थी।

## एयर इंडिया की एसबीआई, बैंक ऑफ बड़ौदा से 18,000 करोड़ के लोन लेने की योजना



**नई दिल्ली, एजेंसी।** टाटा ग्रुप ने और एक वर्ष के लिए सरकारी बैंकों से लोन लेने का फैसला किया है। पिछले एक साल में ब्याज दरों में तेज वृद्धि को देखते हुए लोन पिछली बार की तुलना में उच्च दर पर हैं। टाटा समूह के स्वामित्व वाली एयर इंडिया भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) और बैंक ऑफ बड़ौदा (बीओबी) से एक साल के लिए मौजूदा लोन को पुनर्वित्त करने के लिए 18,000 करोड़ रुपए का लोन लेगी। भले ही यह लंबे समय के कर्जों को टैप करने की योजना बना रही हो

जनवरी 2022 में, टाटा संस ने एसबीआई से 10,000 करोड़ रुपए का लोन लिया और बीओबी से 5,000 करोड़ रुपए का लोन 4.25 प्रतिशत की ब्याज दर पर लिया था। भारतीय रिजर्व बैंक ने तब से अपनी बेंचमार्क दरों में 225 आधार अंकों की बढ़ोतरी की है। नतीजतन, नवीनतम ऋण लगभग 6.50 प्रतिशत आंका गया है, बता दें कि एक आधार अंक 0.01 प्रतिशत अंक होता है। वहीं एसबीआई, बीओबी और एयर इंडिया के प्रवक्ताओं ने टिप्पणी मांगने वाले ईमेल का जवाब नहीं दिया।

लेन-देन के बारे में जानने वाले एक दूसरे व्यक्ति ने कहा कि टाटा के अधिग्रहण के बाद से पुनर्गठन परिचालन अभी भी एयरलाइन के भीतर आकार ले रहा है और कंपनी मजबूत बैंकिंग साझेदारी को देखने से पहले सभी औपचारिकताओं को पूरा करना चाहती है, जो इसमें सार्वजनिक क्षेत्र और निजी क्षेत्र के बैंकों का मिश्रण शामिल होने की संभावना है।

## नीति आयोग के पूर्व उपाध्यक्ष ने कहा- ऑनलाइन गेमिंग को मनी लॉन्ड्रिंग के दायरे में लाना जरूरी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** नीति आयोग के पूर्व उपाध्यक्ष डॉ. राजीव कुमार ने कहा कि ऑनलाइन गेमिंग को मनी लॉन्ड्रिंग के दायरे में लाना चाहिए। साथ ही, इसके लिए सख्त नियामक की भी जरूरत है। उन्होंने कहा कि देश में पहले से ही प्रिवेंशन ऑफ मनी लॉन्ड्रिंग एक्ट (पीएमएलए) है। सभी ऑनलाइन गेमिंग ऑपरेटरों को इसके दायरे में लाना चाहिए। इसके अलावा, सभी ऑपरेटरों के पास 24 घंटे सातों दिन हेल्पलाइन सहित मजबूत शिकायत निवारण तंत्र भी होना चाहिए, जो ग्राहकों को जिम्मेदार गेमिंग साधनों पर सवालों के जवाब पाने में मददगार हो।

राजीव कुमार पहले इंडिया फाउंडेशन के अध्यक्ष हैं। उन्होंने सोमवार को इसी फाउंडेशन की ऑनलाइन गेमिंग पर एक रिपोर्ट जारी की। रिपोर्ट में कहा गया है कि एक मजबूत नियामक प्रणाली होने से वैध ऑपरेटरों को ऑनलाइन स्किल गेमर्स को बनाए रखने में मदद मिलेगी। ग्राहकों का संरक्षण भी सुनिश्चित होगा और जिम्मेदारी से खेल को बढ़ावा मिलेगा। यह रिपोर्ट विशेषज्ञों व संबंधित पक्षों से बातचीत के आधार पर बनाई गई है।

### कई चुनौतियां, जिनसे निपटने की जरूरत

रिपोर्ट में कहा गया है कि उभरते ऑनलाइन गेमिंग उद्योग में फ्लाई-बाई-नाइट ऑपरेटरों की उपस्थिति, चांस एवं गैंबलिंग वाले खेलों को स्किल गेम्स के साथ रखने की सतत समस्या और मनी लॉन्ड्रिंग की आशंका सहित कई चुनौतियां हैं। इनसे निपटने के लिए एक ऐसे वैधानिक नियामक या गेमिंग आयोग का गठन होना चाहिए, जो सेक्टर के दैनिक कामकाज को नियंत्रित करने के लिए लाइसेंस देने, मानकों, नियमों को बनाने और उनके अनुपालन के ऑडिट के लिए जिम्मेदार हो।

### पांच क्षेत्र, जिन पर ध्यान देना जरूरी

विनियमन के पांच प्रमुख क्षेत्र विपणन एवं विज्ञापन, नाबालिगों की सुरक्षा, जिम्मेदारी से खेलने की व्यवस्था देना, मनी लॉन्ड्रिंग, वित्तीय धोखाधड़ी से सुरक्षा के उपाय और शिकायत निवारण तंत्र की स्थापना हैं।

विपणन-विज्ञापन सामग्री में आवश्यक सूचना एवं चेतावनियां होनी चाहिए। विज्ञापनों में नाबालिग या नशा करने वालों को लक्ष्य नहीं किया जाना चाहिए। विज्ञपन उन उन मंचों पर नहीं दिखाए जाने चाहिए, जो नाबालिगों के लिए हैं।

# सुरखी का जैसा नाम वैसा काम क्रिकेट महाकुंभ से विश्व पटल पर चर्चित हो रही सुरखी: आकाश सिंह

### मंगलवार को सुरखी विधानसभा क्षेत्र में मंत्री ट्रॉफी क्रिकेट महाकुंभ के चार मंडलों में हुये 17 मैंच जिसमें 34 टीमों ने लिया हिस्सा

**सागर।** सुरखी मंडल में फाईनल मुकाबले को देखने के लिये जिला पंचायत अध्यक्ष हीरा सिंह राजपूत, क्रिकेट महाकुंभ के आयोजक आकाश सिंह राजपूत पहुंचे वहीं राहतगढ़ में पहुंचकर राजस्व एवं परिवहन मंत्री ने खिलाड़ियों का उत्साह वर्धन किया। जिला पंचायत अध्यक्ष हीरा सिंह राजपूत ने सभी खिलाड़ियों को शुभकामनायें दी तो वहीं आकाश सिंह राजपूत ने खिलाड़ियों को संबोधित करते हुये कहा कि सुरखी का जैसा नाम वैसा काम हो रहा है विश्व पटल पर क्रिकेट महाकुंभ के माध्यम से सुरखी विधानसभा खूब सुर्खियां बटौर रहा है आकाश सिंह राजपूत ने सुरखी मंडल में हुये फाईनल मुकाबले पर समिति के सदस्यों, क्षेत्रवासियों, सफाई कर्मियों, पुलिस कर्मियों सहित सभी को शुभकमानायें एवं आभार व्यक्त करते हुआ कहा कि आप सबके सहयोग से हमारा क्रिकेट महाकुंभ का सुरखी मंडल का फाईनल मुकाबला हर्ष उल्लास के साथ संपन्न हुआ जिसके लिये सभी क्षेत्रवासी जिन जिन का इसमें प्रत्यक्ष व अप्रत्यक्ष रूप से सहयोग रहा है वे सभी बधाई के पात्र है इस सहयोग के लिये मैं उन सबका आभारी हूं। मंगलवार को चार मंडलो में 34 टीमों ने हिस्सा लिया जिसमें चार मंडलो में 10-10 ओवर के 17 मैच खेले गये जिसमें एक शो मैच भी शामिल है। मंगलवार को सुरखी मंडल में फाईनल मुकाबला हुआ। सीहोरा में 3 मैच, जैसीनगर में 5 मैच, राहतगढ़ में 7 मैच खेले गये। गौरतलब है कि मंत्री ट्राफी क्रिकेट महाकुंभ में अब तक 421 मैच खेले जा चुके हैं। सीहोरा में क्वाटर, जैसीनगर में एवं राहतगढ़ में दूसरे राऊंड के मैच चल रहे है।



सुरखी में मंगलवार को मंत्री ट्रॉफी क्रिकेट महाकुंभ के अंतर्गत सुरखी मंडल का फाईनल मुकाबला मित्रता क्रिकेट क्लब सुरखी तथा वॉरियर सीसी मोकलपुर के बीच हुआ जिसमें मित्रता क्रिकेट क्लब ने टीम वॉरियर सीसी मोकलपुर के लिये 75 रनों से हराते हुये फाईनल मुकाबला जीत लिया जिसमें प्लेयर आफ द मैच सुशील कुमार 4 विकेट लेकर रहे। यह दोनों टीमें विजेता तथा उपविजेता के तौर पर फाईनल मुकाबले में खेलेंगी।

जैसीनगर के पहले मैच में टीम खुर्द सीसी ने टीम सिद्ध बब्बा पठा क्रिकेट क्लब को हराया। दूसरे मैच में टीम पोरस ने टीम डुंगरिया को हराया अर्द्धशतक लगाकर प्लेयर ऑफ द मैच प्रशांत रहे। तीसरे मैच में टीम हड़ा क्रिकेट क्लब ने टीम सेमाढ़ाना2 को हराया प्लेयर ऑफ द मैच 52 रन 3 विकेट लेकर शरद रहे। चौथे मैच में टीम तोड़ा क्रिकेट क्लब ने टीम भीमराज को हराया। पांचवे मैच में विनोद बगोरया सीसी ने टीम सेमाढ़ाना2 को हराया।

राहतगढ़ के पहले मैच में टीम बादशाह राहतगढ़ ने टीम 3स्टार राहतगढ़ को हराया। दूसरे मैच में टीम एक सितारा राहतगढ़ ने टीम उसमानी2 राहतगढ़ क्रिकेट क्लब को हराया। तीसरे मैच में टीम महाकाल14 क्रिकेट क्लब मीरखेड़ी ने टीम मुरली बरौदा क्रिकेट क्लब को हराया। चौथे मैच में टीम किंग्स क्रिकेट क्लब राहतगढ़ ने टीम श्री क्रिकेट क्लब को हराया। पांचवे मैच में टीम कल्याण राहतगढ़ ने रियल स्टार सीसी को हराया। छटवे मैच में टीम जूनियर11 सीसी राहतगढ़ ने टीम स्टूडेंट क्रिकेट क्लब को हराया। सातवे मैच में टीम ए.जे. राहतगढ़ क्रिकेट क्लब ने टीम मैं हूं ना को हराया। सीहोरा मंडल में चल रहे क्वाटर फाईनल के पहले मैच में टीम बजरंगी पीपरा ने राजपूत क्रिकेट क्लब सेमरा को हराया। दूसरे मैच में टीम 11स्टार क्रिकेट क्लब सीहोरा ने टीम यंगस्टार पथरिया को हराया। तीसरे मैच में टीम जय बजरंगी पीपरा ने टीम एल.सी. लुहर्रा को हराया।

## विद्या अमृत पब्लिक स्कूल चंदनगांव में वार्षिक महोत्सव आज

छिंदवाड़ा । विद्या अमृत पब्लिक स्कूल चंदनगांव छिंदवाड़ा में आज 08.02.23 दिन बुधवार को समय 11.00 बजे से वार्षिक महोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है । इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जिला परियोजना समन्वयक छिंदवाड़ा, जे.जे. इड़पाचे तथा अतिथि अध्यक्ष अभय टेकाड़े, ऑल एजुकेशनल इंस्टीटयूटस वेलफेयर आर्गेनाईजेशन, छिंदवाड़ा एवं अध्यक्ष श्रीमती मनीषा बाघे संचालिका विद्या अमृत पब्लिक स्कूल चंदनगांव हैं ।

## बेकार पानी बहाने वालों पर तुरंत कार्यवाही होगी

**छिंदवाड़ा ।** नगर निगम द्वारा ताकीद किए जाने के बावजूद भी नल को खुला छोड़कर अनावश्यक पानी बहाने के दृश्य शहर में आए दिन देखने मिल जाते हैं इस बारे में निगम अमले द्वारा लगातार ये हिदायत दी जाती है कि नल में सही टोंटी लगवाएं और पानी व्यर्थ न बहाएं,लेकिन फिर भी लोग लापरवाही करते हैं। नगर निगम आयुक्त राहुल सिंह ने इस प्रकार बेकार पानी बहाने वालों पर तुरंत कार्यवाही करने के आदेश कर्मचारियों को दिए हैं। नगर निगम सहायक यंत्री विवेक चौहान ने कड़ी कार्यवाही करते हुए अनावश्यक पानी बहाने के कारण नरसिंहपुर रोड पर पारसमणि ट्रेडर्स के सामने लगे नल कनेक्शन को काट दिया और ये चेतावनी भी दी कि भविष्य में भी व्यर्थ पानी बहाते पाए जाने पर संबंधित नल कनेक्शन काट दिया जाएगा।

## कन्यादान योजना में दिया वर वधु को आशीर्वाद



**छिन्दवाड़ा ।** जनपद पंचायत चौरई द्वारा आयोजित मुख्यमंत्री कन्यादान योजनान्तर्गत स्टेडियम ग्राउंड चौरई मे संपन्न हुए 142 युगलो के वैवाहिक कार्यक्रम मे सम्मिलित हुआ । कार्यक्रम में क्षेत्रीय विधायक सुजीत चौधरी , पूर्व विधायक पंडित रमेश कुमार दुबे ,जनाधिकार सेवा समिति के अध्यक्ष संदीप रघुवंशी ,ठाकुर दान सिंह पटेलजी, शैलेन्द्र पटेल ,राधेश्याम पटेल ,लखन वर्माजी,सहित सभी क्षेत्रीय जनप्रतिनिधि वरिष्ठ भाजपा कार्यकर्ता जनपद अध्यक्ष उपाध्यक्ष सहित सभी सदस्य गण नपा अध्यक्ष उपाध्यक्ष सहित सभी पार्षद गण नप चांद के अध्यक्ष उपाध्यक्ष जी संगठन पदाधिकारी सहित मीडिया बंधु और अधिकारी कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

## 8 से 12 फरवरी तक होगी टेबिल टेनिस प्रतियोगिता



**छिंदवाड़ा ।** । जिला टेबिल टेनिस संघ के सचिव संजय सिंह ठाकुर द्वारा प्रदत्त जानकारी के अनुसार जिला टेबल टेनिस एसोसिएशन छिंदवाड़ा द्वारा 8 फरवरी से 12 फरवरी तक सांसद कप जिला चैम्पियनशिप टेबल टेनिस प्रतियोगिता इंदिरा प्रियदर्शनी मैदान के टेबल टेनिस हॉल में आयोजित की जावेगी। प्रतियोगिता में टीम इंवेंट, व्यक्तिगत, एकल, युगल महिला एकल युगल एवं जूनियर वर्ग प्रतियोगिताएं होगी।

## प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में शिव प्रतिमा का हुआ अन्नाधिवास



**छिंदवाड़ा ।** देवा जी देव महादेव भूतेश्वर बाबा महाकाल, मोक्षधाम मंदिर में प्रथम दिन 7 फरवरी, सुबह से मंडल पूजन प्रायश्चित यज्ञ हवन , शिव प्रतिमा अन्नादिवास सहित मंत्रों उच्चारण से विधि विधान से कार्यक्रम को आयोजित किया गया । जिसमें विशेष रूप से अधिक संख्या में शिव भक्तों ने पवित्र धार्मिक कार्य सम्मलित हुए। मंदिर ने सेवादारों ने सभी पूजन पाठ, पंडाल में बैठने की उचित व्यवस्था बनाई। प्राण प्रतिष्ठा के तृतीय दिवस में मंडल पूजन , यज्ञ हवन, घृत धिवास, पुष्पा धिवास के कार्यक्रम को किया जावेगा। आप समस्त शिव भक्त प्रतिदिन के कार्यक्रम में अपनी उपस्थिति हो कर पुण्य लाभ कमाए।

## 12 फरवरी को होगा धरना प्रदर्शन एवं सम्मेलन

**छिन्दवाड़ा ।** न्यू मूवमेंट फॉर ओल्ड पेंशन संघ के जिला अध्यक्ष अनिल सूर्यवंशी ने बताया कि प्रांतीय अध्यक्ष सत्येन्द्र सिंह तिवारी के आव्हान पर म.प्र.के समस्त जिलों में एक साथ नियुक्ति दिनांक से वरिष्ठता देते हुये पुरानी पेशंन बहाली के लिये धरना दिया जायेगा एवं 11 बजे से उपवास किया जावेगा और यह मांग की जायेगी की समस्त विभागों के एन.पी.एस.धारियों को पुरानी पेंशन बहाल की जावे म.प्र.शासन ने 1 जनवरी 2005 से समस्त विभागों के सरकारी कर्मचारी व अधिकारियों की पुरानी पेंशन व्यवस्था को बंद कर नई पेंशन स्कीम (एन.पी.एस.) लागू कर दिया गया जिसमें कर्मचारी का 10 प्रतिशत पैसा कटता है और 14 प्रतिशत सरकार मिलाती है 62 वर्ष की आयु के बाद जब कर्मचारी सेवानिवृत्त हो जाता है तो उसे उसकी जमा राशि का कुल 60 प्रतिशत पैसा वापिस होता है और 40 प्रतिशत की पेंशन बनती है। जो कि पेंशन 700 रूपये से 1000 रूपये बनती है जिससे 62 वर्ष की उम्र में गुजारा कर पाना नामुकिन है ,क्योंकि उस समय बीमारी भी साथ में आ जाती है ,एन.पी.एस.पूरा शेयर मार्केट पर आधारित है एवं प्राइवेट कंपनी पेंशन देती है। जबकि समस्त विभाग के कर्मचारी सरकारी है। भारत के प्रधानमंत्री महोदय एवं मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपकर म.प्र. के समस्त विभागों के 6 लाख कर्मचारियों को पुरानी पेंशन बहाली मांग की।

# पंचायतों में हो रहा घटिया तालाबों का निर्माण

## काली मिट्टी की जगह, हो रहा मुरम का उपयोग, अधिकारियों पर सांठगांठ का आरोप

**छिंदवाड़ा ।** बिछुआ जनपद पंचायत की ग्राम पंचायत खैरीमाली में मनरेगा योजना के अंतर्गत बनने वाले लगभग 19 लाख रुपए की लागत से बन रहे निस्तरी तालाब का घटिया स्तर की सामग्री से निर्माण कार्य किया जा रहा है। प्राप्त जानकारी के अनुसार अधिकारियों से सांठगांठ कर काली मिट्टी की जगह मुरम का उपयोग हो रहा है।



### निर्माण स्थल से सूचना बोर्ड गायब

शासन के नियमानुसार किसी भी सरकारी कार्य का निर्माण स्थल पर सूचना पटल लगाया जाता है। जिससे की आम जनता को पता लग सके की निर्माण कार्य कैसे होना है। राशि कितनी स्वीकृति हुई है। लेकिन सरपंच सचिव की मनमानी के चलते निर्माण कार्य स्थल पर कोई भी सूचना पटल नहीं लगया है। जिससे आम जनता को किसी प्रकार की कोई जानकारी नहीं मिल पाती है।

### इंजीनियर की मिलीभगत से चल रहा तालाब का काम

प्राप्त जानकारी के अनुसार इंजिनियर द्वारा तालाब निर्माण कार्य का निरीक्षण आज तक नही किया। सचिव के भरोसे तालाब निर्माण कार्य छोड़ दिया गया है। निर्माण कार्य भी भारी भ्रष्टाचार होता है।

### मनरेगा में बड़ा फर्जीवाड़ा

मनरेगा योजना में कार्य कर रहे मजदूरों में बड़ा फर्जीवाड़ा हो सामने आ सकता हैं। रोज 15 से 20 मजदूर तालाब निर्माण कार्य में काम कर रहे है। ग्रामीणों ने बताया कि सहायक सचिव द्वारा 30 से 35 मजदूरों के मस्टरोल रोज निकले जा रहे। सचिवों द्वारा शासन की राशि का दुरूपयोग किया जा रहा है।

### सीएम हेल्पलाइन में हुई शिकायत

ग्रामीणों द्वारा सीएम हेल्पलाइन के माध्यम से शिकायत दर्ज करा दी गई है। फर्जी मस्टरोल भरकर शासन की राशि का दूरउपयोग किया जा रहा है। अधिकारियों द्वारा किसी प्रकार की कोई कार्यवाही नहीं की जाती है। जिससे की सचिवों के होंसले बुलंद होते जा रहे। ग्रामीणों ने पंचायत सचिव पर जिला कलेक्टर से जांच कर कार्यवाही की मांग की है।

### इनका कहना

तालाब निर्माण कार्य में यदि पंचायत सचिव और अधिकारियों द्वारा लापरवाही की जा रही है तो जांच कर कार्रवाई की जावेगी।

**सतीश भलावी,**
**अध्यक्ष जनपद पंचायत बिछुआ**

## करनी सेना ने थाने के सामने बैठकर किया धरना प्रदर्शन


### सौसर पुलिस की व्यवस्था पर उठे सवाल



**सौसर ।** सौसर पुलिस की लचीली व्यवस्था के कारण अपराधियो के हौसले बुलंद हो गए है कि पुलिस की कार्यवाही का थोडासा भय नहीं रहा ऐसे में अवैध शराब बिकारी का विरोध करने पर पड़ोसी ने महिला व परिवार पर घर मे घुसकर हमला कर खुलेआम पिटाई कर दिया वही घटना का सीसीटीवी फुटेज भी सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है ,घटना में पीड़ित की शिकायत पर पुलिस प्रशासन ने कार्यवाही नही करने पर करनी सेना ने सौसर थाने का घेराव कर धरना प्रदर्शन किया और आरोप की गिरफ्तारी की मांग की गई वही मामले में पीड़िता ने पुलिस पर गम्भीर आरोप लगाए है,की पुलिस उल्टा पीड़िता को ही एसटी एससी में मामला बनाने की धमकी दे रही है। हाला कि करणी सेना के प्रदर्शन की खबर के बाद एसडीओपी एसपी सिंह थाने पहुंचकर मामला शांत किया। वही पूरा मामला सौसर के सिविल लाइन क्षेत्र का है जहाँ पीडिता सुनीता का आरोप है कि मोहल्ले में रहनेवाले संजय घर से अवैध शराब बेचने का कार्य करता है,और पीड़ित को इसके पूर्व धमकी भी दी थी जिसके बाद पीड़ित ने अपने घर सीसीटीवी लगाए थे,जिसके बाद संजय ने अपने परिवार के लोगो के साथ मिलकर पीड़िता के साथ मारपीट की जो सीसीटीवी मे रिकॉर्ड है, वही जब पीड़ित थाने में शिकयत करने गई तो थाने में उनकी कोई बात नही सुनी गई. वही पूरे मामले पर प्रभारी एसआई लेखराम पहाड़े ने कहा कि पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत मामला पंजीबद्ध किया और पुलिस की टीम फरार आरोपी की पकड़ने की बात कही वही करनी सेना का कहां है कि मामले में पुलिस आरोपी पर कार्यवाही नही करते तो पुलिस प्रशासन के खिलाफ एसपी से शिकायत और प्रदर्शन करने की बात कही।वर्तमान में पुलिस को लापरवाही का मामला तुल पकड़ रहा है। करनी सेना के प्रदर्शन की सूचना पर सौसर थाना पहुंचकर मामला शांत कराया वही आरोपी के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत मामला पंजीबद्ध कर वैधानिक कार्यवाही की गई है।

**एसपी सिंह**
**एसडीओपी सौसर**

## देवकीनन्दन ठाकुर जी की शिवमहापुराण कथा 9 फरवरी से




**छिंदवाड़ा ।** आगामी 9 फरवरी से 19 फरवरी तक दशहरा मैदान में दोपहर 2 बजे से सायं 5 बजे तक श्री देवकीनन्दन ठाकुर जी महाराज द्वारा शिवमहापुराण कथा का आयोजन किया गया है। आयोजन कर्ता नरेन्द्र साहू, जिला भाजपा अध्यक्ष विवेक बंटी साहू ने बताया कि 9 फरवरी से कलश यात्रा प्रात: 11 बज से निज निवास से 10 फरवरी को श्री शिव महापुराण कथा, 11 फरवरी आदि शिवलिंग पूजन विधि, 12 फरवरी नारद मोह, 13 फरवरी संध्या देवी कथा, सती चरित्र, 14 फरवरी पार्वती जी प्रकाट्य महोत्सव, सहित 18 फरवरी तक शिवपुराण की कथा सुनाई जाएगी वहीं 19 फरवरी को विशाल भंडारा का आयोजन प्रात: 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक किया गया है।



## आवासहीनो को पट्टा दिलाने नगरपालिका अध्यक्ष सक्रिय

**अमरवाड़ा ।** नगरपालिका क्षेत्र के वार्ड नंबर 03,04 एवं 14 में आवासहीन परिवारो को भूमि का पट्टा दिलाने नगरपालिका अध्यक्ष प्रीति नितिन तिवारी ने कलेक्टर को पत्र सौंपकर मांग की थी। जिस पर प्रशासन ने कार्यवाही प्रारंभ कर आवासहीन परिवारों का सर्वे वार्ड 14 से प्रारंभ किया है। विगत दिवस वार्ड क्रमांक 4 में बैठक लेकर भाजपा नेता नितिन तिवारी,पूर्व पार्षद दुर्गा बंशकार, ने सर्वे में सहयोग करने समझाइश दी।

## जनविरोधी भाजपा सरकार का फूंका पुतला

### छात्र संगठन एन.एस.यू.आई किया विकास यात्रा का विरोध

**छिन्दवाड़ा ।** प्रदेश की भाजपा सरकार की जनविरोधी व युवा विरोधी नीतियों से समस्त छात्र-छात्रायें आहत है। रोजगार और व्यापार दोनों ही संकट में है, शिक्षित युवाओं के हाथों में रोजगार नहीं है और प्रदेश की ढोंगी भाजपा सरकार विकास यात्रा निकाल रही। महंगाई से सम्पूर्ण सामाजिक तानाबाना छिन्न भिन्न हो चुका है। बावजूद इसके हर वर्ग को गुमराह करने की मंशा से भाजपा विकास यात्रा का नया पैंतरा खेल रही है। प्रदेश के समस्त महाविद्यालयों और विद्यालयों में शैक्षणिक कार्य को पूर्ण करने वाले स्टॉफ की कमी है। पात्र छात्र-छात्राओं को समय पर छात्रवृत्ति प्राप्त नहीं हो रही यह सब कुछ भाजपा की जनविरोधी नीतियों का दुष्परिणाम है।आज छात्र संगठन एन.एस.यू.आई की एक संगठनात्मक महत्वपूर्ण बैठक स्थानीय राजीव कांग्रेस भवन में आयोजित की गई जिसमें छात्र संगठन से जुड़ी विभिन्न गतिविधियों पर विमर्श कर कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं से मार्गदर्शन प्राप्त किया गया। प्रदेश कांग्रेस उपाध्यक्ष गंगा प्रसाद तिवारी, जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष विश्वनाथ ओक्टे ने एनएसयूआई छात्र नेताओं को सम्बोधित किया।



आयोजित बैठक के उपरांत एनएसयूआई के छात्र नेता रैली के रूप में स्थानीय गांधी चौक पहुंचे और यहां प्रदेश की भाजपा सरकार का पुतला फूका। युवाओं ने प्रदेश सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी करते हुये जारी विकास यात्रा को आड़े हाथों लिया। आयोजित बैठक और पुतला दहन में एनएसयूआई जिलाध्यक्ष अजय सिंह ठाकुर, भूपेन्द्र पटेल, मोनू ठाकुर, आकाश मंडराह, परसराम ठाकुर, निहाल सक्सेना, गोविंद कहार, प्रकाश भावरकर, जिम्मी टाकभवरे, प्रशांत धुर्वे, सोहन यदुवंशी, भगत रघुवंशी, भगत राजपूत सहित सभी विधानसभा प्रभारी, विधानसभा अध्यक्ष, ब्लॉक अध्यक्ष, नगर एवं महाविद्यालय अध्यक्ष उपस्थित रहे।

## कन्यादान से बढ़ा कोई दान नहीं होता: सुजीत चौधरी

### सामूहिक विवाह- 200 जोड़ो ने थामा हाथ



**बिछुआ ।** मध्यप्रदेश की शिवराज सरकार की योजना मुख्यमंत्री कन्या विवाह के तहत जनपद पंचायत बिछुआ और नगर परिषद बिछुआ के द्वारा मंगलवार को ब्लाक कॉलोनी ग्राउंड बिछुआ में आयोजित सामूहिक विवाह सम्मेलन हुआ यहां 200 वर-वधू ने एक दूसरे का हाथ थामा। कार्यक्रम में भाजपा पूर्व जिलाध्यक्ष विधायक पं रमेश दुबे, जिला भाजपा उपाध्यक्ष प्रियवर सिंह ठाकुर, नपं अध्यक्ष रामचंद्र बोबड़े, नपं उपाध्यक्ष मंगलेश दुबे, जनपद पंचायत अध्यक्ष सतीश भलावी, जंप उपाध्यक्ष निरंकुश नागरे, मंडल अध्यक्ष गोलू नागरे समेत नाचते गाते बारात लेकर विवाह स्थल पहुंचे। जहां तहसीलदार दिनेश कुमार उइके, सीईओ ममता कुलस्ते समेत सभी जनपद सदस्य, पार्षदों एवं महिलाओं द्वारा उत्साह पूर्वक पुष्प वर्षा कर बारात की अगुवानी कर स्वागत किया। चौरई विधायक चौधरी सुजीत सिंह ने कहा कि जीवन में कन्या दान का बहुत महत्त्व होता है। शास्त्रों के अनुसार कन्या दान से बढ़कर कोई दान नहीं होता है। पूर्व विधायक पंडित रमेश दुबे ने कहा कि मुख्यमंत्री ने बेटियों के सम्मान के लिए लाड़ली लक्ष्मी योजना और मुख्यमंत्री कन्या विवाह तथा मुख्यमंत्री कन्या निकाह योजना प्रारंभ की। आज काफी खुशी का दिन है। जहां हम 200 जोड़ो के विवाह के साक्षी बनने आए हैं। 200 जोड़ो का विवाह मंत्रोचार के हिन्दू रीति-रिवाज से हुआ तो 1 मुस्लिम जोड़े का काजी साहब ने निकाह किया। सम्मेलन में वर वधू के रिश्तेदार ही नहीं नगर सहित ग्रामीण क्षेत्रों के लोग भी बढ़ी संख्या में शामिल हुए। वर्तमान और पूर्व विधायक समेत अन्य जनप्रतिनिधियों ने वर-वधू को शासन के उपहार भेंट किया। साथ ही उन्हें आशीर्वाद देकर सुखद दाम्पत्य जीवन की मंगलकामना की। इस अवसर पर विधायक सुजीत चौधरी, पूर्व विधायक पंडित रमेश दुबे, तहसीलदार दिनेश कुमार उइके, सीईओ ममता कुलस्ते, जिला भाजपा उपाध्यक्ष प्रियवर सिंह ठाकुर, नपं अध्यक्ष रामचंद्र बोबड़े, नपं उपाध्यक्ष मंगलेश दुबे, जनपद पंचायत अध्यक्ष सतीश भलावी, जंप उपाध्यक्ष निरंकुश नागरे, मंडल अध्यक्ष गोलू नागरे, जनपद सदस्य श्रीमती कल्पना धनेन्द्र वर्मा, पाला सरेयाम, व नगर परिषद के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

## विकास यात्रा के दौरान 262 योजनाओं लाभ वितरण

**छिंदवाड़ा ।** विकास यात्रा के प्रथम पाली में यात्रा सिंचाई कॉलोनी से प्रारंभ होकर मते कॉलोनी,शिव नगर कॉलोनी से पुलिस लाइन होते हुए सागर पेशा क्षेत्र पहुंची एवं पुलिस लाइन पानी टंकी चौक में सभा का आयोजन किया गया एवं हितलाभ वितरण के साथ प्रथम पाली का समापन हुआ। विकास यात्रा के द्वितीय चरण में यात्रा सिग्नेचर कॉलोनी क्षेत्र से प्रारंभ होकर कृष्ण पुरम, श्रीवास्तव कॉलोनी होते हुए कॉलेज रोड, भगवान श्री चंद स्कूल,नूरी मस्जिद कॉलेज रोड होते हुए ,गोंडी मोहल्ला से लाल बाग़ पहुंची यहीं यात्रा के समापन पर सभा का आयोजन हुआ एवं हितग्राहियों को हितलाभ का वितरण किया गया।यात्रा के दौरान निम्नानुसार हितग्राही मूलक योजनाओं के लाभ वितरित किए गए, विभिन्न पेंशन योजना अंतर्गत -02,भवन अन्य संनिर्माण कर्मकार योजना अंतर्गत-11, संबल योजना अंतर्गत-53, आयुष्मान कार्ड वितरण-164, राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन अंतर्गत-01, प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) गृह प्रवेश 31 इस प्रकार विकास यात्रा के दौरान कुल 262 हितग्राहियों को लाभ का वितरण किया गया।



## श्री दादा सांई बोरवेल बीटीसीए ने फाइनल में किया प्रवेश

**छिंदवाड़ा ।** इंडियन ऑयल टी-20 प्रीमियम लीग प्रतियोगिता में पहले ग्रुप के प्रथम सेमी फाइनल मुकाबला श्री दादा सांई बोरवेल विरूद्ध सिवनी बाइज के मध्य खेला गया जिसके मुख्य अतिथि सन्तोष तिवारी, नितिन ठाकुर रहे । समिति के उपाध्यक्ष एवं खेल मित्र नितिन खंडेलवाल ने उक्ताशय की जानकारी देते हुए बताया कि प्रतियोगिता के संरक्षक एवं भाजपा जिलाध्यक्ष विवेक बंटी साहू, प्रतियोगिता सचिव संदीप मालवीय, अध्यक्ष प्रवीण चौधरी द्वारा मैच किया जा रहा है । श्री दादा सांई बोरवेल बीटीसीए ने टास जीतकर पहले क्षेत्ररक्षण का फैसला लिया । सिवनी बाइज ने पहले बल्लेबाजी करते हुए कनिष्क दुबे 17 गेंद में 24 रन, संदीप मित्तल 13 गेंद में 27 रन बनाते हुए सिवनी बाइज ने 10 विकेट खोकर 120 रन बनाये और 121 रन का लक्ष्य दिया । बीटीसीए नागपुर की टीम ने कसी हुई गेंदबाजी करते हुए अगम सिंग 4 ओवर 15 रन देकर 4 विकेट, क्षितिज 4 और 28 रन देकर 2 विकेट, जियाउल हक 3 ओवर 18 रन देकर 2 विकेट लेकर शानदार क्षेत्र रक्षण करते हुए 120 रन पर समेट दिया । श्री दादा सांई बोरवेल बीटीसीए नागपुर की ओर से बल्लेबाजी करते हुए सिद्धेश वाट 37 बॉल में 71 रन, शन्तनु राजपूत ने 7 बॉल में 15 रन बनाते हुए 13.1 ओवर में 3 विकेट खाकर आसानी से 126 बनाकर शानदार 7 विकेट से जीत हासिल की । सिवनी बाइज की ओर से गेंदबाजी करते हुए त्रिशाल त्रिवेदी 4 ओवर 21 रन देकर 2 विकेट , अश्विन जथ 2 ओवर में 21 रन देकर 1 विकेट लिये । मैन ऑफ द मैच सिद्धेश वाट को चुना गया जिन्हें संतोष तिवारी जी द्वारा 2100 रुपये नगद राशि देकर पुरस्कृत किया गया ।

## सांसद ने याद दिलाई हवाई पट्टी के सर्वे की राशि नहीं आई

### सांसद नकुलनाथ ने मुख्यमंत्री को लिखा पत्र





**छिन्दवाड़ा ।** जिले के सजग सांसद नकुलनाथ ने प्रदेश के मुख्यमंत्री को अपने महत्वपूर्ण पत्र के माध्यम से यह अवगत कराया है कि वर्ष 2021-22 में छिन्दवाड़ा में नवीन हवाई पट्टी के सर्वे हेतु 6.72 करोड़ की राशि का प्रावधान किया गया था, किन्तु उक्त संदर्भ में कोई कार्यवाही नहीं की गई। मुख्यमंत्री से यह अपेक्षा कि है कि वे इस बजट सत्र में हवाई पट्टी हेतु बजट आवंटित करेंगे। सांसद नकुलनाथ की ओर से मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान को प्रेषित पत्र में लिखा कि छिन्दवाड़ा में नवीन हवाई पट्टी के सर्वे हेतु मप्र शासन के बजट सत्र 2021-22 में 6.72 करोड़ की राशि प्रकाशित हुई थी एवं मुख्य अभियंता लोक निर्माण विभाग जबलपुर द्वारा पत्र क्रमांक- 5319, दिनांक 14.09.2021 द्वारा प्रमुख अभियंता लोक निर्माण विभाग भोपाल से हवाई पट्टी के विस्तृत सर्वे के लिये मार्गदर्शन चाहा गया, जो प्राप्त न होने से सर्वे की कार्यवाही लंबित बनी हुई है। प्रमुख अभियंता लोक निर्माण विभाग द्वारा विमानन विभाग से हवाई पट्टी सर्वे के सम्बंध में दिशा निर्देश प्राप्त कर सर्वे हेतु प्रशासकीय स्वीकृति जारी की जानी थीं, जिसके उपरांत विभाग द्वारा सर्वे की निविदा आमंत्रित कर सर्वे कार्य के आधार पर हवाई पट्टी निर्माण हेतु प्राक्कलन तैयार कर शासन को बजट प्रावधान हेतु प्रस्तुत किया जाता किन्तु लोक निर्माण विभाग एवं विमानन विभाग से मार्गदर्शन प्राप्त नहीं हुआ जिसके चलते सर्वे हेतु निविदा भी आमंत्रित नहीं की जा सकी। श्री नाथ ने अपने पत्र में आगे लिखा कि बीते बजट सत्र 2021-22 में 6.72 करोड़ की राशि प्रकाशित हुई थी, किन्तु वह राशि अभी तक अप्राप्त है। एक वर्ष बाद पुन: मप्र का बजट प्रस्तुत किया जा रहा है। सांसद नकुलनाथ ने पत्र के अंत में अनुरोध पूर्वक लिखा कि छिन्दवाड़ा की नवीन हवाई पट्टी के सर्वे हेतु राशि का उल्लेख बजट सत्र में अवश्य किया जावे।

## विकास में बाधा फिर किस बात की विकास यात्रा: ओक्टे

**छिन्दवाड़ा ।** मप्र के सम्पूर्ण जिले और छिन्दवाड़ा जिले के हर गांव व कस्बों से लेकर मंजरे टोलों तक विकास में बाधा बन चुकी भाजपा को जनता ने सिरे से नकार दिया है। निर्लज्जता की सारी हदें पार कर चुकी भाजपा और उसके नेता स्वयं के बूते पर अब जनता के बीच किस मुंह से जायें। विगत 18 वर्षों से मंच से ड्रामेबाजी करते आ रहे प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान और उसके नेताओं ने टेलीविजन के सहारे सरकार चलाई है, क्योंकि शिवराज सिंह चौहान और उसके नेताओं के पास विजन तो है ही नहीं। अब विकास कार्यों के नाम पर बताने के लिये कुछ भी नहीं है। अभी तक जनता को भ्रमित करते आये हैं और वर्तमान में भी उसी परिपाठी पर चल रहे भाजपा के नेताओं ने स्वयं के साथ ही अपनी पार्टी की लाज बचाने के लिये प्रशासनिक अमले का उपयोग किया है, किन्तु प्रदेश और जिले की जागरूक जनता यह बात जानती, बूझती और अच्छी तरह से समझती भी है कि भाजपा गुमराह कर, फूट डालकर राज करने में माहिर है, परन्तु अब वक्त बदल चुका है जनता अब प्रश्न कर उसका उत्तर भी मांगती है। जनता के तीखें सवालों से बचने के लिये भाजपा के षड्यंत्रकारी प्रशासन की आड़ में विकास यात्रा निकाल रहे हैं। हजारों शिकायतों का निराकरण नहीं होना, शासकीय दफ्तरों में आमजन की सुनवाई नहीं होना और हर काम पर रिश्वत देने के लिये मजबूर होने वाली जनता के बीच जाने कौन सा विकास का ढिंढोरा पीटने जा रहे हैं। जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष विश्वनाथ ओक्टे ने अपनी जारी प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से कहा कि भाजपा ने विकास के नाम पर जिले और प्रदेश को केवल बढ़ता हुआ अपराध, भ्रष्टाचार, बेरोजगारी और महंगाई दी है। आदिवासियों, माताओं, बहनों पर बढ़ते अत्याचार और न्याय के लिये दर-दर भटकती जनता को पुन: गुमराह करने के लिये भाजपा ने झूठी विकास यात्रा का सहारा लिया है और इसके लिये उन्होंने सम्पूर्ण प्रशासनिक अमले का भाजपाकरण कर दिया है। शासन की संचालित योजनाओं पर भी पूर्ण रूप से अमल नहीं हो पाया फिर किस मुंह से यात्रा निकाली जा रही है? देश में मप्र महिला उत्पीडऩ में नम्बर वन है, नवजात शिशुओं में कुपोषण में मप्र नम्बर एक पर है। प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान की कारगुजारियों से प्रदेश की छवि धुमील हो चुकी है। जनता के बीच भारतीय जनता पार्टी और उसके नेताओं की गिरती साख को बचाने की कोशिश जारी है। आगामी चुनाव में हार का भय भी सताने लगा है, भाजपा के नेताओं के द्वारा शहर से लेकर गांव तक फैलाये गये।



## सतपाल महाराज जी के छिंदवाड़ा आगमन पर किया स्वागत

**छिंदवाड़ा ।** संत रविदास जयंती के अवसर पर परासिया खिरसाडोह में 7, 8 एवं 9 फरवरी को होने जा रहे तीन दिवसीय कार्यक्रम में चंडीगढ़ (पंजाब) से पधारे मुख्य अतिथि सतपाल महाराज जी का मंगलवार 7 फरवरी को जिला रविदास समिति छिंदवाड़ा जिलाध्यक्ष अरूण कुमार चैकसे, कामता प्रसाद अहरवार, हरदयाल अहरवार, होरीलाल मोहबे, श्याम डोले, दिनेश लोंगरे, योगेश चैकसे, शिवम पहाड़े, गोविन्द अहिरवार, रामकुमार मानेकर, विक्रांत अहिरवार, मदन बडखाने, शीलाराम अहरवार, हरीश बघेल ने स्वागत किया और इस रविदास जयंती कार्यक्रम में सभी सामाजिक बंधुओं से शामिल होकर पुण्य लाभ लेने की अपील की ।

### आयोजन समिति को भेंट की सहयोग राशि

**अमरवाड़ा।** ग्राम सेजा में विगत 8 दिनों से चल रही शिव महापुराण कथा पर कॉन्ग्रेस के वरिष्ठ और युवा कार्यकर्ताओं ने पहुंचकर पंडित राम शरण शास्त्री महाराज से आशीर्वाद प्राप्त किया। इस अवसर पर सभी

भ्रष्टाचार और गबन घोटालों के साथ ही पार्टी और नेताओं के कुकर्मों को भरने के लिये विकास यात्रा निकाली जा रही है, अस्तित्व खो चुकी और



## पौधा रोपण

मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने वाटर विजन पार्क (स्मार्ट पार्क) भोपाल में आज प्रेस काउंसिल के सदस्यों के साथ पौधरोपण किया इनमें प्रोफेसर जे एस राजपूत, यूनेस्को में प्रतिनिधि और एनसीईआरटी के पूर्व डायरेक्टर के अलावा काउंसिल के सदस्य प्रकाश दुबे, डॉ सुमन गुप्ता, श्याम सिंह पवार और माखनलाल चतुर्वेदी पत्रकारिता विश्वविद्यालय भोपाल के कुलपति केजी सुरेश शामिल हुए।



पत्रकारिता के लिए योग्यता के निर्धारित मानकों से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर विचार विमर्श के लिए भारतीय प्रेस परिषद की उप समिति की दो दिवसीय बैठक आज से भोपाल में शुरू हुई।

## अस्थि रोग विशेषज्ञ 15 हज़ार की रिश्वत लेते गिरफ्तार

**कटनी।** जिला चिकित्सालय कटनी में पदस्थ अस्थि रोग विशेषज्ञ डॉ पी डी सोनी को जबलपुर लोकायुक्त टीम ने आज ?15 हज़ार की रिश्वत लेते रंगे हाथ पकड़ा हैं। जानकारी के मुताबिक डॉ सोनी को लोकायुक्त जबलपुर ने रिश्वत लेते शांतिनगर स्थित स्क्क्क्के रेस्ट हाउस में गिरफ्तार किया है। लोकायुक्त के अनुसार फरियादी शंकर लाल कुशवाहा रीठी निवासी अपना विकलांग प्रमाण पत्र बनवाने के लिए आये थे जिसके एवज में डॉ पी डी सोनी ने 40 हजार की रिश्वत मांगी आज पहली किश्त 15 हजार लेते रंगे हाथ पकड़े गए। डॉक्टर सोनी के खिलाफ भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत प्रकरण दर्ज किया गया है।

## पर्यावरण वानकी वन मंडल के दैनिक वेतन श्रमिकों को पांच माह से नहीं मिला वेतन

**भोपाल।** पर्यावरण वानकी वन मंडल भोपाल के दैनिक वेतन श्रमिकों को पिछले पांच माह से वेतन भुगतान अधिकारियों की लापरवाही के कारण नहीं मिल पाया जिस कारण दैनिक वेतन श्रमिकों के समक्ष भूखों मरने की नौबत आ गई है आज मध्यप्रदेश कर्मचारी मंच ने विभाग प्रमुख को पत्र सौंपकर मांग करी है कि पर्यावरण वानकी वन मंडल भोपाल के सैकड़ों दैनिक वेतन श्रमिकों एवं स्थाई कर्मियों को तीन दिवस के अंदर वेतन भुगतान किया जाए। मध्यप्रदेश कर्मचारी मंच के प्रांत अध्यक्ष अशोक पांडे ने जारी प्रेस विज्ञप्ति में बताया है कि जब से पर्यावरण वानकी बन मंडल भोपाल का गठन किया गया है तब से ही कर्मचारियों को समय पर वेतन भुगतान नहीं किया जा रहा है अभी भी संचालक कोष एवं लेखा ने पर्यावरण वानकी वन मंडल भोपाल के डीडीओ कोड को संचालित नहीं करा है जिस कारण बजट होने के बावजूद भी स्थाई कर्मियों एवं दैनिक वेतन श्रमिकों को वेतन नहीं मिल पा रहा है इससे पूर्व भी पर्यावरण वानकी बन मंडल के स्थाई कर्मियों को कर्मचारी मंच के पहल पर पर्यावरण वानकी वन मंडल के स्थान पर सामान बन मंडल भोपाल से 2 माह का वेतन भुगतान किया गया था कर्मचारी मंच ने निर्णय लिया है कि स्थाई कर्मियों एवं दैनिक वेतन श्रमिकों को तीन दिवस के अंदर वेतन भुगतान नहीं किया गया तो कर्मचारी मंच कर्मचारियों के साथ पर्यावरण वानकी वन मंडल भोपाल मुख्यालय के समक्ष धरना देगा।

## शादी की बुकिंग के 5.30 लाख लेकर गार्डन संचालक फरार

**इंदौर।** शहर में शादियों के सीजन के दौरान पहले से गार्डन बुक करना एक परिवार को भारी पड़ गया। एरोड्रम थाना क्षेत्र में बहन की शादी के लिए युवक ने 5.30 लाख रुपये देकर गार्डन बुक किया। लेकिन जब वह गार्डन में व्यवस्था को लेकर बात करने पहुंचे तो पता चला कि संचालक फरार है।

# हवा ने रुख बदला, मप्र में पारे में हल्की गिरावट



**भोपाल।** मध्यप्रदेश में कड़ाके की ठंड का अब दौर नहीं आएगा। मौसम वैज्ञानिकों ने संकेत दिए हैं कि फरवरी में दिन-रात का पारा बढ़ने लगेगा। इससे हल्की सर्दी ही रहेगा। यानी, सर्दी अब अपने आखिरी पड़ाव पर है। हालांकि, हवाओं का रुख बदलने के लिए पारे में हल्की गिरावट दर्ज की गई है। बुधवार को पारे में बढ़ोतरी होने लगेगी।

मौसम वैज्ञानिक एचएस पांडे ने बताया कि अब पारे में बढ़ोतरी का ट्रेंड रहेगा। मंगलवार को हवाओं का रुख उत्तर-पश्चिमी रहा था। इस कारण जरूर दिन का तापमान चार से पांच डिग्री तक लुढ़क गया, लेकिन बुधवार को तापमान गिरा है। कल तापमान में बढ़ोतरी होगी। दक्षिण-पूर्वी हवा चलने का असर मौसम पर साफ तौर पर देखने को मिलेगा।

### दो दिन पारे में बढ़ोतरी, फिर थोड़ी गिरावट

मौसम विभाग के अनुसार, दो दिन के बाद पारा और बढ़ेगा। 15 फरवरी के आसपास ट्रेम्प्रेचर में थोड़ी गिरावट होगी। इसके बाद फिर से बढ़ोतरी होगी। दिन में चुभन वाली धूप रहेगी। वहीं, रात में हल्की सर्दी का असर रहेगा।

**भोपाल में 4 डिग्री लुढ़क गया दिन का पारा–** मंगलवार की बात करें तो दिन के तापमान में थोड़ी गिरावट हुई है। इसकी वजह हवाओं का रुख बदलना रहा था। नौगांव, सागर, जबलपुर, खजुराहो, भोपाल, धार, गुना, ग्वालियर, इंदौर, खंडवा, राजगढ़ में पारे में गिरावट हुई। भोपाल में 4 डिग्री तक पारा लुढ़क गया। रात में तापमान 10 डिग्री से ज्यादा ही है।

### इसलिए वजह से मौसम हो रहा चेंज

मौसम विशेषज्ञों के अनुसार, फरवरी के आखिरी हफ्ते से मप्र में गर्मी दस्तक दे सकती है। मार्च के आखिरी हफ्ते से लू चलने के हालात बन जाएंगे। आमतौर पर मप्र में तेज गर्मी 15 मार्च से शुरू होती है जो 10 जून तक चलती है। इसके बाद प्री-मानसून गतिविधियां शुरू होती हैं। मार्च में सूर्य भूमध्य रेखा के करीब पहुंच जाता है, इससे दक्षिण भारत तपने लगता है। अप्रैल में सूर्य की स्थिति बदलने के बाद ही मप्र के दक्षिणी हिस्सों से तेज गर्मी की शुरुआत होती है, जो मई मध्य तक पूरे प्रदेश को कवर कर लेती है। जून के दूसरे पखवाड़े में सूर्य की स्थिति बदलने पर मौसम भी बदलने लगता है, लेकिन इस बार गर्मी का दौर लंबा चलने के संकेत हैं।

# बाबा रामदेव के खिलाफ कानूनी कार्यवाही की मांग

**भोपाल।** मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी अल्पसंख्यक विभाग ने राज्यपाल को राष्ट्रपति के नाम बाबा रामदेव के विरोध में ज्ञापन दिया। ज्ञापन में एडव्होकेट वसीम कुरैशी, एडव्होकेट आरिफ खान, अब्दुल राशिद खान, राजेश सिल्वराज, वकील खान, मकबूल दयावान, फरीद खान, मोहम्मद इदरीश खान, नसीम खान, मुस्तफा खान, अशरफ खान, पत्रकार जमशेद आलम, मोहसिन खान, ओवैस खान, मोनिस खान, वकील खान उपस्थित थे।




मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी, अल्पसंख्यक विभाग के प्रदेश अध्यक्ष शेख अलीम ने बताया कि बाबा रामदेव ने इस्लाम मजहब और ईसाई धर्म के खिलाफ नफरत फैलाने वाला बयान दिया हैं। जिसमें वह इस्लाम धर्म में आतंकवाद बनाए जाने हिंदू बहन बेटियों को अगवा करने जैसे आरोप मुसलमानों पर लगा रहे हैं, साथ ही ईसाई धर्म के धार्मिक स्थल चर्च में इस तरह के पाप करने वाले अपराधी ही जाते हैं और मोमबत्ती लगाकर अपने किए हुए अपराधों की माफी मांगते हैं, जिससे गुनाह माफ हो जाते है। इस तरह के विवादित बयान देकर ईसाई धर्म को भी अपमानित करने का कृत्य करते हैं। बाबा रामदेव के इस तरह के बयान देश के दो समूहों के खिलाफ घृणा फैलाकर देश में एकता और अखंडता के बीच जहर घोलने और नफरत फैलाने वाला एक गैर जमानती अपराध है। बाबा रामदेव के इस बयान से करोड़ों मुसलमानों और ईसाइयों की धार्मिक भावना को गहरी ठेस पहुंची है।

शेख अलीम ने कहा कि, ऐसी नफरते फेलाने का नतीजा ही है कि, अल्पसख्यंक वर्ग देश में न कमा पा रहा है ना अपने परिवार का पालन पौषण कर पा रहा है। शौक्षणिक संस्थान में नौकरी कर रहे एक वर्ग विषेष (मुस्लिम समुदाय) के शिक्षकों और अन्य कर्मचारियों के विरूद्ध छात्रों का इस्तेमाल कर झूठे अरोपों के अधार पर विपरीत माहौल बनाकर इस्तीफा देने हेतु दबाव बनाया जा रहा है और झूठी कार्यवाही की जा रही है। जिस पर पुलिस प्रशासन के द्वारा भी निष्पक्ष जांच न कर असत्य प्रकरण पंजीबद्ध कर झूठी कार्यवाही की जा रही है जो पूर्ण रूप से अवैधानिक एवं कानून के विरूद्ध होकर, भारतीय संविधान में दिये मौलिक अधिकारो के विरूद्ध है।

शेख अलीम ने बताया कि कांग्रेस अल्पसंख्यक विभाग ने राज्यपाल महोदय को महामहिम राष्ट्रपति के नाम संबोधित ज्ञापन देकर मांग की है कि मुस्लिम समुदाय और ईसाई धर्म की आस्था का सम्मान करते हुए देश में आपसी भाईचारे को कायम रखने के लिए बाबा रामदेव के खिलाफ कानूनी कार्यवाही की जाए ताकि, धर्म पर गलत बयानबाजी करने वालों पर अंकुश लग सके।

# महाशिवरात्रि पर महाकाल के पट खुलते ही सुबह 4 बजे से ही दर्शन शुरू होंगे

**उज्जैन।** कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम एवं पुलिस अधीक्षक सत्येन्द्र कुमार शुक्ल ने त्रिवेणी संग्रहालय स्थित सभाकक्ष में बैठक लेकर महाशिवरात्रि की व्यवस्थाओं को अन्तिम रूप दिया। कलेक्टर ने इस बार 18 फरवरी को पट खुलते ही सुबह 4 बजे से दर्शन प्रारम्भ करने के निर्देश दिये हैं। बैठक में कलेक्टर ने महाकालेश्वर प्रशासक को कहा है कि दर्शनार्थी के लाइन में लगने के बाद दर्शन करने तक की प्रक्रिया को यथासंभव सुखद बनाया जाये। उन्होंने कहा कि अधिकारी-कर्मचारी विनम्र व्यवहार करते हुए दर्शनार्थियों को सुखद एहसास करायें। कलेक्टर ने इसके लिये पार्किंग, मेटिंग बिछाने, पेयजल एवं अन्य आवश्यक सुविधाएं बढ़ाने के निर्देश दिये हैं। बैठक में एएसपी अभिषेक आनन्द, एडीएम संतोष टैगोर, श्री महाकालेश्वर मन्दिर समिति प्रशासक संदीप सोनी, एसडीएम कल्याणी पाण्डेय, लोक निर्माण विभाग के कार्यपालन यंत्री गणेश पटेल, अपर आयुक्त नगर निगम आदित्य नागर एवं अन्य विभागों के अधिकारी मौजूद थे।





बैठक में कलेक्टर ने पार्किंग व्यवस्था पर पर्याप्त ध्यान देते हुए मन्नत गार्डन, कर्कराज, भील समाज धर्मशाला की पार्किंग के साथ-साथ कलोता धर्मशाला के स्थान को भी पार्किंग के लिये लेने को कहा है। जूता स्टेण्ड पर जूता उतारने के बाद श्रद्धालुओं को अलग-अलग कलर के टोकन दिये जायेंगे, जिससे उनको वापसी में जूता स्टेण्ड को खोजने में समस्या न हो। बैठक में श्रद्धालुओं के प्रवेश तथा निर्गम व्यवस्था, श्रद्धालुओं की दर्शन व्यवस्था हेतु बेरिकेट लगाने, एलईडी एवं सीसीटीवी लगाने, पीए सिस्टम व खोयापाया केन्द्र स्थापित करने व मन्दिर कंट्रोल रूम के सम्बन्ध में चर्चा कर व्यवस्थाओं को अन्तिम रूप दिया गया।

बैठक में बताया गया कि बड़ा गणेश के पास एक ही स्थान पर लाइन से 12 लड्डू काउंटर लगाये जायेंगे, जिससे दर्शन कर वापस जाने वाले श्रद्धालुओं को प्रसादी लेने में परेशानी न आये। कलेक्टर ने बैठक में स्वास्थ्य विभाग को अस्थायी रूप से चिकित्सा केन्द्र स्थापित कर प्राथमिक उपचार उपलब्ध कराने के लिये निर्देशित किया है। कलेक्टर ने साथ ही बेरिकेटिंग एरिया, पार्किंग एरिया एवं आने-जाने के मार्गों पर फ्लेक्स के दिशा सूचक बोर्ड लगाने के लिये कहा है। कलेक्टर ने बेरिकेटिंग एरिया के साथ स्थान-स्थान पर पेयजल व्यवस्था करने के लिये कहा है।

शिव ज्योति अर्पण कार्यक्रम 18 फरवरी महाशिवरात्रि पर्व पर आयोजित किया जायेगा। महाशिवरात्रि के अवसर पर मोक्ष दायिनी मां शिप्रा के तट पर 21 लाख दीप जलाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। उल्लेखनीय है कि अयोध्या दीपोत्सव-2022 में 15 लाख 76 हजार दीप प्रज्वलित कर वहां रिकार्ड बनाया गया है। कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम ने बताया कि दीप प्रज्वलन की प्रक्रिया में कुछ स्थानों पर दीप प्रज्वलित नहीं हो पाते हैं तो भी गिनीज वर्ल्ड रिकार्ड स्थापित किया जा सके।

# पुलिस मुख्यालय के पास पाइप लाइन लीकेज, हजारों लीटर बह रहा है पानी

**भोपाल।** राजधानी के पुलिस मुख्यालय के पास और चूना भट्टी में पाइप लाइन लीकेज हो गया हैं जिससे प्रतिदिन हजारों लीटर पानी सड़क पर बह रहा है। नगर निकम के अधिकारी कर्मचारी इस और ध्यान नहीं दे रहे हैं। जहां शहर में कई क्षेत्र ऐसे हैं जिसमें आज भी पानी की सप्लाई नहीं हो रही है। जहां पर गड्ढा खोदकर पानी पीने को मजबूर है। वहीं दूसरी ओर शहर में प्रति दिन हजारों लीटर पीने का पानी निगम की लापरवाही से सड़कों पर बह रहा है। निगम का जल कार्य विभाग के कर्मचारी देख कर भी अनजान बने हुए हैं। शहर के दो स्थानों पर जिसमें से एक तो पुलिस मुख्यालय के पास ऑफिसर्स मेस के सामने काफी समय से बह रहा है। यहां से प्रतिदिन पुलिसब्के अधिकारी के साथ ही अन्य विशिष्ठ लोगों का निकलना लगा रहता है। वहीं दूसरा लीकेज राम मंदिर तिराहा चूना भट्टी पर लीकेज से पानी बह रहा है। यह लीकेज 3 बार बंद किया जा चुका है लेकिन कार्य में लापरवाही के चलते लीकेज का सुधार ठीक तरह से नहीं किया जाता जिस्सीक या दो महीने में दोबारा से लीकेज होकर सड़कों पर पानी बहने लगता है। यह सब नगर निगम के जल कार्य विभाग के कर्मचारियों और प्रभारी की लापरवाही का नतीजा है। इससे जहां जनता को कम दबाव से पानी मिल रहा है।



### लीकेज से सड़के गड्ढों में तब्दील

नगर निगम के जलकर विभाग की लापरवाही का खमियाजा शहर के दो पहिया वाहन चालकों को भुगतना पड़ रही है। इन लीकेजों से सड़कें गड्ढों में तब्दील हो गई है। इन गड्ढों में पानी भरे रहने से वहां चालक को गड्ढे की गहराई का पता नहीं चलता है जिससे दो पहिया वाहन चालक गिर कर घायल हो रहे हैं।

### होता है हजारों रुपए का खर्चा

इन लीकेज सुधार और सड़कों की मरम्मत पर नगर निगम का हजारों रुपए खर्च होते है। वहीं आम जनता को भी इस कार्य के दौरान परेशानियों का सामना करना पड़ता है। पर निगम के अधिकारी आंख बंद कर लापरवाह बने हुए हैं। क्या ऐसे निगम के लापरवाह अधिकारियों कर्मचारियों पर प्रशासन कार्यवाही करेगा या फिर इसी तरह की निगम का लाखों रुपए कि नुकसान होता रहेगा।

# सरपंच सचिव संगठन द्वारा तालाबंदी और 52 जिलों में रैली शुरू

## सरपंच और सचिवों, सहायक सचिवों को अधिकारों से वंचित रखने का आरोप

**भोपाल।** म.प्र. के 23000 पंचायतों के सरपंच अपनी मांगों को लेकर पंचायतों पर तालाबंदी कर विकास यात्रा का बहिष्कार कर रहे है. तो दूसरी और पंचायत सचिव, सहायक सचिव भी अपने मुखिया के आदोलन पर जाते देख कहाँ चुप बैठने वाले है। सरपंच, सचिव, सहायक सचिव की तिकड़ी सरकार से अपना हक लेने के लिए अब आर-पार के मुड में आ गई है। सरपंच सचिव, सहायक सचिव संगठन ने आज से 22 फरवरी तक 52 जिला मुख्यालय पर अलग-अलग तारिखों में जिला स्तर पर धरना, रैली ज्ञापन प्रदर्शन का एलान कर दिया है।



आज से शुरू ही प्रदेश स्तरीय रेली के बारे में मप्र राष्ट्रीय सरपंच संघ के प्रदेशाध्यक्ष निर्भय सिंह यादव और पंचायत सचिव संगठन के प्रदेशा अध्यक्ष दिनेश शर्मा ने बताया कि सरपंचों की 11 सूत्रीय मांगे एवं पंचायत सचिवों की विभाग में संविलियन, छठे वेतनमान की गणना नियुक्ति दिनांक व वाँ वेतनमान, अनुकम्पा का सरलीकरण सहायक सचिवों का जिला संवर्ग में संविलियन कर एक निश्चित वेतनमान पर नियमितिकरण जैसी मांगों को सरकार को पूरा करना ही होगा।

प्रदेश की सरकार पर यह कलक ही कहा जायेगा कि पंचायत सचिवों को 4 माह से वेतन नहीं मिला है और ऊपर से गांव के प्रधान सरपंचों और पंचायत सचिवों को आंदोलन पर धकेला जा रहा है। दोनों संगठनों के अध्यक्षों ने बताया कि 8 फरवरी से 21 फरवरी तक प्रदेश के 52 जिलों में रैली, धरना, ज्ञापन प्रदर्शन को लेकर 9 चरण बनाये गये। सबसे पहले नीमच भोपाल, हरदा सिवनी सिंगरौली से शुरू होकर 9 चरणों में प्रत्येक संभाग के 1-1 जिले में अर्थात 8 से 10 जिले प्रतिदिन एक दिवसीय धरना प्रदर्शन, आंदोलन, रैली ज्ञापन में भाग लेंगे। रैली के दिवस पर पंचायत सचिव / सहायक सचिव समूहिक अवकाश पर रहेंगे। श्री यादव और शर्मा ने सरकार से मांग की है कि सरकार सरपंच और सचिवों के आंदोलन को हल्के में ना ले, पंचायत राज व्यवस्था चौपट हो चुकी है। सरकार ने संज्ञान नहीं लिया तो विकास यात्रा तो अर्थविहिन हो जायेगी वहीं विकास के नाम पर पंचायत सचिवों और सरपंचों को व सहायक सचिवों को उनकी मांगों को नजर अंदाज करने वालों को किसी भी कीमत में माफ नहीं किया जायेगा।